आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 195 | उज्जैन, गुरुवार 30 जुलाई, 2026 | श्रावण कृष्ण 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अडानी एंटरप्राइजेज को 1,160 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने आज जून तिमाही का रिजल्ट घोषित किया। कंपनी को अप्रैल-जून तिमाही में 1,160 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। पिछले साल की इसी तिमाही में कंपनी को 885 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। इस दौरान ऑपरेशन से होने वाला रेवेन्यू सालाना आधार पर 50% बढ़कर 32,924 करोड़ रुपये हो गया। ओएफसीए के साथ सेटलमेंट की रकम चुकाने की वजह से कंपनी को 2,644 करोड़ रुपये का असाधारण नुकसान हुआ। इसे छोड़ दिया जाए तो कंपनी ने 1,295 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च सालाना आधार पर 54% बढ़कर 20,970 करोड़ रुपये से 32,252 करोड़ रुपये हो गया।

### शिरडी साईं मंदिर में भक्त ने 1 करोड़ रुपये का सोने का मुकुट किया दान

**अहमदनगर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित प्रसिद्ध शिर्डी साईं बाबा मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला। आंध्र प्रदेश के नेल्लोर (वेल्लोर) निवासी साईं भक्त मल्लादी श्रीनिवास राव ने गुरु-दक्षिणा के रूप में साईं बाबा के चरणों में 1.03 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोने का मुकुट अर्पित किया है। गुरु पूर्णिमा उत्सव के पहले दिन भेंट किया गया यह कीमती मुकुट मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। मंदिर प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, भक्त द्वारा दान किए गए इस मुकुट का कुल वजन 642 ग्राम है। मुकुट की नक्काशी और कारीगरी बेहद भव्य है।

### शेयर मार्केट में तेजी, सेंसेक्स 889 अंक, निफ्टी 265 अंक उछला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में 29 जुलाई को बढ़त रही. सेंसेक्स 889 अंक की उछाल के साथ 77,655 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 265 अंक की बढ़त रही, ये 24,250 पर बंद हुआ। आईटी, मेटल, फार्मा और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही। इंफोसिस, टीसीएस और एचसीएल टेक जैसी कंपनियों के शेयर अच्छे चढ़े। ग्लोबल आईटी सेक्टर की बिकवाली से निवेशक भारतीय आईटी कंपनियों की तरफ आए। विदेशी निवेशकों की वापसी- कल विदेशी निवेशकों ने 755 करोड़ के शेयर खरीदे, जो पिछले दिनों की बिकवाली के बाद राहत की खबर है। अच्छे नतीजे- वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में ज्यादातर कंपनियों के नतीजे बेहतर रहे हैं, जिससे निवेशकों का कॉन्फिडेंस बढ़ा।

### कंगना रनोट को उनकी पार्टी भी सीरियसली नहीं लेती



**मुंबई।** लगातार स्टूडेंट प्रोटेस्ट की आलोचना कर रहीं एक्ट्रेस और सासंद कंगना रनोट कॉकरोच जनता पार्टी के प्रवक्ता सौरव दास के बयान पर भड़क गईं। दरअसल, कंगना के प्रोटेस्ट विरोधी बयानों पर सौरव ने कहा कि उन्हें उनकी पार्टी तक सीरियसली नहीं लेती है, तो बाकी लोगों को भी नहीं लेना चाहिए। सौरव के बयान पर कंगना भड़क गईं और जवाब में उन्हें बेरोजगार और बेकार कहा। कंगना रनोट के विरोधी बयानों पर बात करते हुए सौरव ने एएनआई से कहा, ह्यदेखिए, कंगना रनोट जी को उनकी पार्टी वाले ही उन्हें नहीं पूछते, ज्यादा सीरियसली नहीं लेते, तो हम क्यों लें। मुझे नहीं लगता कि जेन जी में या जेन अल्फा में या कोई यंगर जनरेशन में उन्हें कोई सीरियसली नहीं लेता। आगे सौरव ने कहा, वो पॉलिटिशियन हैं, नेता भी बन गई हैं। उनके तो कुछ वीडियो भी हैं, जब वो मंडी गई थीं। उन्होंने कहा था कि मैंने तो सोचा था कि थोड़ा बहुत काम करना पड़ेगा, यहां तो सांसद बनकर इतना काम करना पड़ता है। ये उनकी सीरियसनेस दिखाता है। वो हमें अनसीरियस बोल रही हैं, उन्होंने खुद को ही एक्सपोज कर दिया था। इस पर मैं ज्यादा कुछ बोलूंगा नहीं। शब्दावली सही नहीं है। शब्दावली संभाल लेना चाहिए नेताओं को।

### नैनो न्यूज

- प्रयागराज-तिरुनेलवेली स्पेशल ट्रेन जबलपुर होकर चलेगी, 1 अगस्त से शुरू होगी, यात्रियों को मिलेगी दक्षिण भारत की सुविधा।
- रायपुर के तेलीबांधा में आधी रात भीषण अग्निकांड, बार समेत 4 दुकानें खाक, 6 वाहन जले।
- सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के खिलाफ कोयला ब्लॉक आवंटन मामला बंद किया।
- आज 9 घंटे के अंदर 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, 61 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी हवा।
- अमेरिका ने इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट पर रोक लगाई, देश की सुरक्षा को बताया खतरा, चीन बोला- बेवजह हमारी कंपनियों को निशाना बनाना गलत।
- दिल्ली पुलिस ने एक्स से कहा-पीएम पर आपत्तिजनक पोस्ट हटाएं, पोस्ट करने वाले का नाम, पता, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी भी दें।
- तमिलनाडु के मीनाक्षी मंदिर की 60 करोड़ की जमीन हड़पी, फर्जी दस्तावेजों के जरिए कब्जा, 19 लोगों पर एफआईआर।
- आईटीआर भरने के आखिरी 2 दिन, 31 जुलाई तक फाइल नहीं करने पर 5 हजार रु. तक लेट फीस लगेगी।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीएम मोहन यादव ने सांदीपनि आश्रम में पूजन अर्चन किया

# मुख्यमंत्री ने स्वरचित पुस्तक महर्षि के चरणों में समर्पित की

## लगभग 5100 वर्ष पूर्व स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने इस पावन स्थल पर महर्षि सांदीपनि से विद्या ग्रहण की थी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के गुरू सांदिपनी आश्रम में पूजन अर्चन किया और अपनी स्वरचित पुस्तक महर्षि सांदिपनी के श्री चरणों में अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम अत्यंत गौरवशाली और अद्वितीय अतीत समेटे हुए हैं। लगभग 5100 वर्ष पूर्व स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने इसी पावन स्थल पर महर्षि सांदीपनि से विद्या ग्रहण की थी और यहीं से शिक्षा प्राप्त कर वे जगद्गुरु की उपाधि से विभूषित हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उज्जैन के प्रमुख देवस्थानों के विकास कार्यों का शुभारंभ हो रहा है, जिसमें शहर को गीता भवन की बड़ी सौगात भी मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर हम सभी गुरुओं का सम्मान कर अपने जीवन को धन्य करें।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन स्थित ऐतिहासिक महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचकर पूजन अर्चन और आरती की। यह पूजा-अर्चना पंडित कीर्ति रूपम व्यास एवं राहुल व्यास ने संपन्न कराई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी स्वरचित पुस्तक 'महर्षि सांदीपनिः भारतीय गुरुकुल परंपरा के शिल्पी' की प्रति महर्षि सांदीपनि जी की प्रतिमा के समक्ष अर्पित की पूजा के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आश्रम परिसर में स्थित अति प्राचीन श्री कुंडेश्वर महादेव और श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। आश्रम के मुख्य पुजारी परिवार द्वारा मुख्यमंत्री का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया। महर्षि सांदीपनि व्यास के वंशज एवं मंदिर के मुख्य पुजारी पं. कीर्ति रुपम व्यास ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर आश्रम में प्रतिवर्षानुसार विशेष अनुष्ठान आयोजित किए गए। प्रातःकाल भगवान श्री कृष्ण, भगवान श्री बलराम और गुरु सांदीपनि का पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजन किया गया। परंपरा अनुसार, प्रथम बार शिक्षा प्रारंभ करने वाले छोटे बच्चों द्वारा 'स्लेट पूजन' का आयोजन भी इस दिन हुआ।

### सीएम ने संत शिरोमणि रविदास महाराज की चरण पादुका को किया नमन

मुख्यमंत्री ने उज्जैन स्थित वृंदावन पूरा में संत शिरोमणि रविदास महाराज की चरण पादुका और गुरु गादी स्थल पहुंचकर श्रद्धापूर्वक नमन किया एवं श्रद्धापूर्वक चादर चढ़ाई। राज्य के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। स्थल के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज के इस चरण पादुका एवं गुरु गादी परिसर को भव्य और दिव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही आवश्यक विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा शिरोमणि रविदास महाराज के आदर्श, उपदेश और विचार आज भी समाज में समानता, सद्भाव और मानवता की भावना का संचार करते हैं। उनका जीवन पूरी मानव जाति के लिए एक मार्गदर्शक है।

# पेपर लीक रोकने का सख्त कानून लोकसभा में पास

### राज्यसभा में वंदेमातरम से जुड़ा संशोधित बिल पास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 बुधवार को ध्वनि मत से पास हो गया।

बिल पर मंगलवार को 9 घंटे चर्चा हुई। बुधवार को विपक्ष की तरफ से राहुल गांधी बिल पर 50 मिनट बोले। विपक्ष के हंगामे के बीच बिल पास हुआ। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े कानून सख्त कर दिए हैं। अब पेपर लीक से जुड़े अपराधों में अधिकतम 10 साल तक की जेल और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वहीं राज्यसभा में राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण संशोधन विधेयक (2026) बिल पास हो गया। अब जन-गण-मन की तरह वंदे मातरम को कानूनी संरक्षण मिलेगा। वंदे मातरम का अपमान, अनादर और गायन में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा। राज्यसभा में वंदे मातरम् के अपमान को दंडनीय अपराध बनाने वाला विधेयक पारित कर दिया। इस कानून के तहत वंदे मातरम् का अपमान करने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार 30 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### लोकसभा में राहुल गांधी के 50 मिनट के भाषण पर जमकर हंगामा

- विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक से जुड़े बिल पर 50 मिनट भाषण दिया। उन्होंने इडियट और अंधभक्त जैसे शब्द बोले। फिर कहा कि गृहमंत्री ने दिल्ली में छात्रों पर फायरिंग के आदेश दिए। इसको लेकर सत्तापक्ष ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा से बिल हंगामे के बीच पारित हुआ।
- संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 7 बार खड़े होकर राहुल को टोका और संसदीय नियम का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। इस पर राहुल ने कहा, अगर आप चाहते हैं कि देश में सिर्फ बीजेपी बोले तो मैं चुप होकर बैठ जाता हूं।
- स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल को 11 से ज्यादा बार टोका। कहा कि वे इस तरह के असंसदीय शब्द नहीं बोल सकते। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पीकर से कहा- इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाए।
- राहुल ने कहा, देश का भविष्य सड़कों पर उतरा। प्रदर्शन में गुस्सा, नफरत नहीं थी। वे केवल अपनी आवाज उठा रहे थे। अगर भाजपा के मेरे मित्र अपने बच्चों से पूछें कि उनके भाई-बहन जो कर रहे हैं, उसके बारे में वे क्या सोचते हैं, तो उन्हें अपने बच्चों का भी समर्थन ही मिलेगा।

## ईरान जंग में अब सऊदी अरब की एंट्री

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान जंग में अब सऊदी अरब की भी एंट्री हो गई है। सऊदी ने अमेरिका के साथ मिलकर मंगलवार रात इराक में ईरान समर्थक पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्स के लड़ाकों के ठिकानों पर हमले किए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक इसमें 20 लड़ाकों की मौत हो गई है जबकि 32 घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन ठिकानों से अमेरिकी सैनिकों और सऊदी अरब के ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की तैयारी की जा रही थी। हमलों के कुछ घंटे बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये मिसाइलें जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर दागी गई थीं, लेकिन सभी को रास्ते में ही इंटरसेप्ट कर लिया गया।

भोपाल में किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी

## पुलिस से झड़प, किसानों के कपड़े फटे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम रद्द करने समेत 3 मांगों को लेकर भोपाल में किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। रास्ते में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के घर का घेराव कर दिया। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की में कुछ किसानों के कपड़े फट गए।

शिवराज के घर के बाहर नारेबाजी के बाद किसान सीएम हाउस की ओर बढ़ रहे हैं। रोशनपुरा चौराहे से सीएम हाउस की ओर जाने वाले रास्ते पर फोर्स तैनात है। जवान सेफ्टी जैकेट और लाठी-डंडों के साथ मुस्तैद हैं। सीएम हाउस यहां से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर है। किसानों को रोकने के लिए रास्ते में बसें और डंपर खड़े कर बैरिकेडिंग की गई है।

किसानों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो सीएम हाउस का गेट तोड़कर अंदर घुसेंगे। प्रदर्शन में शामिल बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने वादा तोड़ा है। हम भीख नहीं, अपना अधिकार मांग रहे हैं। वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने भी किसानों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भोपाल में किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिख रहा है और सीजेपी की टीम पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। प्रदर्शन स्थल पर कुछ किसानों ने अर्धनग्न होकर विरोध जताया। कुछ किसानों ने सड़क पर ही दाल-बाटी बनाकर लंच किया।

पाकिस्तानी नागरिक ने अपहरण की पूरी साजिश रची

## थाईलैंड में 3 भारतीय टूरिस्टों का अपहरण

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड में तीन भारतीय पर्यटकों का अपहरण करके उनके परिवारों से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें एक पाकिस्तानी नागरिक ने तीनों को किडनैप करने को कहा था। पुलिस ने तीनों लड़कों को रेस्क्यू कर लिया है। पीड़ितों की पहचान मोहित (23), आशीष (24) और हिमांशु (20) के रूप में हुई है। आरोपियों ने उन्हें सस्ते 7 दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड के पटाया शहर बुलाया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें एक घर में बंधक बना लिया गया और उनके परिवारों से तीनों के बदले 40-40 लाख रुपए, यानी कुल 1.20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अवतार सिंह (38), जगजीत सिंह (38), रंभालक कुमार (24), सुखबीर सिंह (37) और कुलरा सिंह (27) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पिछले एक महीने से चैट एप्लीकेशन के जरिए दुबई में बैठे एक पाकिस्तानी नागरिक के संपर्क में थे। उसी ने अपहरण की पूरी साजिश रची थी।

छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 5 की मौत, राजस्थान के धौलपुर में बाजारों में पानी भरा

# उत्तराखंड में भारी बारिश, चार धाम यात्रा रुकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली




देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद चार धाम यात्रा 2 दिन के लिए रोक दी गई। चंपावत, बागेश्वर और टिहरी में 12वीं तक के स्कूल-आंगनवाड़ी में छुट्टी कर दी गई।

राजस्थान के धौलपुर में तेज बारिश से बाजारों में पानी भर गया। गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ से टाटा मोटर्स के साणंद प्लांट और आसपास मौजूद कई सप्लायर की यूनिट बंद करानी पड़ीं। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने की तीन घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश की चेतावनी है।

### देश के ऊपर दो सिस्टम करा रहे जोरदार बारिश

देश के ऊपर दो सिस्टम मौजूद हैं। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ होते हुए आगे बढ़ रहा है। आईएमडी ने 4-5 दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से ज्यादा और पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

## रामनवमी पर हुए सांप्रदायिक तनाव के केस में खरगोन कोर्ट से 11 आरोपी बरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरगोन

प्रदेश के खरगोन जिले में साल 2022 में रामनवमी के दौरान खरगोन में हुए सांप्रदायिक दंगों से जुड़े एक महत्वपूर्ण आपराधिक प्रकरण में चतुर्थ अपर सत्र न्यायालय, खरगोन ने 11 आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया। न्यायाधीश मुकेश नाथ ने विस्तृत सुनवाई के बाद माना कि अभियोजन पक्ष आरोपितों के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित करने में असफल रहा। गवाहों के बयानों में विरोधाभास, आरोपितों की पहचान नहीं हो पाना और राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट में अभियोजन के दावों की पुष्टि नहीं होने के कारण न्यायालय ने सभी आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का आदेश दिया।

## छत्तीसगढ़ में 49 लाख के इनामी 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

बस्तर में माओवादी संगठन को एक और बड़ा झटका लगा है। झारखंड में सक्रिय कुल 49 लाख रुपये के इनामी आठ माओवादियों ने बीजापुर में सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. इनमें दो डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम) समेत चार ऐसे कैडर शामिल हैं, जिन्होंने कभी बस्तर के गंगालूर क्षेत्र में प्रशिक्षण लिया था। सुरक्षा एजेंसियां इसे माओवादी संगठन के कमजोर पड़ते नेटवर्क और बस्तर में उसके ढांचे के बिखरने का बड़ा संकेत मान रही हैं। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले आठ माओवादी झारखंड की दक्षिण जोनल कमेटी, सरांडा सब-जोनल कमेटी और कोल्हान एरिया कमेटी में सक्रिय थे।




पाक रक्षा मंत्री ने कहा- पीओके के प्रदर्शनकारी भारत जैसे दुश्मन, इनसे कोई बातचीत नहीं करेंगे

# फायरिंग में 32 प्रदर्शनकारियों की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि पीओके में सरकार विरोधी प्रदर्शन कर रहे लोगों को वह भारत की तरह पाकिस्तान का दुश्मन मानते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से किसी तरह की बातचीत नहीं की जाएगी।

आसिफ का यह बयान उस समय आया है, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस की फायरिंग में पिछले 2 दिनों में 32 प्रदर्शनकारियों की मौत हुई और 50 से ज्यादा लोग घायल हैं। यहां चुनाव के विरोध में जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी ने मार्च निकाला था। प्रदर्शनकारी पीओके विधानसभा की 12 शरणार्थी सीटों को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। हिंसा के बाद पाकिस्तान ने पूरे पीओके में अतिरिक्त सेना, पैरा मिलिट्री और आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी तैनात कर दी है। पूरे क्षेत्र में धारा-144 लागू कर इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

### सुरक्षा बलों ने बिना किसी उकसावे के की फायरिंग

मंगलवार को जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के बैनर तले करीब 5 हजार लोग रावलाकोट से मुजफ्फराबाद की ओर मार्च निकाल रहे थे। संगठन का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने बिना किसी उकसावे के फायरिंग कर दी।
हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने जेएएसी के आरोपों से इनकार किया है। सरकार का दावा है कि प्रदर्शनकारी आधुनिक हथियारों से लैस थे और उन्होंने पहले सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### त्याग की लौ की जगह सियासत...

जिस स्थान से सृष्टि की संरक्षा, सुरक्षा एवं उन्नति की लौ रूपी भावना सतत प्रवाहित होती है। समर्पण, त्याग की खुशबू से आमजन पूरी तरह से ओतप्रोत हो जाता है। देश के कोने-कोने से सिर्फ यहां उसकी अनुभूति के लिए यहां आमजन आता है । उसी स्थान पर अफसरों में सियासत की चाह उंचे स्तर पर उठ रही है। उसी के फेर में अक्सर कुछ अफसर अपने से वरिष्ठता के क्रम वालों को भी दरकिनार कर आगे की और जाकर कर्मों को गिनाने के सियासती प्रयासों को जमकर आजमा रहे हैं। अपने कर्मों के दायरे से बाहर जाकर अतिक्रमण कर रहे हैं तो कभी अपने कर्मों को उनकी सीमाओं से बाहर का बताने में भी परहेज नहीं कर रहे हैं। श्रद्धा के केंद्र में यह सब बड़े ही ठंडे तरीके से चल रहा है। जैसा कि सियासत में होता है उसी तरीके का उपयोग किया जा रहा है। बड़े ही पेंतरेबाजी के साथ अपने उत्तरदायित्वों का प्रतिफल प्राप्त करने के लिए उन्हें बढ़ाचढ़ाकर उल्लेखित किया जा रहा है। इस सियासती पैंतरेबाजी से परे कुछ कर्मनिष्ठ चुपचाप अपने कामों को अंजाम देने और उससे आमजन के लाभांवित होने की स्थिति को देखकर खुश हो रहे हैं जैसे भगवान ने सृष्टि के हितार्थ हलाहल का पान किया था ठीक वैसे ही। अधिकांश की स्थिति अपने नंबरों को कैसे भी हो बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित है। नेतृत्वकर्ता बडे ही शांत भाव से समर्पण, त्याग की खुशबू से ओतप्रोत होकर यह सब देख रहे हैं और शांत चित्त होकर इस सियासती मजमून को भी समझ रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि वैसे तो अब सियासत हर जगह घर कर चुकी है, लेकिन जहां से पूरी सृष्टि का संचालन होता है वहां के प्रबंकीय व्यवस्था में लगे अफसरों को समर्पण, त्याग से पूरी तरह से ओतप्रोत होना चाहिए जबकि नाम के लिए यहां सियासत का दौर चल पड़ा है। मैं का भाव यहां प्रबल हो चला है और व्यवस्था में श्रद्धा का त्याग नजरअंदाज होता जा रहा है। व्यवस्था संचालन में भामाशाहों को पीछे और अर्थ प्राप्त कर कर्म वाले अगेवान के रूप में अपने आप को साबित करने में लगे हुए हैं। ऐसे अनेकों मामले नेतृत्वकर्ता भी समझ रहे हैं लेकिन सियासती मजबूरियों के कारण वे भी शांत चित्त होकर इस घूंट को पी रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

### दो विभाग की संयुक्त टीमें बच्चों की कर रही स्वास्थ्य जांच

**उज्जैन।** जिले में 14 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं। अभियान का उद्देश्य बाल्यकालीन बीमारियों की समय रहते पहचान, त्वरित उपचार तथा जरूरत पड़ने पर रेफरल सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि डायरिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से इस वर्ष अभियान डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम पर संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण एवं संक्रमण जैसी बीमारियों की पहचान कर उपचार किया जा रहा है।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर समन्वय बैठक सम्पन्न

**उज्जैन।** संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में सिंहस्थ मेला कार्यालय सभागार में सिंहस्थ 2028 की पूर्व तैयारियों के संबंध में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंहस्थ मेले के दौरान सुचारु एवं बाधा रहित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए वाहन पार्किंग के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक में सिंहस्थ के दौरान पार्किंग व्यवस्था, मेला क्षेत्र में पेयजल, शौचालय, भोजन एवं नाश्ता, टेंट, संचार व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गई। संभागायुक्त सिंह ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि सिंहस्थ 2028 से जुड़े सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। सिंहस्थ के कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। साथ ही प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कूमट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नैनो न्यूज

- गुरु पूर्णिमा पर संत आसाराम बापू आश्रम में धार्मिक आयोजन, विकास कार्यों के बीच आश्रम की सुरक्षा बनाए रखने की अपील
- गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर खाराकुआं स्थित बड़ा उपाश्रय श्रद्धा, भक्ति और गुरु वंदना से सराबोर रहा।
- सीवरेज कंपनी की लापरवाही और निगम की अनदेखी से कई वार्डों में जलसंकट, गंदा पानी पीने को मजबूर लोग
- गुरु ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं, निर्मला महाविद्यालय में श्रद्धा से मना गुरु पूर्णिमा उत्सव, शिक्षाविद् फादर डॉ. थॉमस केनी का सम्मान

सांदीपनि अलंकरण समारोह में 580 करोड़ रुपए अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की मुख्यमंत्री ने दी सौगात

# शिक्षा, संस्कार , अत्याधुनिक तकनीक के समन्वय से प्रदेश बनेगा देश का अग्रणी राज्य - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### 34 करोड़ से निर्मित उज्जैन के पहले गीता भवन का शुभारंभ, प्रदेश के 500 शासकीय स्कूलों में एआई आधारित मिशन बुनियाद का किया शुभारंभ





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरु की महिमा का भारतीय सनातन संस्कृति में काफी महत्व है। माता-पिता एवं गुरु के ऋण से कभी कोई ऋण नहीं हो सकता। भगवान श्री कृष्ण ने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में यथार्थ कर्मवाद की शिक्षा ग्रहण की। महर्षि सांदीपनि के आश्रम से शिक्षा ग्रहण कर उन्होंने 18 अध्याय में जीवन का सार निकालकर देश-दुनिया को गीता का महान ज्ञान दिया है। इससे हमारा जीवन धन्य हो रहा है। उज्जयिनी ज्ञान, विज्ञान और इतिहास की धरती है। यह बात गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उज्जैन के लगभग 34 करोड़ रुपए की लागत से बने नव निर्मित पहले गीता भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव, महर्षि सांदीपनि गुरुपर्व एवं सांदीपनि अलंकरण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कही।

उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित लगभग 5.1 हेक्टेयर क्षेत्र में निर्मित गीता भवन में 1250 लोगों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, ग्रीन रूम, मल्टीपरपज हॉल, प्रशासनिक कक्ष तथा चार अतिरिक्त कक्ष निर्मित किए गए हैं। यह भवन धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उपयोगी होगा।

### 580 करोड़ की सौगात

34 करोड के नव निर्मित गीता भवन के शुभारंभ के साथ उन्होंने 78.75 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के मुख्य परिसर निर्माण कार्य, 12.70 करोड़ रुपये की लागत से शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय परिसर तथा उज्जैन शहर के वार्ड क्रमांक 40 एवं 48 में तीन नवीन पुस्तकालय भवनों के निर्माण कार्य, 453.40 करोड़ रुपये की लागत से श्री कालभैरव मंदिर, श्री मंगलनाथ मंदिर एवं महर्षि सांदीपनि आश्रम के विकास एवं विस्तार परियोजना का भूमिपूजन एवं 7.53 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन के नवीन प्रयोगशाला भवन एवं बैरियर-फ्री अधोसंरचना का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर नवनिर्मित गीता भवन में श्री कृष्ण की 64 कलाओं पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदशर्ननी भी लगाई गई जिसका बड़ी संख्या में उपस्थितजनों ने अवलोकन किया।

- **कक्षा 9-12 तक एआई शिक्षा का शुभारंभ-** इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वांग एवं श्री कृष्ण विद्यांजली पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होंने प्रदेश के 08 जिलों के कक्षा 9वीं से 12 तक के 500 शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों को एआई आधारित अध्यापन प्रदान करने की योजना बुनियाद मिशन का शुभारंभ रिमोट के माध्यम से किया। मुख्यमंत्री ने लगातार 03 वर्षों तक बोर्ड परीक्षा शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले प्राचार्यों, प्राध्यापकगणों और शिक्षकगणों तथा मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा प्रतीक स्वरूप 10 नव नियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए।
- **संतों का सम्मान-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचासीन संत सर्वश्री रामेश?वर दास जी, दिग्विजय दास जी, विद्या भारती जी, नरेन्द्र दास जी, राकेश दास जी, अनुपम दास जी एवं अन्य संतगणों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान भी किया।
- **शत प्रतिशत परिणाम पर मिलेगा ईनाम-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के गुणात्मक सुधार एवं शिक्षा सुविधाओं के विकास एवं विस्तार के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। वहीं स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए 10 हजार नए शिक्षकों की भर्ती की गई है। जिसमें से 1 हजार शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि लगातार 03 साल तक शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाली संस्थाओं के प्राचार्यों और संस्था प्रमुखों को 01 लाख रुपए का व्यक्तिगत और संबंधित शाला/संस्था को विकास के लिए 05 लाख रुपए की राशि का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर प्रदेश में 60 नए सांदीपनि विद्यालयों की सौगात मिल रही है। प्रदेश में 25 हजार करोड़ से अधिक की राशि से सांदीपनि विद्यालय भवनों का निर्माण हो रहा है।
- **मिशन बुनियाद का शुभारंभ-** इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "मिशन बुनियाद" का शुभारंभ किया। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में चयनित 7,500 प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के अंतर्गत प्रतीकात्मक रूप से 10 नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

### मंदसौर के कार्यक्रम को वीसी से संबोधित किया

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री मंदसौर के कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को सदैव उच्च स्थान दिया गया है, गुरु की महिमा अपार है गुरुओं के प्रति हम सदैव कृतज्ञ रहेंगे। भारत में गुरुओं की गौरवशाली परंपरा रही है आदि शंकराचार्य जी, वेदव्यास जी जैसे गुरुओं के माध्यम से हमारी संस्कृति में शिक्षा के साथ-साथ प्रेम भक्ति दया करुणा अनुशासन आदि संस्कार पुष्पित पल्लवित हुए हैं गुरु की गादी से ही चरित्र निर्माण होता है। अपने उद्बोधन में मंदसौर कार्यक्रम में उपस्थित गुरु पंडित भीमाशंकर शास्त्री के गौ संरक्षण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए उनके संकल्प हेतु बधाई दी।

खाद्य प्रशासन विभाग की जांच पर उठ रहे सवाल

# 'पैकिंग दूध' नजरअंदाज, खुले की जांच

### पैकिंग में बाहर से आ रहा कुछ कंपनियों का दूध सवालिया घेरों में

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खुले दूध एवं दूध से बने उत्पादों को लेकर खाद्य प्रशासन जांच का सिलसिला चला रहा है। विभाग पैकिंग दूध को नजरअंदाज कर रहा है और खुले दूध की जांच कर रहा है। इसे लेकर विभाग की जांच पर भेदभाव का सवालिया घेरा दूध उत्पादक बना रहे हैं। इसे भेदभाव एवं पूर्व नियोजित तरीके से की जा रही कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

दूध एवं दूध से बने उत्पादों को लेकर हाल ही में एक दम से अत्यधिक सक्रिय हुआ खाद्य प्रशासन विभाग पैकिंग दूध को नजरअंदाज कर रहा है। यह पहली बार नहीं है जब भी इस प्रकार की कार्रवाई होती है सीधे खुले दूध के विक्रेताओं को ही निशाना बनाया जाता है। जिले में बेक डोर से बाहर के जिलों से पैकिंग दूध अन्यानेक नामों से आ रहा है। इस पर विभाग ध्यान देना ही वाजिब नहीं समझ रहा है और न ही उनके नमूने ही लिए जा रहे हैं।

**प्रतिस्पर्धा में उतरी नई कंपनियां-** दूध का मामला सिर्फ प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि दूध की शुद्धता और सेहत से जुड़ा मुद्दा है। जिले में अब तक सांची,



अमूल, सौरभ, जैसे ब्रांडेड दूध की ही पैकिंग बाजार में नजर आती थी। लेकिन, अब हालात तेजी से बदल गए हैं। पिछले कुछ समय में आसपास के जिलों में आई कंपनियों ने यहां तक पैर पसार दिए हैं। लगातार नई-नई कंपनियां बाजार में उतर रही हैं। नई कंपनियां दूध विक्रेताओं और एजेंसी धारकों को नामी कंपनियों से ज्यादा कमीशन दे रही हैं, जिसके चलते बाजार तेजी से सस्ते पैक्ड दूध की ओर शिफ्ट हो रहा है।

**जांच का दायरा संकुचित-** सबसे गंभीर पहलू यह है कि इन नई कंपनियों के दूध की न तो नियमित जांच हो रही है और न ही पैक्ड दूध के सेंपल लिए जा रहे हैं। बाजार में बिक रहे दूध की गुणवत्ता पर कोई ठोस निगरानी नजर नहीं आ रही। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर समय रहते जांच व्यवस्था मजबूत नहीं की गई तो मिलावटी या घटिया दूध से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

### व्यवसायिक में उपयोग घरों में ब्रांडेड की मांग

शादी समारोह, बड़े कार्यक्रमों और कैटरिंग में कम रेट वाले पैक्ड दूध का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। यही नहीं, कई रेस्टोरेंट और होटल भी अब नामी कंपनियों को छोड़कर सस्ते पैकिंग दूध का इस्तेमाल करने लगे हैं। वजह साफ है, कम कीमत और ज्यादा मुनाफा। हालांकि, हैरानी की बात यह है कि घरों में आज भी लोग महंगा होने के बावजूद ब्रांडेड पुरानी कंपनियों का दूध ही पसंद कर रहे हैं। इससे साफ संकेत मिलता है कि उपभोक्ताओं को नई कंपनियों की गुणवत्ता और शुद्धता पर भरोसा नहीं है।

### डेढ लाख लीटर रोज की खपत

धार्मिक नगरी में प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लीटर दूध की खपत है। इसमें चाय की दुकानों पर अच्छा खासा दूध कटता है। अधिकांश चाय वाले खुला दूध लेते हैं और इसके बाद सांची का चाह सबसे ज्यादा उपयोग होता है। इसमें चाय वालों को अच्छा खासा मुनाफा होता है। मांग की पूर्ति ब्रांडेड कंपनियों के साथ शहर में खुले दूध की डेरी से होती है। इतनी बड़ी खपत के बावजूद जांच व्यवस्था का कमजोर होना सवालिया निशानों के घेरे में हैं। शहर की जनसंख्या लगभग 9 लाख के करीब मानी जा रही है उसके अलावा प्रति दिन धार्मिक शहर में करीब 2 लाख श्रद्धालुओं का आवागमन भी हो रहा है। ऐसे में दूध की खपत डेढ़ लाख लीटर से अधिक ही मानी जा रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर संत शिरोमणि रविदास महाराज गुरुद्वारा पहुंचे मुख्यमंत्री

### दादा सत्यनारायण जटिया के साथ किया संतों का सम्मान



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य दादा सत्यनारायण जटिया ने उज्जैन स्थित संत शिरोमणि रविदास महाराज गुरुद्वारा में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सहभागिता की।

कार्यक्रम में जागृति गुरु रविदास सेवा सांस्कृतिक संस्था समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य संत श्री किशनदेव महाराज (उज्जैन धाम) एवं प्रदेश अध्यक्ष सतीश सिंह परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष, नितेश पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर संत परंपरा, सेवा, समरसता और सनातन सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं प्रसार का संदेश दिया गया। संदेशः संतों का सम्मान ही संस्कृति का सम्मान है। सेवा, समरसता और संस्कार ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं।

## विद्यार्थियों को निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाएं व छात्रवृत्ति वितरित



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्री अलखधाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, शिवाजी पार्क, उज्जैन द्वारा महंत स्वामी श्री आत्मादास उदासीन के सान्निध्य में विद्यार्थियों को निःशुल्क उत्तर पुस्तिकाओं एवं छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। यह जानकारी आश्रम के प्रवक्ता डॉ. संजीव कुमार तिवारी ने दी।

उन्होंने बताया कि ग्राम कल्याणपुरा, सेमल्या, बोलासा, भैंवरी, देवराखेड़ी, मतानागुर्द, माधोपुरा, गांवड़ी, कनवनरिया, सेमल्यानासर, पिपलोदा द्वारिकाधीश, सुंगाखेड़ी, पालचंदा, कासमपुरा, चंदेसरी एवं नरवर के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी आश्रम द्वारा कॉपियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस वर्ष लगभग 20 हजार उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण का लक्ष्य रखा गया है। आश्रम द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए लगभग 7 लाख रुपये की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। आश्रम ट्रस्ट प्रतिवर्ष शिक्षा, धर्म एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्य करता है। पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम में आश्रम के विशाल के साथ शिक्षक ओमप्रकाश मालवीय एवं राजेश कृष्णानी का विशेष सहयोग रहा।

# बुध 5 अगस्त तक रहेगा मिथुन राशि में

### बुध ने बदली चाल जानिए सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा इस ग्रह का असर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बुध 24 जुलाई को मिथुन राशि में वक्री से मार्गी हो गया है यानी अब यह ग्रह आगे की ओर बढ़ रहा है। 5 अगस्त को बुध कर्क राशि में आ जाएगा। मिथुन राशि में बुध के मार्गी होने से सोच-समझकर लिए गए निर्णय लाभ देने लगेंगे। रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे, लोगों के बीच आपसी संवाद बेहतर होंगे। मार्गी बुध व्यापार, शिक्षा और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक बदलाव करेगा।

- **मेष** - बुध के मार्गी होने के बाद रुके हुए काम पूरे होने लगेंगे, संचार कौशल आकर्षक होगा। नौकरी-व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। पुराने कामों से लाभ मिलने के योग बनेंगे।
- **वृषभ** - आर्थिक स्थिति मजबूत होने लगेगी, रुका हुआ धन मिलने के संकेत हैं और व्यापार में लाभ की संभावनाएं बढ़ेंगी। सोच-विचारकर आगे बढ़ेंगे, तो लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी हो सकती है।
- **मिथुन** - बुध की वजह से व्यक्तित्व में निखार आएगा, निर्णय क्षमता मजबूत होगी। करियर और व्यापार में नई शुरुआत के अवसर मिलेंगे। करीबी लोगों की मदद से स्थिति में सुधार होगा।
- **कर्क** - बुध के मार्गी होने से घर-परिवार के खर्चों में कमी आएगी, योजनाएं स्पष्ट होंगी और रुके हुए काम धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगेंगे। सही समय पर सही निर्णय लेने से और अधिक लाभ होगा।
- **सिंह** - बुध की वजह से आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। पुराने संपर्कों से लाभ मिलेगा। किसी मित्र की मदद से लंबे समय से अटके कार्य पूरे होने की संभावना रहेगी।
- **कन्या** - इस राशि के लोगों की पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और व्यवसाय में विस्तार के अवसर बनेंगे। लाभ मिलेगा और भविष्य के लिए सही निर्णय ले पाएंगे।
- **तुला** - बुध के मार्गी होने से भाग्य का साथ मिलने लगेगा। लंबी दूरी की यात्रा सफल होगी। करियर में सकारात्मक अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में उपलब्धियां मिल सकती हैं।
- **वृश्चिक** - आर्थिक मामलों में सुधार होने लगेगा। शोध, तकनीकी और गूढ़ विषयों से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। बुध की वजह से पुराने अटके काम गति पकड़ेंगे और तय समय पर लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।
- **धनु** - बुध के मार्गी होने से पारिवारिक रिश्तों में मधुरता आएगी। करीबी लोगों के बीच प्रेम बढ़ेगा। व्यापारिक साझेदारी मजबूत होगी और नए अनुबंध लाभ देंगे।
- **मकर** - विरोधियों पर विजय मिलेगी, कार्यक्षेत्र में प्रदर्शन बेहतर होगा और नौकरी में प्रगति के संकेत मिलेंगे। किसी धर्म स्थल की यात्रा हो सकती है या तीर्थ यात्रा की योजना बन सकती है।
- **कुंभ** - बुध के मार्गी होने से शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रचनात्मक कार्यों और प्रेम संबंधों में सकारात्मक परिणाम मिलने लगेंगे। घर-परिवार के उलझे हुए मामलों में स्पष्टता आने लगेगी।
- **मीन** - बुध की वजह से पारिवारिक जीवन में तालमेल बढ़ेगा, धन-संपत्ति संबंधी कार्यों में गति आएगी और मानसिक शांति का अनुभव होगा। आने वाला समय इस राशि के लिए सकारात्मक रहेगा।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार, 30 जुलाई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### टीम वर्क के साथ काम करना आवश्यक - संभागायुक्त लक्षकार

**इंदौर।** नवागत संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने संभागीय अधिकारियों और अपने कार्यालय के अधीनस्थ अधिकारियों के साथ अलग-अलग परिचयात्मक बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ कार्य करने से काम आसान और सहजता से संपादित किए जा सकते है। इसलिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करे और टीम के रूप में रहे। सभी संयुक्त संचालक अपने अपने विभागीय योजनाओं मॉनिटरिंग गुणवत्तापूर्वक करें। मॉनिटरिंग के दौरान इस बात पर भी फोकस करे कि इसके प्रभाव और परिणाम कैसे है। साथ ही बैठकों के प्रस्तुत की जाने वाली जानकारियों को दो बार जांचें और परखें। उन्होंने सभी संयुक्त संचालकों से कहा कि फाइलों को गतिशीलता लाने के लिए सभी कार्यालय ई-ऑफिस संचालित करें।

### इंदौर में नगर निगम ने जेंट्री गेट से हटाए पोस्टर

**इंदौर।** इंदौर में अवैध होर्डिंग लगाने का मामला हाईकोर्ट पहुंच चुका है। याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए नगर निगम अधिकारियों से कहा कि अवैध होर्डिंग 24 घंटे के भीतर हटाए जाएं। इसके बाद मंगलवार को नगर निगम का अमला शहर में निकला और धार्मिक व राजनीतिक बैनर-फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई की। शहर के पांच स्थानों पर जेंट्री गेट से भी पोस्टर हटाए गए। इंदौर की सड़कों पर लगे जेंट्री गेट पर विभिन्न इलाकों की जानकारी और दिशा-सूचक संकेतक लगे हैं, लेकिन उन पर भी आयोजनों के पोस्टर चस्पा कर दिए जाते हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कोर्ट ने कहा कि अवैध होर्डिंग को लेकर वर्ष 2022 में जबलपुर हाईकोर्ट ने आदेश दिए थे। इसके अलावा सरकार ने भी वर्ष 2019 से अवैध होर्डिंग को लेकर नियम बना रखे हैं।

### इंदौर में मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच, छह दुकानों को नोटिस

**इंदौर।** नियंत्रक मनोज पुष्प के आदेश एवं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा व सीएमएचओ के निर्देशन में औषधि निरीक्षकों के दल द्वारा इंदौर जिले के मेडिकल स्टोर्स पर सघन कार्यवाही की जा रही है। इस तारतम्य में 27 जुलाई को एमवाय हॉस्पिटल के सामने स्थित कार्तिक केमिस्ट पर थाना संयोगितागंज की टीम के साथ संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की गई। कार्यवाही में कार्तिक केमिस्ट द्वारा गर्भपात के उपयोग की दवाई बगैर डॉक्टर की पर्ची के अवैध विक्रय किया जाना पाया गया। कार्यवाही करते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही जारी है। उल्लेखनीय है कि नियंत्रक के आदेशानुसार ड्रग विभाग की टीम लगातार मेडिकल स्टोर्स पर जांच की कार्यवाही कर रही है। अभी तक कुल 13 मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई, जिसमें से 6 मेडिकल स्टोर्स पर विभिन्न अनियमितता पाये जाने पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जा रहा है।

### जनसुनवाई में जरूरतमंदों को मिली रही राहत



**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आयोजित हो रही साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताएं कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा पात्र हितग्राहियों को तत्काल राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए। जनसुनवाई के माध्यम से प्रशासन निरंतर आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित कर रहा है। जनसुनवाई में थैलेसीमिया सोसाइटी ऑफ इंदौर संस्था के सचिव श्री सुधीर मधवानी और कार्यकर्ताओं सहित जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गत जनसुनवाई में संस्था ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के उपचार के लिए आवश्यक इंजेक्शन पंप उपलब्ध नहीं होने की समस्या रखी थी। प्रत्येक पंप की लागत लगभग 1 लाख 90 हजार रुपये होने के कारण संस्था इन्हें खरीदने में सक्षम नहीं थी।

## नैनो न्यूज

- **दतिया उपचुनाव का प्रचार आज शाम थमेगा**-दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। इसके बाद मतदान की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच जाएंगी। निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।
- **एमपी में टाइगर रिवाइल्डिंग मॉडल की सफलता चर्चा में**- मध्य प्रदेश के वन विभाग का टाइगर रिवाइल्डिंग मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में है। अनाथ बाघ शावकों को प्राकृतिक वातावरण में सफलतापूर्वक बसाने की पहल को वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।
- **कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए कैशलेस स्वास्थ्य योजना**- राज्य सरकार कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए कैशलेस हेल्थ स्कीम को आगे बढ़ा रही है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिलेगी।
- **इंदौर में चार फ्लाईओवर परियोजनाओं पर काम तेज**- इंदौर शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए चार प्रमुख फ्लाईओवर परियोजनाओं का निर्माण तेजी से चल रहा है। अधिकारियों का दावा है कि इनके पूरा होने के बाद कई प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या में राहत मिलेगी।

थाईलैंड से आई करीब एक हजार टन वजनी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) जमीन से लगभग 20 मीटर नीचे सुरंग की खुदाई करेगी

# इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो का काम अब रफ्तार पकड़ेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो निर्माण का काम अब तेजी से आगे बढ़ेगा। जमीन से लगभग 20 मीटर नीचे मेट्रो ट्रैक बनाने के लिए थाईलैंड से पहली टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के पुर्जे इंदौर पहुंच चुके हैं। मशीन को असेंबल करने में लगभग एक से डेढ़ माह का समय लगेगा। इसके बाद अंडरग्राउंड ट्रैक की खुदाई शुरू होगी।

इंदौर में कुल चार टीबीएम मशीनें लाई जाएंगी, जिनका वजन लगभग एक-एक हजार टन होगा। इन मशीनों की मदद से शहर के अलग-अलग हिस्सों में सुरंग निर्माण का कार्य किया जाएगा। फिलहाल पहली मशीन एयरपोर्ट क्षेत्र में स्थापित की जा रही है, क्योंकि सबसे पहले इसी अंडरग्राउंड हिस्से को एलिवेटेड ट्रैक से जोड़ा जाएगा। इससे एयरपोर्ट से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो संचालन शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस क्षेत्र में घनी आबादी अपेक्षाकृत कम होने के कारण निर्माण कार्य भी आसानी से किया जा सकेगा। एयरपोर्ट परिसर में अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी जारी है। इंदौर मेट्रो के 17.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर के बाद अब परियोजना का अगला चरण अंडरग्राउंड ट्रैक निर्माण का है।



### कटाई के साथ मशीन खुद निकालेगी मलबा

इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो ट्रैक का निर्माण टीबीएम मशीनों की सहायता से किया जाएगा। मशीन के अगले हिस्से में लगा विशाल गोलाकार कटर हेड लगातार घूमते हुए मिट्टी और चट्टानों को काटकर सुरंग तैयार करेगा। खुदाई के दौरान निकलने वाला मलबा कन्वेयर बेल्ट के जरिए मशीन के पीछे तक पहुंचाया जाएगा और वहां से सुरंग के बाहर निकाला जाएगा। जिन हिस्सों में खुदाई पूरी हो जाएगी, वहां पहले से तैयार कंक्रीट के सेगमेंट (ब्लॉक) लगाए जाएंगे। ये सेगमेंट सुरंग की दीवारों को मजबूती प्रदान करेंगे और मिट्टी धंसने से बचाएंगे, जिससे सुरंग सुरक्षित और स्थायी बनी रहेगी।

### इंदौर में ही उन्हें असेंबल करने का निर्णय

मेट्रो रेल परियोजना से जुड़ी एजेंसी ने थाईलैंड सहित अन्य देशों से टीबीएम मशीन के पुर्जे मंगवाकर इंदौर में ही उन्हें असेंबल करने का निर्णय लिया है। पहली मशीन के अधिकांश पुर्जे 11 ट्रॉलों के माध्यम से इंदौर पहुंच चुके हैं और उन्हें जोड़ने का कार्य जारी है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के जनसंपर्क अधिकारी धीरज शुक्ला ने बताया कि टीबीएम मशीन के अधिकांश पुर्जे इंदौर पहुंच चुके हैं। हालांकि, मशीन का कटर हेड अभी आना बाकी है। यही हिस्सा चट्टानों और मिट्टी को काटते हुए सुरंग बनाने का मुख्य कार्य करता है।

### 17 किमी एलिवेटेड कॉरिडोर पर कमर्शियल रन भी चुनौती

मेट्रो के करीब 17 किमी एलिवेटेड कॉरिडोर पर कमर्शियल रन को लेकर भी स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। इस रूट पर यात्रियों की संख्या को लेकर सवाल हैं। खासकर सुपर कॉरिडोर तक पर्याप्त यात्री मिलने की संभावना कम मानी जा रही है। एयरपोर्ट से अभी मेट्रो की सीधी कनेक्टिविटी भी नहीं है। ऐसे में कम यात्रियों के बीच मेट्रो का संचालन करने पर परिचालन खर्च निकालना भी चुनौती हो सकता है। यानी एक तरफ कनाड़िया रोड पर कॉरिडोर का डिजाइन बदलने से प्रोजेक्ट दो साल पीछे चला गया, वहीं दूसरी तरफ तैयार हो रहे एलिवेटेड हिस्से पर कमर्शियल रन और यात्रियों की संख्या को लेकर भी सवाल बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि अब फाइल प्लानिंग सेल में भेजी गई है। वहां से प्रक्रिया आगे बढ़ने के बाद नए टेंडर जारी किए जाएंगे। यानी कनाड़िया रोड पर मेट्रो का काम शुरू होने के लिए नए टेंडर का इंतजार है। दरअसल, केंद्र सरकार के नोटिफिकेशन में कनाड़िया रोड का कॉरिडोर एलिवेटेड प्रस्तावित था। स्थानीय लोगों के विरोध के चलते करीब दो साल तक इस हिस्से का काम आगे नहीं बढ़ सका। पुराना टेंडर भी निरस्त कर दिया गया।

अब तक 50 हजार कर्मचारी को मिला लाभ

# 31 जुलाई तक डेढ़ लाख कर्मचारियों को पदोन्नति का लक्ष्य, दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के करीब डेढ़ लाख अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि 31 जुलाई तक सभी विभागों में प्रमोशन आदेश जारी करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक करीब 50 हजार कर्मचारियों को ही पदोन्नति मिल सकी है।

शेष लगभग एक लाख कर्मचारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया अगस्त में भी जारी रहने की संभावना है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने सभी विभागों को 15 जुलाई तक विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठकें पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभागों ने तेजी से प्रमोशन आदेश जारी किए, लेकिन विधानसभा सत्र और अन्य तकनीकी कारणों के चलते प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। पदोन्नति से जुड़ी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में लंबित होने के बावजूद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जून में प्रमोशन प्रक्रिया शुरू की गई। जीएडी ने 30 जून को सभी विभागों को महाधिवक्ता की कानूनी राय के आधार पर

### हाईकोर्ट में सुनवाई टलती रही, प्रमोशन जारी रहे



प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने 7 जुलाई के बाद अब तक तीन बार सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाई है। चूंकि अदालत ने फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है, इसलिए विभाग लगातार प्रमोशन आदेश जारी कर रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को प्रस्तावित है।

### कर्मचारी संगठनों ने उठाए सवाल

सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संस्था के अध्यक्ष डॉ. के.एस. तोमर का आरोप है कि सरकार ने पहले हाईकोर्ट में अंतिम निर्णय तक प्रमोशन रोकने का आश्वासन दिया था। ऐसे में प्रक्रिया शुरू करना अदालत की अवमानना के दायरे में आ सकता है। कर्मचारी संगठन अब हाईकोर्ट के अंतिम फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

## तहसील खुड़ैल में एसडीएम और तहसीलदार की अनोखी पहल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा लगातार सुशासन के साथ आम जनता द्वारा विभिन्न माध्यमों से की गई शिकायतों के त्वरित निदान को लेकर कटिबद्ध दिखाई दे रहे है। इस बार टीएल बैठक में भी इस तरह के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए थे। इसी क्रम में कल बुधवार को एसडीएम राहुल गुप्ता और तहसीलदार प्रीति भिसे द्वारा सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों का हाथों हाथ निराकरण करते हुए दिखाई दिए। इस कैंप के माध्यम से आम जनता में भी प्रशासन के प्रति आत्म विश्वास बड़ा और उनके निराकरण भी सभी अधिकारियों ने मिलकर एक टेबल पर ही किया। खुड़ैल में लगातार जनसंवाद के माध्यम से भी परेशानियों का निराकरण किया जा रहा है, तो वहीं कई नवाचार भी देखने को मिल रहा है।

## चुनाव आयोग से दतिया कलेक्टर की शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने दतिया कलेक्टर और एसपी पर शिकायतें न सुनने के आरोप लगाए हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करते हुए कहा है कि नेताओं और कार्यकताओं की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है तथा चुनाव आयोग के निदेर्शों का भी पालन नहीं हो रहा। पार्टी ने आयोग से तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि संबंधित अधिकारी पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के फोन नहीं उठा रहे हैं। यदि फोन उठाते भी हैं तो शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं करते। पार्टी का आरोप है कि चुनाव आयोग के निदेर्शों का पालन नहीं हो रहा और कुछ स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है, जो कांग्रेस कार्यकताओं को परेशान कर रहे हैं।

शिकायत में कहा गया है कि प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद भी भाजपा से जुड़े बाहरी लोग ग्रामीण क्षेत्रों में ठहरे हुए हैं और मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस ने ऐसे लोगों की जांच कर उन्हें विधानसभा क्षेत्र से बाहर करने की मांग की है। कांग्रेस ने मतदान से पहले संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई, निष्पक्ष अधिकारियों की तैनाती, बाहरी लोगों को हटाने और स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने की मांग की है।

### अधिकारियों पर लगाए आरोप

- विजय भारती (केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक)
- स्वप्निल वानखेड़े (जिला कलेक्टर)
- मयूर खंडेलवाल (जिला पुलिस अधीक्षक)

## भैरवगढ़ केंद्रीय जेल में मनाया गया 'मार्गदर्शक दिवस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में गुरु पूर्णिमा पर लगातार पांचवें वर्ष भैरवगढ़ केंद्रीय जेल में ₹मार्गदर्शक दिवस₹ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आध्यात्मिक विचारक कृष्णा गुरुजी ने बंदी भाइयों को आत्मचिंतन, अनुशासन, सकारात्मक जीवन और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक पुनः शामिल होने का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान महाकाल को परम गुरु मानते हुए सामूहिक गुरु पूजन से हुई। अपने संबोधन में कृष्णा गुरुजी ने बंदी भाइयों से प्रश्न किया, ₹गुरु कहां रहता है? शिष्य कब बनता है? आपका गुरु कौन है, जिसके कारण आप यहां हैं?₹ उन्होंने कहा कि क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, अहंकार और बदले की भावना व्यक्ति को अपराध के मार्ग पर ले जाती है। कलियुग में कर्म प्रधान है। गुरु केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और सही दिशा का प्रतीक है। कृष्णा गुरुजी ने जेल प्रशासन के अधिकारियों का परिचय कराते हुए कहा कि जब तक बंदी भाई कारावास में हैं, तब तक जेल प्रशासन ही उनका मार्गदर्शक है।

## महर्षि पाणिनि संस्कृत विवि को यूजीसी की 12(बी) मान्यता मिली

### वित्तीय सहायता और विकास फंड प्राप्त करने की पात्रता सेहोंगे अध्ययन के राष्ट्रीय अवसर उपलब्ध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

धार्मिक /सांस्कृतिक नगरी उज्जैन स्थित महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। राज्य शासन द्वारा विश्वविद्यालय के वार्षिक अनुदान में बढ़ोतरी किए जाने के बाद, अब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इसे धारा 12(बी) के अंतर्गत मान्यता प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति को बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने बताया कि इस मान्यता के बाद अब विश्वविद्यालय को यूजीसी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत सीधे वित्तीय सहायता और विकास फंड प्राप्त करने की पात्रता मिल गई है। इससे संस्थान के शैक्षणिक, शोध और संस्थागत ढांचे में बदलाव आएंगे। इस फंड की मदद से विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय शोध परियोजनाओं, नवाचार गतिविधियों, आधुनिक डिजिटल संसाधनों और पुस्तकालयों के अपग्रेडेशन का काम तेजी से किया जा सकेगा। इस उपलब्धि का सबसे बड़ा लाभ संस्कृत, वेद, उपनिषद, भारतीय दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े प्राचीन विषयों को होगा। अब इन क्षेत्रों में गहन अध्ययन और अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय स्तर के अवसर उपलब्ध होंगे।साथ ही, विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित की जाएगी, जिससे यह संस्थान देश-दुनिया में वैदिक शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।यूजीसी की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षकों और शोधार्थियों को शोध एवं अकादमिक गतिविधियों के लिए बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा शैक्षणिक सहयोग की संभावनाएँ भी बढ़ेंगी। विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन, बेहतर अध्ययन सुविधाएँ और शोध के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया है तथा इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार को बधाइयां दी है। शासन से अनुदान वृद्धि के बाद यूजीसी 12(बी) की मान्यता दो महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है।

पूरे प्रदेश में होगी एकीकृत अग्निशमन सेवा

# औद्योगिक और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचेगी व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश में फायर सेफ्टी विधेयक लागू होने के बाद अग्निशमन व्यवस्था को आधुनिक और राज्यव्यापी स्वरूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। अब तक शहरी क्षेत्रों तक सीमित फायर सेवाओं का विस्तार औद्योगिक और ग्रामीण इलाकों तक किया जाएगा। इसके तहत पुलिस की डायल-112 सेवा की तर्ज पर अग्नि दुर्घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा। नगरीय विकास विभाग के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में आग की घटनाओं से निपटने के लिए 22 एडवांस्ड मल्टीपर्पज फायर व्हीकल खरीदे जाएंगे।

महानगरों में आग बुझाने के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 21 वाटर बाउजर तथा अन्य आधुनिक अग्निशमन उपकरण भी लिए जा रहे हैं। फायर अमले की कमी दूर करने के लिए नगरीय निकाय निर्धारित मानदेय पर फायर वॉलंटियर्स भी नियुक्त कर सकेंगे। अब तक अग्निशमन व्यवस्था मुख्य रूप से नगरीय निकायों तक सीमित थी, लेकिन नए फायर सेफ्टी एक्ट के लागू होने के बाद इसका दायरा पूरे मध्यप्रदेश में होगा। इससे ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों को भी संगठित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं का लाभ मिलेगा। नए कानून के तहत पूरे प्रदेश के लिए एक अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा गठित होगी। इसके अधिकारी और कर्मचारी राज्य के किसी भी क्षेत्र में तैनात किए जा सकेंगे। राज्य सरकार आवश्यकतानुसार किसी भी आपातकालीन सेवा या केंद्र को राज्य अग्निशमन सेवा का हिस्सा घोषित कर सकेगी। सेवा की राज्य स्तर पर मॉनिटरिंग होगी, जबकि संचालन स्थानीय निकायों के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए अलग से संचालक की नियुक्ति भी होगी।

### अन्य राज्यों से अलग होगी व्यवस्था

मध्यप्रदेश का नया फायर सेफ्टी कानून कई मामलों में अन्य राज्यों से अलग होगा।



अग्निशमन सेवा का कार्यकारी नियंत्रण स्थानीय निकायों और सक्षम प्राधिकारी के पास रहेगा।

राज्य सरकार स्वयं या स्थानीय निकाय की अनुशंसा पर नए फायर स्टेशन स्थापित कर सकेगी। आपातकालीन सेवाओं में फायर वॉलंटियर्स का नामांकन किया जा सकेगा।

राज्य सरकार भवनों को अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र से छूट देने या शामिल करने का अधिकार रखेगी। साझा अग्निशमन अधोसंरचना और अग्नि सुरक्षा पर्यवेक्षक नियुक्ति संबंधी प्रावधान भी राज्य सरकार तय कर सकेगी।

## कटिहार-अमृतसर-कटिहार स्पेशल ट्रेन सेवाएं पांच अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मालीगांव-यात्रियों की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने, सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने और अतिरिक्त भीड़ को कम करने केलिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने ट्रेन संख्या 05736/05735 कटिहार-अमृतसर-कटिहार स्पेशल ट्रेन की सेवाओं को दोनों दिशाओं में पांच अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अपने मौजूदा संयोजन, समय-सारणी, ठहरावऔर अनुरक्षण सूची के साथ चलती रहेगी, जिससे बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मार्ग में पड़ने वाले अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी बरकरार रहेगी।

5 अगस्त से 2 सितंबर, 2026 तक ट्रेन संख्या 05736 (कटिहार-अमृतसर) स्पेशल, प्रति बुधवार को 21:00 बजे कटिहार,से रवाना होगी, जबकि 7 अगस्त से 4 सितंबर, 2026 तक ट्रेन संख्या 05735 (अमृतसर-कटिहार) स्पेशल, प्रति शुक्रवार को 13:25 बजे अमृतसर से रवाना होकर अपने संबंधित गंतव्य तक पहुंचेगी। आवश्यकता पड़ने पर स्पेशल ट्रेन सेवाएं शुरू करने और उसके फेरों की वृद्धि कर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए एनएफआर प्रतिबद्ध है। ऐसी पहल न केवल नियमित ट्रेनों पर भीड़-भाड़ कम करने में मदद करती हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में यात्रियों के लिए आसान, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा भी सुनिश्चित करती हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा शुरूकरने से पहले आईआरसीटीसी और एनटीईएस वेबसाइट या एनएफआर के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर विस्तृतसमय-सारणी और ठहरावों की जांच कर लें।

## मनावर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया




**मनावर।** थाना मनावर के अपराध क्रमांक 387/2026, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता, वृद्धि धारा 87,65(1),64(2) ,70(2) भारतीय न्याय संहिता एवं 3/4,5छ/6 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में फरियादी गोपाल पिता रामसिंह भवेल निवासी ग्राम रावतपुरा टेमरनी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी अर्जुन उर्फ अरुण पिता मुन्ना भंवर उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम मोहनपुरा थाना गंधवानी जिला धार को दिनांक 28/07/2026 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## मयूर विहार श्रीमदभागवत कथा समिति ने दादाजी को चढ़ाया निशान

**खंडवा।** श्री दादाजी धूनीवाले के चरणों में निशान अर्पण करने के लिए मयूर विहार से श्रीमदभागवत कथा समिति ने निशान यात्रा निकाली। भजलो दादाजी का नाम, भजलो हरिहरजी का नाम का सुमिरन करते हुए मयूर विहार से सतनाम सिंह होरा, रमाकांत पाराशर, दीपक श्रीमाली, विक्रम यादव, नैनसिंह चौहान निशान लेकर निकले। इस दौरान निशान यात्रा का शहर में कई जगह स्वागत हुआ। इस अवसर पर ज्योति होरा, केएन गंगराड़े, सुरेश शर्मा, गोविन्द गोस्वामी, धर्मेंद्र शर्मा, आशीष जायसवाल, रुपसिंह सोलंकी, सीएम गंगराड़े, संतोष महाजन, श्याम दलाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, दामोदर सोनी, दुर्गेश लाड, प्रकाश मसके, पंडरी पटेल, जीतू पटेल, अनुराग शर्मा, सतीश गंगराड़े, जीसी सेन, राकेश महाजन, बनवारी मालाकार, पंडित सूर्यांश तिवारी आदि मौजूद थे।




## खंडवा पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**खंडवा।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के उद्देश्य से 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान संचालित किया जा रहा है। खंडवा पुलिस द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के अंतर्गत विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिल सिंह चौहान, महिला थाना प्रभारी सुलोचना गेहलोत एवं टीम द्वारा दादाजी मंदिर खंडवा मे श्रद्धालुओं को अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी देकर नशे से दूर रहने शपथ दिलाई गई। महिला थाना टीम द्वारा नशे से है दूरी जरूरी अभियान 2.0 के तहत आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं साहिकाओं को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर शपथ दिलाई गई थाना किल्लोद की टीम द्वारा वन विभाग किल्लौद पर नशा मुक्ति के संबंध में कार्यक्रम आयोजित कर नसे से दूर रहने जानकारी देकर शपथ दिलाई गई।

## अंजनिया कला ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

**बीड/खंडवा।** जनपद पंचायत पुनासा की ग्राम पंचायत अंजनिया कला में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में सामूहिक रूप से आवेदन सौंपकर पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों एवं विभिन्न योजनाओं की जांच कराने की मांग की। ग्रामीणों ने पंचायत के कामकाज में पारदर्शिता नहीं होने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण रमेश गोयलित, तुलसीराम, संगीता और जाग्रति सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में उनकी समस्याओं की सुनवाई नहीं होती है। सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को सरपंच और सचिव के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों के बजाय कथित रूप से सरपंच-सचिव के चहेते लोगों को दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि महिला सरपंच होने के बावजूद पंचायत के कार्यों में सरपंच पति और उनके परिवार के सदस्यों का हस्तक्षेप रहता है तथा पंचायत का संचालन मनमाने तरीके से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इन सभी मामलों को जांच का विषय बताते हुए संबंधित दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत अंजनिया कला में कराए गए निर्माण कार्यों, योजनाओं के लाभार्थियों तथा पंचायत द्वारा किए गए भुगतान एवं आहरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

# गुरु पूर्णिमा पर महाविद्यालय मनावर में हुआ व्याख्यान का आयोजन, गुरु के आदर्शों पर चलने का आह्वान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मनावर



गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाविद्यालय मनावर में एक गरिमामय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं ज्ञान के प्रति श्रद्धा का भाव जागृत करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुशवाहा ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सनातन संस्कृति की महान परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रहित की भावना को अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि अंकित शुक्ला ने वर्तमान समय में विज्ञान, तकनीकी विकास एवं बदलती सांसारिक गतिविधियों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान ने मानव जीवन को सरल बनाया है, किंतु इसके साथ नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं का संरक्षण भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक ज्ञान के साथ भारतीय संस्कृति एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य आर.सी. पाटेल ने गुरु के महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा कि गुरु ही व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं तथा जीवन के प्रत्येक कठिन मोड़ पर सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का भाव बनाए रखने का आग्रह किया।

## सुगंधा की कॉमेडी से गूंजा ऑडिटोरियम

### गायक अभिजीत शर्मा ने मोहम्मद रफी के गीतों से बांधा समां

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बुरहानपुर



मैक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर के अनहद आनंद ऑडिटोरियम में आवासीय छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित विशेष सांस्कृतिक संध्या हंसी, संगीत और मनोरंजन के रंगों से सराबोर रही। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध कॉमेडी जोड़ी सुगंधा मिश्रा एवं डॉ. संकेत भोसले की शानदार प्रस्तुति से हुई। दोनों कलाकारों ने अपनी चुटीली नोकझोंक, हास्य संवादों और बेहतरीन मिमिक्री से ऐसा माहौल बनाया कि पूरा ऑडिटोरियम ठहाकों से गूंज उठा। घर-परिवार की छोटी-छोटी बातों पर आधारित उनकी स्वाभाविक कॉमेडी ने विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया। दोनों की सहज मंच प्रस्तुति और शानदार तालमेल ने कार्यक्रम को बेहद जीवंत बना दिया।

### गीतों से मंत्रमुग्ध हुए विद्यार्थी

दूसरी ओर सुप्रसिद्ध गायक *अभिजीत शर्मा* ने सुरों के सरताज मोहम्मद रफी को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ₹क्या हुआ तेरा वादा₹, ₹बड़ी दूर से आए हैं प्यार का तोहफा लाए हैं₹ सहित रफी साहब के कालजयी गीतों को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत किया। उनकी गायकी में रफी साहब की सादगी, मधुरता और भावपूर्ण अभिव्यक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। जैसे ही उन्होंने गीत गाए, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आवासीय छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों का जोरदार तालियों से स्वागत किया। एक ही मंच पर हास्य और संगीत का ऐसा अनूठा संगम उन्हें लंबे समय तक याद रहेगा। कार्यक्रम के अंत में एकेडमी प्रबंधन ने सभी अतिथि कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**खंडवा/किल्लौद।** किल्लौद थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने वाले अज्ञात चालक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार 10 जुलाई को ग्राम किल्लौद के आगे पेट्रोल पंप और गंभीर के बीच एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी को सामने से टक्कर मार दी थी। हादसे में स्कूटी सवार चांदनी पति जितेंद्र सोनी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम बिल्लौद, गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले में किल्लौद पुलिस ने बीएनएस की धारा 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।यदि आप चाहें तो मैं इन्हें और अधिक विस्तृत दैनिक समाचार-पत्र शैली में अलग-अलग आकर्षक शीर्षक और उपशीर्षक के साथ भी तैयार कर सकता हूँ।

### बारहद्वारी, मलक्ष्यखेड़ी में वाटर फ्रीजर प्याऊ का लोकार्पण

# श्रद्धालुओं को मिलेगी शीतल जल की सुविधा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महेश्वर



बारहद्वारी, मलक्ष्यखेड़ी में आयोजित श्रीराम कथा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रीमती कांता बाई गुप्ता एवं उनके पुत्र श्री प्रेमचंद गुप्ता तथा श्री हरिनारायण गुप्ता के सौजन्य से स्थापित वाटर फ्रीजर प्याऊ का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक माननीय श्री राजकुमार मेव के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक श्री राजकुमार मेव ने गुप्ता परिवार की इस जनसेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने इस सेवा कार्य के लिए गुप्ता परिवार को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचंद्र मोयदे,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार, मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार, भूपेंद्र जैन (दादा),वीरेंद्र पाटीदार, हुकुमचंद पाटीदार, मदनलाल पंवार, धर्मेंद्र कुशवाह, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोकार्पण के पश्चात सभी अतिथियों ने वाटर फ्रीजर प्याऊ का अवलोकन किया तथा इसे श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत उपयोगी जनहितकारी पहल बताया। उपस्थितजनों ने गुप्ता परिवार के इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। श्रीराम कथा के दौरान श्रद्धालुओं को अब शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की सुविधा निरंतर उपलब्ध रहेगी।

## 2 आरोपियों को बंधपत्र जमा करने के आदेश जारी

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने विभिन्न अपराधों में शामिल आरोपी अभिषेक उर्फ नकुल पिता अनिल फूल माली निवासी रामनगर तथा एक अन्य आरोपी शांतिलाल पिता शंकर निवासी पिपलोद खुर्द थाना पंधाना को एक एक लाख रुपए के बंधपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश अनुसार इन दोनों आरोपियों को इस आशय के बंधपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे अगले 1 वर्ष तक किसी भी अपराध में शामिल नहीं होंगे।

## सदस्यता अभियान प्रभारी पद पर वर्मा मनोनीत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मनावर

सर्व विश्वकर्मा एकता संकल्प फाउंडेशन भोपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा भोपाल के द्वारा धार जिले की मनावर तहसील पर संजय वर्मा को सर्व विश्वकर्मा एकता संकल्प फाउंडेशन को जिला का प्रतिनिधित्व करने के लिए सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन अपेक्षा करता है कि अपने जिले के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर संगठन को एक नई दिशा प्रदान करेंगे` पद पर मनोनीत कर नियुक्त किया गया। श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन में श्री संजय वर्मा के उपाध्यक्ष बनने से संगठन के कार्य का विस्तार एवं सहयोग होकर समाज के कार्य में गति आएगी। संजय वर्मा समाज सेवक है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता और जागरूकता का नया सूर्य यह केवल एक व्यक्ति का सम्मान नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्वकर्मा समाज में गठन में इस ऊर्जावान नियुक्ति से धार जिले में सामाजिक चेतना को एक नई गति मिलेगी। समाज को रूढ़िवादिता से मुक्त करने, युवाओं को उच्च शिक्षा व रोजगार के अवसरों से जोड़ने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया गया। नवनियुक्त जिला प्रभारी ने कहा, संगठन ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है, मैं उसके माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने और पूरे जिले में संगठन का विस्तार करने के लिए कार्य करूँगा। सदस्या अभियान प्रभारी नियुक्त संजय वर्मा की नियुक्ति पर समाज जन एवं प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा समाज के संगठनो ने संजय वर्मा की बधाई और शुभकामनाएं दी

## कंप्यूटर विज्ञान में कार्तिक ने 8 .03 सीजीपीए के साथ किया शीर्ष स्थान प्राप्त

**बुरहानपुर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में सहकारी क्षेत्र के *ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल पॉलिटेक्निक महाविद्यालय* ने इस वर्ष भी छठवें सेमेस्टर में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखा है। महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। साथ ही डिप्लोमा अभियांत्रिकी के कई विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर महाविद्यालय के परिणाम को और श्रेष्ठ बनाया। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि उपरोक्त सभी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा नौकरी/नियुक्ति उपलब्ध कराई गई है। विगत वर्षों में भी महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर मेधा सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना प्रशासक, प्रबंध संचालक, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कथने, प्रबंधन प्राचार्या डॉ. स्मिता हजारी, फामेर्सी प्राचार्य डॉ. जीवन घोरमाडे, कार्यालय अधीक्षक प्रो. विकास यादव एवं समस्त महाविद्यालय स्टॉफ ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दादाजी दरबार पहुंचकर कांग्रेस कार्यकरओ ने अर्पित किए निशान

खंडवा। गुरु पूर्णिमा पर्व के पूर्व 26 जुलाई रविवार को शाम 5 बजे खंडवा में कांग्रेस परिवार द्वारा गांधी भवन से परम पूज्य दादाजी धूनीवाले सरकार के दरबार तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य दादाजी धूनीवाले सरकार के प्रति श्रद्धा अर्पित करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देना रहा। प्रेमांशु जैन ने बताया कि निशान यात्रा गांधी भवन से बेंड बाजो के साथ प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई 7 बजे के लगभग दादाजी धूनीवाले दरबार पहुंची। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर,यूथ कांग्रेस,कांग्रेस कार्यकताओं,कांग्रेस पार्षदगण एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा से स्वागत कर कांग्रेस परिवार का अभिनंदन किया। इस दौरान सामाजिक एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की सुंदर मिसाल देखने को मिली। यात्रा में शामिल कार्यकताओं ने धार्मिक भज लो दादाजी का नाम भज लो हरिहर जी का नाम के जयघोष के बीच दादाजी धूनीवाले सरकार के दरबार पहुंचकर श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित किए तथा प्रदेश और जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।केवलराम पेट्रोल पंप पर जिया भाई अकरम जाटू,मुन्नू बाउजी,नगर निगम पर पार्षदगण एवं यूथ कांग्रेस व जलेबी चौक पर इमरान गौरी मित्रमंडल एवं गौशाला पर कोची व्यास धनाजी जाधव ने निशान यात्रा का स्वागत किया। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि दादाजी धूनीवाले सरकार की शिक्षाएं प्रेम, सेवा और मानवता का संदेश देती हैं। निशान यात्रा के माध्यम से समाज में भाईचारा, सद्भाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## दूध और घी के नमूने लिए, जांच के लिए भोपाल भेजे जाएंगे

**खंडवा।** जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को खंडवा शहर के पटेल घी भंडार, श्री जी इंटरप्राइजेज, काबरा घी भंडार एवं दशोरे ट्रेडर्स से विभिन्न प्रकार के घी के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले ने बताया कि सभी नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे। रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से घी, पनीर और मावा के सात नमूने भी लिए गए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले एवं मयूरी डोंगरे मौजूद रहीं।

## मवेशी चोरी के मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार, पिकअप वाहन जब्त

**खंडवा।** थाना खालवा पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 मवेशी एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 19 जुलाई को ग्राम ताल्याधड़ निवासी मंगल ने जंगल से मवेशी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 7.66 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया। गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश, करण, अर्जुन, गिनू उर्फ धुदरा, रामेश्वर, गंगाराम एवं अजय शामिल हैं। सभी आरोपियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंदिया सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## सट्टा अंक पर्ची लिखते आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, 860 रुपये नकद जब्त

**खंडवा/छनेरा।** हरसूद थाना पुलिस ने अवैध सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को सट्टा अंक पर्ची लिखते पकड़ा है। पुलिस के अनुसार आरोपी महेश कुमार पिता सुगनलाल कुम्हारे, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14 छनेरा, बाजार चौक क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा अंक लिख रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टा अंक लिखी एक पर्ची, एक लीड पेन तथा 860 रुपये नकद जब्त किए। आरोपी के खिलाफ सट्टा अधिनियम की धारा 4-क के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## दुकान के पास बैठने की बात पर विवाद

**खंडवा।** शहर के चिड़िया मैदान क्षेत्र में दुकान के पास बैठने की बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार फरियादी मुबारिक शेख, उम्र 23 वर्ष, निवासी चिड़िया मैदान, खंडवा के साथ आरोपी साहिल, निवासी रविंद्र नगर, खंडवा ने गाली-गलौज की। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने बीयर की बोतल उठाकर फरियादी के सिर पर मार दी, जिससे उसे चोट आई। आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना मनोज की पान दुकान के पास 27 जुलाई को दोपहर करीब 2.30 बजे हुई। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुरु-शिष्य परंपरा सबसे बड़ी शक्ति, इसे जीवंत रखना सभी की जिम्मेदारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंडलेश्वर।



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय आचार्य मंडन मिश्र महाविद्यालय में बुधवार को गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार मेव रहे। इस अवसर पर उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय गुरु पूर्णिमा समारोह का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन भी ऑनलाइन माध्यम से महाविद्यालय में देखा गया।मुख्य वक्ता गायत्री परिवार के व्यवस्थापक आचार्य कमल भारद्वाज ने कहा वर्तमान समय में गुरु-शिष्य परंपरा धीरे-धीरे क्षीण होती जा रही है। जिस प्रकार दीपक का महत्व तभी होता है जब उसमें लौ प्रज्वलित हो, चाहे वह सोने का ही क्यों न बना हो, उसी प्रकार जीवन में प्रेम, आदर्श और संस्कार रूपी लौ के बिना उसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से शिष्यों की सुंदरता बढ़ती है, शिष्यों से शिक्षकों की गरिमा बढ़ती है और दोनों मिलकर समाज को सुंदर एवं संस्कारित बनाते हैं।

कार्यक्रम में विधायक राजकुमार मेव ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से गुरुजनों के मार्गदर्शन का अनुसरण कर जीवन में सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया।इस अवसर पर महेश्वर मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, मंडल उपाध्यक्ष अभिलाष ठाकुर, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामदास शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.एस. सोलंकी, डॉ. ओ.एस. परिहार, डॉ. राजगुरु पाटीदार सहित प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निहारिका कुशवाह ने किया।

## न्यूज -कॉलम

### भैरवगढ़ क्षेत्र में मिला छात्रावास से लापता 9 वीं का छात्र



**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम पानबिहार में आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावास से मंगलवार रात 9 बजे कक्षा 9 वीं का छात्र लापता हो गया। छात्रावास में भोजन के बाद हुई गिनती में छात्र दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश शुरू की गई। छात्रावास की ओर से रात 11 बजे पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर को छात्र के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी ने 13 वर्षीय छात्र की जानकारी जुटाई तो पता चला कि भैरवगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है। परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होंने घर आने से मना कर दिया। परिवार भी पुलिस के साथ उसकी तलाश में निकल पड़ा। रातभर छात्र की तलाश जारी रही। बुधवार सुबह बाइक सवार ने बदहवास बालक के मिलने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी लगते ही पानबिहार चौकी की टीम भैरवगढ़ पहुंची और छात्र का दस्तयाब किया गया। पूछताछ में छात्र ने बताया कि परिवार ने 1 जुलाई को उसका एडमिशन छात्रावास में कराया था, उसका मन नहीं लगा रहा था छात्रावास में नहीं रहना भी चाहता है। इसलिये मौका देख भाग गया था। घर जाने से डर लग रहा था, परिवार फिर से छात्रावास भेज देते। उसके पास परिजनों द्वारा दिये गये 200 रूपये थे, वह भैरवगढ़ आ गया था, जहां एक दुकान पर खाना खाया और रात में दुकान के बाहर ही सो गया था, सुबह दूर जाने के लिये बाइक सवार से लिफ्ट मांगी थी। थाना प्रभारी डामोर के अनुसार छात्र के लापता होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी आ गये थे। बालक को समझाईश दी गई और परिजनों के सुपुर्द किया गया। 12 घंटे में बालक को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है।

### शादी के 6 साल बाद जहरीला पदार्थ खाकर किया सुसाइड

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र की तिरूपति कासा ग्रीन कालोनी में रहने वाली कविता पति दुर्गेश ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार-बुधवार रात कविता की मौत हो गई। पंवासा थाना एएसआई सावित्री कटारा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि कविता की शादी 6 साल पहले हुई थी। उसकी 2 संतान है, परिवार मजदूरी करता है। मायका आगर मालवा के नलखेड़ा में है। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आ पाया है। आशंका है कि पारिवारिक विवाद के चलते कविता ने आत्मघाती कदम उठाया है। जिसका खुलासा मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज करने के साथ जांच में होगा। जहरीला पदार्थ खाने का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज का सामने आया। मंगलवार को महिदपुर के ग्राम मेंढकी में रहने वाले देवीसिंह पिता नारायण 20 साल ने उज्जैन आकर जहरीला पदार्थ खाया। उसे लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया। परिजन जानकारी लगने पर उसे निजी अस्पताल लेकर गये, जहां रात में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। परिजनों के गमगीन होने पर बयान दर्ज नहीं हो सके।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**उज्जैन।** 10 माह पहले नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ गुजरात ले जाने के बाद उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले सांवरिया पिता गंगाराम 21 साल निवासी ग्राम रणवा बडनगर को पास्को एक्ट में बड़नगर की विशेष न्यायालय के न्यायाधीश रामविलास गुप्ता द्वारा 20 साल की सजा सुनाई गई है। अभियोजन अधिकारी के अनुसार घटनाक्रम 23 सितंबर 2025 को सामने आया था, जब नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कुछ दिनों बाद बालिका को गुजरात के सुरत स्थित रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया था। बालिका के बयान पर आरोपी को सजा सुनाई गई है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक भारती उज्जालिया द्वारा की गई।

### एक दिन पहले हुआ विवाद दूसरे दिन मारने का प्रयास

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम बुखारी में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता बालू मालवीय का 27 जुलाई को समीप रहने वाले जितेन्द्र से विवाद हो गया था, उस वक्त दोनों के परिवार ने मामला शांत करा दिया था। एक दिन बाद रात में धर्मेन्द्र अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी जितेन्द्र आया और गाली-गलौच करने लगा। दोबारा से उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। जितेन्द्र तलवार लेकर आ गया और धर्मेन्द्र को मारने का प्रयास किया। धर्मेन्द्र ने भागकर अपनी जान बचाई और माकडोन थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जितेन्द्र की तलाश में उसके घर पहुंची तो वह भाग निकला था। जिसकी तलाश कर तलवार बरामद की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 338-4 | 690-5 |
| मेन बाजार | 770-4 | 200-2 |
| कल्याण नाइट | 199-9 | 689-3 |
| मिलन डे | 269-7 | 247-3 |
| मिलन नाइट | 139-3 | 347-4 |
| मधुर डे | 220-4 | 900-9 |
| मधुर नाइट | 180-9 | 346-3 |
| शुभांक | 6 7 | 3 |

# दोहरे हत्याकांड में शामिल आरोपियों का कोर्ट में समर्पण

## पुलिस ने लिया 3 अगस्त तक रिमांड पर, मुख्य आरोपी अब भी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा चौराहा पर 2 सगे भाईयों की हत्या और पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला करने में शामिल 2 आरोपियों ने बुधवार को कोर्ट में समर्पण कर दिया। खबर मिलने पर पुलिस कोर्ट पहुंची और दोनों का पूछताछ के लिये 3 अगस्त तक का रिमांड मांगा।

18 जुलाई की रात नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार पर पासी समाज के 15 से 20 बदमाशों ने कातिलाना हमला कर दिया था। बदमाशों ने गोलियां चलाई थी, तलवार और चाकू से हमला किया था। घटनाक्रम में 2 सगे भाई लोकेश गोरकर और जय उर्फ जितेश गोरकर की मौत हो गई थी। मृतकों के चाचा दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान के साथ उनका पुत्र तपन गोरकर घायल हो गये थे। नीलगंगा थाना पुलिस ने 8 नामजद आरोपी रोशन पासी, राकेश पासी, नरेश पासी, संजय पासी, दुर्गेश पासी, रोहित पासी, मंजू उर्फ मीना और सन्नी पासी सहित अन्यों के खिलाफ दोहरे हत्याकांड का मामला दर्ज कर हमले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। 10 दिन बाद बुधवार दोपहर को हमले में शामिल 2 आरोपियों संजय पिता रामलखन पासी निवासी जवरन कालोनी और वेदू पिता दीपक पासी निवासी महू इंदौर ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। खबर मिलने पर थाना प्रभारी तरूण कुरील ने दोनों की गिरफ्तारी के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार को कोर्ट भेजा। जहां से दोनों को पूछताछ के लिये 3 अगस्त तक के रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार दोहरे हत्याकांड में लगभग 15 आरोपी अब तक सामने आ चुके है। मुख्य आरोपी रोशन पासी और उसके 4 अन्य साथी फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### अब तक 8 को भेजा जा चुका है जेल

घटनाक्रम सामने आने के बाद दूसरे दिन पुलिस ने एक आरोपी नरेश पासी को लालपुल के पास से शार्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग और 2 आरोपियों पियुष पिता विजय पासी निवासी कुमार खाड़ी बाणगंगा, विवेक पिता दिनेश वर्मा निवासी बड़ी ग्वालटोली इंदौर को विगत शुक्रवार को मंछामन मल्टी से गिरफ्तार किया था। वहीं अर्थव गर्ग निवासी विवेकानंद कालोनी, राकेश पासी, दुर्गेश पासी जवरन कालोनी और मंजू उर्फ मीना बोरासी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब तक 8 आरोपी जेल भेजे जा चुके है। कोर्ट में समर्पण करने वाले 2 आरोपियों के साथ 10 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है।

### नीलगंगा चौराहा पर पुलिस की अब भी नजर

18 जुलाई की रात हुई घटना के बाद से पुलिस की नीलगंगा चौराहा पर नजर बनी हुई है। हमला कर हत्या करने वाले आरोपी गोरकर परिवार के घर से चंद कदमों की दूरी के निवासी है। जिसके चलते पुलिस पिछले 11 दिनों से चौराहा पर नजर रखे हुये है। कुछ दिनों तक पुलिस बल की तैनाती रखी गई थी, अब लगातार पुलिस डायल 112 भ्रमण कर रही है। आरोपियों के परिवार पर भी नजर रख फरार आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है।

# फिर सक्रिय हुआ प्रदेश में मानसून का नया सिस्टम

## धार्मिक नगरी में दोपहर बाद 20.4 मिमी. बारिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर से प्रदेश में मानसून सक्रिय होने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। बुधवार को धार्मिक नगरी में दोपहर बाद बारिश शुरू हुई। कुछ देर में 20.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश से पहले तापमान में तेजी आई थी, जिससे उमस ब?ने लगी थी।

धार्मिक नगरी में कुछ दिनों से रिमझिम बारिश हो रही थी और मौसम साफ हो रहा था, जिससे उमस बढने लगी थी। बुधवार को तापमान में 31.5 डिग्री पहुंच गया। जो मंगलवार के मुकाबले 3 डिग्री अधिक था। इसी बीच दोपहर बाद आसमान में बादलों की मौजूदगी दिखाई देने लगी और शाम होते ही तेज बारिश शुरू हुई। करीब 20 से 25 मिनट की बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया और स?कों पर जलभराव के हालत दिखाई देने लगे, उमस से राहत महसूस हुई थी लेकिन अंधेरा ढलने के बाद बारिश थम सी गई। शासकीय जीवाजी वेधशाला पर 20 मिनट की बारिश 20.4 मिलीमीटर दर्ज की गई जो एक इंच से कुछ कम थी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने प्रदेश में मानसून का नया सिस्टम एक्टिवेट होने की जानकारी साझा की है। जिसके चलते उज्जैन सहित प्रदेश के कई जिलों में 4 दिन तक बारिश हो सकती है।

### धार्मिक नगरी में बढ़ रही परेशानी

बारिश के मौसम में धार्मिक नगरी में आवागमन परेशानी भरा दिखाई दे रहा है। सिंहस्थ 2028 को लेकर पूरे शहर में निर्माण कार्य के साथ सीवरेज की खुदाई का काम चल रहा है। जिसके चलते गली-मोहल्लों से लेकर कई मार्गो पर कीचड़ फैलता दिखाई दे रहा है। वाहन फिसल रहे और लोगों को चोंट लग रही है। खुदाई और बारिश के बीच सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को महसूस हो रही है। जिन्हे कीचड के बीच से होकर गुजरना पड रहा है। खुदाई के चलते कई मार्गो पर जाम के हालत बने हुये है। 3 अगस्त से सावन माह की शुरू हो रही है। प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं का देशभर से आगमन होगा और कावड़ यात्री भी आयेंगें। मार्गो पर सीवरेज की खुदाई सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है।

# कंजरों से 7 लाख के आभूषण और 11 बाइक बरामद,एक साथी की तलाश

## बाइक खरीदने वाला गिरफ्तार





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चार सूने मकानों में वारदात करने और बाइक चोरी में शामिल कंजर गिरोह के 2 बदमाशों से 7 लाख के आभूषणों और 11 बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया है। बाइक चोरी में दोनों बदमाशों का एक साथी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि वाहन चोरी के मामले में कंजर गिरोह के 2 बदमाशों अविनाश पिता सीताराम हाड़ा 27 साल और अमिश पिता रंजीत झांझा 21 साल निवासी ग्राम रूलकी कंजर डेरा को हिरासत में लिया गया था। उनके पास से माधवनगर थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक बरामद होने पर पूछताछ शुरू की गई थी। दोनों से पता चला कि जून माह के प्रथम सप्ताह में थाना क्षेत्र की बाफना पार्क कालोनी में रहने वाले भारतसिंह राठौर के सूने मकान में चोरी को अंजाम दिया था। दोनों नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवधाम कालोनी में रहने वाले प्रशांतिधाम कालोनी के प्रोफेसर अजहरूद्दीन सिद्धिकी और रामसहारे के साथ एक अन्य मकान में भी चोरी कर चुके थे। 2 थाना क्षेत्र के चार मकानों में हुई नकबजनी की वारदात के साथ बाइक चोरी का खुलासा होने बरामदगी के प्रयास शुरू किये गये। दोनों बदमाशों से 7 लाख रूपये से अधिक के आभूषण और 11 बाइक बरामद हो गई। दोनों को न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि कुछ ओर वारदातों की जानकारी सामने आ सकती है।

### एक बाइक बेरछा में थी बेची

थाना प्रभारी कनोडिया के अनुसार कंजर गिरोह के दोनों बदमाशों से पूछताछ में पता चला कि चोरी की एक बाइक शाजापुर के ग्राम बेरछा में रहने वाले सद्दाम को बेची गई है। पुलिस टीम ने सद्दाम को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक खरीदने का आरोपी बनाया है। दोनों इंदौर के लसुड़िया, कायथा, माधवनगर थाना क्षेत्र से बाइक चुरा चुके थे, बाइक चोरी में उनका साथी महेन्द्र भी शामिल रहता था। थाना प्रभारी ने बताया कि 9 बाइक महेन्द्र के यहां से बरामद की गई है। दबिश के दौरान वह फरार हो गया था।

### ट्रेक्टर से उड़ाये थे 1.50 लाख

दोनों बदमाशों से 8 अप्रैल अंजूश्री होटल के सामने खड़े ट्रेक्टर से किसान की डेढ़ लाख रूपयों से भरी थैली उड़ाने की वारदात को भी अंजाम दिया था। दोनों अपने साथी के साथ कुछ-कुछ दिनों के अंतराल में शाजापुर से उज्जैन आते थे और रैकी करने के बाद वारदातों को अंजाम देते थे। दोनों 24 मई को नागझिरी थाना पुलिस की वाहन चैकिंग में चकमा देकर भाग भी निकले थे।

### पुलिस मांगेगी प्रोटेक्शन रिमांड

नागझिरी के तीन मकानों में हुई चोरी का कंजरों से खुलासा होने पर पुलिस अपने क्षेत्र की चोरियों के संबंध में पूछताछ के लिये दोनों कंजरों का न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट जारी करायेगी। इंदौर पुलिस भी बाइक चोरी में पूछताछ के लिये उज्जैन आ सकती है।

# रिमांड पर आभूषण व्यापारी को लूटने वाले 7 बदमाश

## मुख्य आरोपी अस्पताल में, आभूषण-नगदी मिली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



आभूषण व्यापारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 8 बदमाशों को मंगलवार-बुधवार रात पुलिस ने घेराबंदी में दबोच लिया था। वारदात का मुख्य आरोपी घायल हो गया था। पुलिस ने उसके 7 साथियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया, जहां से 6 दिन की रिमांड पर लिया गया है।

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि 25 जुलाई की देर शाम इंगोरिया चौपाटी से आभूषण दुकान बंद कर सोनू सोनी निवासी ग्राम बलेड़ी अपने ससुराल तिरूपति सॉलिटियर लौट रहा था। कुछ समय से वह ससुराल में निवास कर रहा है। उसी दौरान उज्जैन-बड़नगर फोरलेन स्थित ग्राम नलवा पेट्रोल पंप के पास उसे रोक बदमाशों ने 50 हजार रूपये नगद और लाखों के आभूषण लूट लिये थे। मामला दर्ज कर बदमाशों की धरपकड़ के लिये सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल, प्रधान आक्षक राहुल कुशवाह और सायबर सेल के साथ टीम बनाई गई थी। 48 घंटे में घेराबंदी कर लूट में शामिल सुभाष पिता मुकेश ग्राम कसारी रतलाम, पदम पिता जगदीश खारवा कला ताल, वीरेन्द्र पिता गोरेलाल चौहान बहादूरखेडा कपेली, राधेश्याम पिता नगजीराम सोलंकी सूरजपुरा तराना, प्रद्युमन पिता गौरेलाल पंवार कसारी रोड ताल, दीपक पिता राजेश, अंकित पिता घनश्याम मोगिया निवासी बमनापाती इंगोरिया और महेश पुत्र कमल पंवार निवासी ताल को गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी में सुभाष और प्रद्युमन घायल हो गये थे। दोनों को अस्पताल लाया गया। जहां सुभाष को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। बुधवार दोपहर सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 6 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में 33 हजार रूपये नगद और 67 हजार के आभूषण बरामद कर लिये गये है। शेष आभूषण, नगदी और लूट में प्रयुक्त वाहन बरामद करने का प्रयास जारी है। लूट का मास्टर माइंट सुभाष सामने आया है। जिसे अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर कोर्ट में पेश किया जायेगा। संभावना है कि रिमांड पर लिये गये बदमाशों से कुछ ओर वारदातों का पता चल सकता है।

### सच्ची गुरु दक्षिणा-नाटिका के माध्यम से की गुरु भक्ति


**उज्जैन।** मालवा विभूषण पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा की दिव्य कृपा एवं पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्नसूरीश्वरजी महाराजा के शुभ सान्निध्य में अरविंद नगर स्थित मंदिर में बुधवार को धार्मिक मॉल (संस्कार शिविर) में बालक बालिकाओं ने आकर्षक नाटिका सच्ची गुरु दक्षिणा प्रस्तुत की। चातुर्मास के दौरान धर्मसभा में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच इस आयोजन ने लोगों का मन मोह लिया। सुबह गुरुदेव की पूजन-आरती कर आशीर्वाद लिया गया। नाटिका के माध्यम से संदेश दिया गया कि गुरु की वास्तविक दक्षिणा धन या वस्तु नहीं, बल्कि उनके उपदेशों को जीवन में उतारना, सदाचार अपनाना और धर्ममार्ग पर चलना ही सच्ची गुरु दक्षिणा है। प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और सभी ने बच्चों की प्रतिभा एवं संस्कारों की सराहना की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पधारे गुरु भक्तों ने भी भक्ति गीत, संगीतमय प्रस्तुतियों एवं प्रेरक कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित की।

### भैरव महाराज मंदिर में सिसौदिया परिवार द्वारा पूजन अर्चन किया



**उज्जैन।** गुरू पूर्णिमा पर्व पर मुल्लापुरा स्थित भैरव महाराज मंदिर में सिसौदिया परिवार द्वारा पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर भेरूलाल सिसौदिया, विक्रम सिसौदिया, दिनेश सिसौदिया, संतोष सिसौदिया, लेकेन्द्र सिसौदिया, राहुल सिसौदिया, संदीप सिसौदिया, उमेश सिसौदिया, राजकुमार सिसौदिया,रचित सिसौदिया, शिवाय सिसौदिया, गौरी (एकता) सिसौदिया , हितांशु सिसौदिया आदि ने भैरव महाराज की महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया।


# चाकूबाजी में घायल का बमुश्किल किया गया डॉक्टरों द्वारा उपचार



**उज्जैन।** चिंतामण ब्रिज नीलगंगा थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार रात नशे में धुत एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने चाकू मार दिये थे। उसे घायल हालत में रात 12.30 चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर और ड्युटी कम्पाउंडर ने बमुश्किल उसका उपचार किया और वार्ड में भर्ती किया।

चिंतामण ब्रिज पर रात में एक व्यक्ति घायल हालत में पड़ा था, ब्रिज से गुजरने वालों का लगा कि उसके साथ दुर्घटना हुई है। एम्बुलेंस का सूचना दी गई, काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। घायल को वहां से गुजर रहा नगर सैनिक चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। घायल नशे की हालत में था, वह उपचार करने का तैयार नहीं था, इमरजेंसी कक्ष से बाहर निकल गया और ड्युटी डॉक्टर के साथ ड्युटी कम्पाउंडरों से अभ्रदता करने लगा। उसके पास से मोबाइल मिली था, जिसमें दर्ज नम्बरों पर कॉल करते ही कुछ देर में उसकी पत्नी और परिचित अस्पताल पहुंचे। घायल को बमुश्किल काबू में किया गया चैकअप किया तो पता चला कि उसे पांच चाकू के गहरे घाव है, जो दोनों पैरों के पिछले हिस्से पर लगे है। पत्नी ने बताया कि विद्यापति नगर में रहने वाले रविराज पिता राजाराम बोरासिया 40 साल है। पत्नी का कहना था कि पेशे से एडवोकेट है, लेकिन नशे के आदी हो चुके है। पत्नी यह बताने में असमर्थ थी कि पति के साथ किसने चाकूबाजी की है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई और घायल को भर्ती किया गया। पुलिस बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। घायल के नशे में होने पर उसे किसने चाकू मारने यह भी याद नहीं था।

## प्रयास करते रहिए कमी होगी दूर मिलेगी सफलता



जीवन में जोखिम उठाएं, जीत गए तो नेतृत्व करेंगे और हार गए, तो दूसरों के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। स्वामी विवेकानंद की इन पंक्तियों में जीवन-संघर्ष का सार छिपा है। समाज में ऐसे अनेक लोग मौजूद हैं, जो कोई न कोई बड़ा सपना लेकर चलते हैं, लेकिन एक-दो बार असफल होने के कारण अपनी कोशिशों को बीच में ही छोड़ देते हैं और पीछे हट जाते हैं। उन्हें पता ही नहीं होता कि वे सफलता के करीब से वापस आ गए हैं, क्योंकि हर प्रयास में व्यक्ति पहले से बेहतर बनता है और अपने व्यक्तित्व में कुछ न कुछ अनुभव शामिल करता है।

कोई व्यक्ति किसी नई जगह पर पहली बार जाता है, तो उसे वहां जाने का रास्ता नहीं पता होता, ऐसे में रास्ते में उसका बहुत समय जाया हो जाता है। और जब वह फिर उसी स्थान पर जाएगा, तो उसके पास रास्ते का ज्ञान होगा और आने वाली समस्याओं से बाहर निकलने का भी अनुभव होगा। इसी तरह, जब कोई व्यक्ति कोशिश करता है, तो उसे जीवन में कई ऐसे अनुभव मिलते हैं, जो कभी व्यर्थ नहीं जाते। जन्म से ही समस्याओं का समाधान ज्ञात होता है, बल्कि जीवन में लिए गए अपने निर्णयों, कार्यों से प्राप्त अनुभवों से संचित किया जाता है। मशहूर है कि थॉमस अल्वा एडिसन ने कई विफलताओं के बाद बल्ब की खोज की थी। उन्होंने हर प्रयास में कुछ नया सीखा और उसे अगले प्रयास में शामिल किया। तभी उन्होंने कहा,ह्यमैं कभी असफल नहीं हुआ, मैंने बस दस हजार तरीके खोजे, जो कारगर सिद्ध नहीं हुए।



सम्पादकीय

# इस्तीफों के नफा-नुकसान

कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के आंदोलन के बाद अंततः शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसे ह्यदेर आयद दुरुस्त आयद इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यहां तक आते-आते सरकार ने बहुत देर कर दी। सरकार के लिए राहत की बात बस इतनी कही जा सकती है कि जो छात्र आंदोलन गले की हड्डी बनता जा रहा था, वह फिलहाल के लिए तो खत्म हो गया है। इसी तरह सरकार इस मसले पर संसद के भीतर विपक्ष की लामबंदी के भी समाप्त होने की उम्मीद के साथ कुछ जरूरी विधेयकों को आगे बढ़ा सकती है।

जिस सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री का यह बयान सदाबहार रहा हो कि इस सरकार में कभी इस्तीफे नहीं होते, वहां धर्मेंद्र प्रधान की रवानगी कई लोगों को हैरान करने वाली लग सकती है। इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। इस्तीफे के तुरंत बाद सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके की यह हुंकार कि झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए में अनेक लोग सरकार की पराजय जैसे भावार्थ निकाल सकते हैं। हालांकि अगर इसे सरकार की हार मान भी लिया जाए तो विपक्ष के लिए भी यह कोई बहुत खुश होने का अवसर नहीं है। इसकी दो वजहें हैं-देश में कोई भी यह मानने को तैयार नहीं कि प्रधान ने इस्तीफा विपक्ष के दबाव में दिया। इसका पूरा श्रेय छात्रों के आंदोलन को ही दिया जा रहा है। प्रधान से इस्तीफा दिलवाकर सरकार ने एक तरह से विपक्ष से वह मुद्दा छीन लिया है, जो शिक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर बन सकता था और इससे सरकार और अधिक मुसीबतों से घिर सकती थी। अब माना जा सकता है कि सरकार पूरे मसले को रफा-दफा करके पूर्व वाली स्थिति में आ जाएगी। वह भविष्य में भी सीजेपी की बात ही ज्यादा सुनेगी, ताकि कांग्रेस और सपा जैसे प्रमुख विपक्षी दलों को नजरअंदाज करने का एक नैरेटिव बना सके।

इस पूरे परिप्रेक्ष्य में इस्तीफों के इतिहास को भी समझने के साथ ही इस्तीफों को लेकर सियासी नफा-नुकसान के बारे में जानना भी समीचीन होगा। एक तात्कालिक आम धारणा यही बनती है कि किसी राजनीतिक हस्ती के इस्तीफे का मतलब है उसके राजनीतिक करियर का खात्मा, लेकिन असल में ऐसा नहीं होता है। एमजे अकबर जैसे कतिपय उदाहरणों को छोड़ दें तो पता चलेगा कि जिस भी शख्स ने इस्तीफा दिया, उसने उसी ताकत के साथ वापसी भी की। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तो लाल बहादुर शास्त्री हैं।

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवा सही राह चुने

# युवा चेतना का द्वंद्व : परिवर्तन और भटकाव के बीच

यौवन जीवन का सबसे उर्वर और सबसे बेचैन समय है। इसी आयु में स्वप्न सबसे बड़े होते हैं, प्रश्न सबसे तीखे होते हैं और अन्याय के प्रति असहमति सबसे मुखर होती है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब समाज



स्नेहलता श्रीवास्तव
(दैनिक अवन्तिका)

जड़ता, अन्याय या विषमता के बोझ तले दबा है, तब-तब परिवर्तन की पहली आहट युवा मन से ही उठी है। इसलिए आंदोलन केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि युवा चेतना की मनोवैज्ञानिक, नैतिक और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति होती है। किंतु यही ऊर्जा यदि विवेक से न जुड़ सके, तो परिवर्तन का माध्यम बनने के स्थान पर विनाश का औजार भी बन सकती है।



मनोविज्ञान बताता है कि किशोरावस्था से प्रौढ़ता की ओर बढ़ता युवा अपनी पहचान की खोज में रहता है। वह समाज में अपनी भूमिका भी निर्धारित करना चाहता है। इसी कारण उसके अंतस में आदर्शवाद प्रबल होता है। शिक्षा, रोजगार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या भविष्य की अनिश्चितता जब उसके सामने प्रश्न बनकर खड़ी होती है, तब व्यक्तिगत पीड़ा सामूहिक चेतना का रूप धारण कर लेती है।

भारतीय साहित्य ने इस युवा चेतना को सदैव सम्मान दिया है। सुभद्रा कुमारी चौहान की पंक्तियाँ झ ₹बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी, युवा शक्ति का उत्सव हैं। दिनकर की हुंकार ₹सिंहासन खाली करो कि जनता आती है₹, अन्याय के विरुद्ध जागृत जनशक्ति की आवाज है। मुक्तिबोध की ₹परम अभिव्यक्ति₹ आत्मचेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की खोज है। सभी चिंतक मानते रहे हैं कि विरोध या आंदोलन तभी सार्थक हैं जब वह नैतिकता और मानवीय मूल्यों की सशक्त भूमि पर खड़ा हो।

आज का युवा ऐसे समय में जी रहा है जहाँ अवसर और संकट साथ-साथ हैं। डिजिटल माध्यमों ने उसकी आवाज को वैश्विक मंच दिया है। जलवायु परिवर्तन, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और सामाजिक न्याय जैसे प्रश्नों पर उसकी सक्रियता आशा जगाती है। किंतु सोशल मीडिया ने आंदोलनों को कई बार तात्कालिक उत्तेजना तक सीमित कर दिया है। अध्ययन और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के स्थान पर क्षणिक प्रतिक्रियाएँ हावी होने लगी हैं।

ये स्थितियां एक गंभीर चुनौती और संकट भी सामने लाती हैं। जिस युवा मन में परिवर्तन की तीव्र आकांक्षा है, वही राजनीतिक स्वार्थों, कट्टर विचारधाराओं और राष्ट्र-विरोधी या असामाजिक शक्तियों के लिए सबसे आसान लक्ष्य भी बन जाता है। अनुभव की कमी और भविष्य की अनिश्चितता का लाभ उठाकर उसे यह विश्वास दिलाया जाता है कि वह किसी महान उद्देश्य का वाहक है, जबकि वास्तविकता में वह किसी छिपे हुए एजेंडे का मोहरा बन जाता है।

सामाजिक और आर्थिक विषमता, बेरोजगारी और सामाजिक उपेक्षा जैसी वास्तविक समस्याएँ यदि समाधान नहीं पाती हैं, तो यही असंतोष भड़काऊ नारों के लिए ईंधन बन जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचार, आधे-अधूरे तथ्य और भावनात्मक उकसावे उसकी विवेकशीलता को प्रभावित करते हैं। कभी धर्म, कभी जाति और कभी विचारधारा के नाम पर उसे हिंसा और अराजकता की ओर मोड़ दिया जाता है। ऐसे में सबसे अधिक क्षति स्वयं युवा वर्ग की ही होती है।

किसी भी आंदोलन की सफलता मात्र युवा ऊर्जा से नहीं, बल्कि उसके नैतिक आधार, वैचारिक स्पष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व से निर्धारित होती है। जिस आंदोलन में करुणा, तर्क और लोकतांत्रिक मर्यादा बनी रहती है, वही समाज को नई दिशा देता है, इसके विपरीत जब आंदोलन घृणा, हिंसा और अंधानुकरण का रूप ले लेता है, तब वह अपने उद्देश्य से भटक जाता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि युवा पीढ़ी में केवल आक्रोश नहीं, बल्कि विवेक भी विकसित हो। शिक्षा उन्हें आलोचनात्मक चिंतन का संस्कार दे, साहित्य संवेदना और नैतिक दृष्टि प्रदान करे तथा समाज और शासन उनकी समस्याओं के समाधान का विश्वास पैदा करें। युवा को भी यह समझना होगा कि हर आकर्षक नारा सत्य नहीं होता और हर विरोध परिवर्तन का पर्याय नहीं होता।

युवा मन किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूँजी है। उसकी ऊर्जा को दबाना नहीं, दिशा देना आवश्यक है। जब युवा चेतना आदर्शवाद, अध्ययन, विवेक और राष्ट्रहित से जुड़ती है, तब आंदोलन इतिहास बदलते हैं; किंतु जब वही चेतना छल, उन्माद और स्वार्थ के हाथों में चली जाती है, तब वही शक्ति विनाश का कारण बन जाती है। इसलिए समय की पुकार है कि युवा केवल परिवर्तन के वाहक नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण परिवर्तन के निमार्ता बनें। तभी उनका आक्रोश सृजन में, उनकी बेचैनी विकास में और उनका आंदोलन राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य में रूपांतरित हो सकेगा।

आज युवाओं को समझना होगा कि आंदोलन केवल सड़कों पर उतरने का नाम नहीं है; वह राष्ट्र की चेतना को झकझोरने का एक सशक्त माध्यम है। आज आवश्यकता ऐसे आंदोलन की है जो सत्ता परिवर्तन नहीं, व्यवस्था परिवर्तन का स्वप्न देखे; जो अधिकारों के साथ कर्तव्यों की भी बात करे; जो आक्रोश को हिंसा में नहीं, सृजन में रूपांतरित करे। देश को भी याद रखना होगा कि जब युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, न्यायपूर्ण अवसर और भविष्य पर विश्वास मिलेगा, तभी उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण की धारा बनेगी। अन्यथा यही ऊर्जा निराशा, पलायन और असंतोष का रूप लेकर समाज और देश के लिए चुनौती बनती रहेगी।

## कंजूस कैसे बनें?

पड़ोस के गुप्ता जी जब मुस्कुराते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे उनके चेहरे का हर मसल अपनी मेहनत की दिहाड़ी मांग रहा हो। वैसे तो गुप्ता जी इंसान भले हैं, पर अपनी जेब के मामले में वे मुगल सल्तनत के उन बादशाहों जैसे हैं जो एक-एक अठन्नी का हिसाब रखने के लिए पूरे वजीर की फौज खड़ी कर दें। शहर में जब भी किसी को 'बचत' पर कोई रिसर्च करनी होती, तो वो सीधे गुप्ता जी की बैठक में आकर टहलने लगता। उनके घर में जब नया टूथपेस्ट आता है, तो पुराने वाले के साथ वो-वो यातनाएं होती हैं जिन्हें देखकर किसी का भी कलेजा कांप जाए। बेलन से पछाड़ने के बाद उसे बीच से काटा जाता है, फिर उसकी हर दीवार को ऐसे खुरचा जाता है जैसे किसी पुरातत्व विभाग वाले को हड़प्पा सभ्यता का सबसे बड़ा खजाना मिल गया हो। जब वो टूथपेस्ट एकदम रूह की तरह हवा हो जाता है, तब कहीं जाकर नए वाले का सील टूटने की नौबत आती है। और ये तो बस शुरूआत है, क्योंकि गुप्ता जी की नजर में दुनिया का सबसे बड़ा अपराध है - किसी भी चीज का मुफ़्त में न मिलना या किसी चीज का इस्तेमाल किए बिना फेंक दिया जाना।

गर्मियों के दिनों में जब पूरा मोहल्ला पंखे और कूलर की हवा के लिए बिल के पन्ने पलट-पलटकर रोता है, गुप्ता जी की गणित अलग ही तल पर चल रही होती है। उनके घर में मेहमान आ जाए, तो चाय बनने से पहले गुप्ता जी खिड़की का पर्दा थोड़ा खिसकाकर सूरज की दिशा देखते हैं। अगर धूप ढल रही हो, तो मेहमान को इतनी सहजता से बालकनी में ले जाकर बिठाते हैं कि मेहमान को लगता है कि उसे दुनिया का सबसे हसीन नजारा दिखाया जा रहा है, जबकि असल में गुप्ता जी पंखे की बिजली का आधा यूनिट बचा रहे होते हैं। रसोई में अगर चाय उबल जाए, तो बची हुई पत्ती को दोबारा सुखाकर 'शाम की चाय' के लिए सहेज लेना उनके लिए किसी महान उपलब्धि से कम नहीं होता।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 30 जुलाई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:00 सूर्यास्त 19:06
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - एकम 21:31 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - श्रवण 17:43 उपरांत धनिष्ठा
योग - आयुष्मान 24:05 उपरांत सौभाग्य
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 15 तारिख

**मेष-** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है।

**मिथुन-** कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कर्क-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है।कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंह-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**तुला-** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी।

**धनु-** भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति पर व्यय होगा।

**मकर-** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी।

**कुंभ-** कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**मीन-** किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

समसामयिक

# इसे काकरोच पार्टी की जीत कहें या मोदी सरकार की संवेदनशीलता

लोकतंत्र में किसी आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि आंदोलन समाप्त हो गया, सरकार ने कुछ आश्वासन दिए या आंदोलनकारियों की बात सुनते हुए समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए। वास्तविक कसौटी यह होती है कि क्या उस प्रक्रिया से किसी जनसमस्या का समाधान निकला और क्या उससे लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा संवाद की संस्कृति को बल मिला।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

हाल ही में जंतर-मंतर पर काकरोच पार्टी का आंदोलन समाप्त हुआ। इसके बाद पार्टी के कुछ नेताओं ने इसे अपनी बड़ी राजनीतिक जीत बताते हुए सार्वजनिक रूप से कहा कि सरकार झुकती है, उसे झुकाने वाला चाहिए। यदि यही आंदोलन की आधिकारिक राजनीतिक व्याख्या है, तो यह केवल विजय-घोषणा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श का भी विषय है। ऐसी भाषा में राजनीतिक आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्ममुग्धता का आभास भी मिलता है, जो लोकतांत्रिक संवाद की मूल भावना के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र में सरकार का संवाद के लिए आगे आना या किसी मांग पर पुनर्विचार करना उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि संवैधानिक उत्तरदायित्व और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का दायित्व है कि वह जनता की बात सुने, विरोध के अधिकार का सम्मान करे और आवश्यकता पड़ने पर अपने निर्णयों की समीक्षा भी करे। यदि इस स्वाभाविक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सरकार को झुकाना कहा जाए, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की अपेक्षा राजनीतिक वर्चस्व की मानसिकता को अधिक प्रतिबिंबित करता है।

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा में संवाद को कभी पराजय नहीं माना गया। यदि सरकार जनता की अपेक्षाओं विशेषकर विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बातचीत का मार्ग अपनाती है, तो यह उसकी परिपक्वता है। इसी प्रकार यदि विपक्ष या कोई राजनीतिक दल जनहित के किसी मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाता है और उसके परिणामस्वरूप सकारात्मक परिवर्तन होते हैं, तो उसका लोकतांत्रिक योगदान भी स्वीकार किया जाना चाहिए। किंतु लोकतांत्रिक श्रेय और राजनीतिक अहंकार के बीच एक स्पष्ट अंतर होता है। वर्तमान राजनीति में लगभग प्रत्येक निर्णय को किसी एक पक्ष की जीत और दूसरे की हार के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जंतर-मंतर आंदोलन की समाप्ति के बाद भी विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने दृष्टिकोण से इसका श्रेय लेने का प्रयास करेंगे। किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र के सहयोगात्मक चरित्र को कमजोर करती है। यदि हर संवाद के बाद कोई पक्ष स्वयं को विजेता और दूसरे को पराजित घोषित करने लगे, तो भविष्य में सार्थक संवाद की संभावनाएँ भी प्रभावित हो सकती हैं।

यह भी स्मरणीय है कि सरकारें किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। इसलिए किसी आंदोलन के बाद सरकार यदि चर्चा या समाधान की दिशा में आगे बढ़ती है, तो वह किसी दल के दबाव में नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन के तहत ऐसा करती है। ऐसी परिस्थितियों में सभी पक्षों से संयम, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मयार्दा की अपेक्षा स्वाभाविक है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि स्थायी समाधान टकराव या अहंकार से नहीं, बल्कि संवाद, सहमति और पारस्परिक सम्मान से प्राप्त हुए हैं। विपक्ष का दायित्व सरकार से कठोर प्रश्न पूछना और जनहित के मुद्दों को उठाना है, जबकि सरकार का दायित्व आलोचना को लोकतांत्रिक भावना से स्वीकार करना और आवश्यक होने पर सुधारात्मक कदम उठाना है। यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

# मोबाइल व गैजेट्स से बचपन हो रहा मिर्गी का शिकार

मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बड़ों से ज्यादा बच्चों को बीमार कर रहे हैं। एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में मिर्गीग्रस्त बच्चों की संख्या में वृद्धि को देख डॉक्टरों ने इसकी मुख्य वजह मोबाइल फोन को माना है। 2017 में 74 बच्चे मिर्गी पीड़ित पहुंचे थे, वहीं फरवरी 2020 में यह संख्या बढ़कर 1432 तक पहुंच गई है। ये आंकड़ा तो सिर्फ जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज का है।

सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य मिशन के तहत हर जिले में डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेशन सेंटर खोला गया है। इन सेंटरों में कई बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का इलाज किया जाता है। जिस बीमारी का यहां पर इलाज संभव नहीं हैं, उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है। यूपी में दो मेडिकल कॉलेजों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें पूर्वांचल में केजीएमयू लखनऊ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एएमयू का जेएन मेडिकल कॉलेज शामिल है। इसके लिए बजट भी जारी किया गया है।

### ये हैं मिर्गी के लक्षण -

- हाथ-पैरों में जकड़न व कंपन, आंखों का ठहर जाना, बातचीत न कर पाना, मुंह में लार या झाग निकलना,



एक हाथ या पैर अकड़ना या टेढ़ा हो जाना।

- दो से छह साल तक की उम्र में ज्यादा : दो से छह साल तक के बच्चों में मिर्गी तेजी से बढ़ रही है। मेडिकल कॉलेज पहुंचने वाले बच्चों में ऐसे बच्चों की संख्या सर्वाधिक है।

### बच्चे के अचानक दौरा पड़ने पर क्या करें-

- घबराएं नहीं, मरीज के सिर को सहारा देना।
- गले में बंधी कोई भी चीज को खोल देना।
- बच्चे को एक तरफ करवट दें।
- बच्चे के मुंह में कुछ न रखें।
- बच्चे को उलट-पुलट न करें।
- बच्चे को इमरजेंसी स्प्रे दें।
- होश न आ रहा हो तो एम्बुलेंस को फोन करें।
- नजदीकी चिकित्सक को दिखाएं।

### ऐसे करें जांच-

-सबसे पहले बच्चे को विशेषज्ञ के पास ले जाएं। यह पता होना जरूरी है कि मिर्गी है या नहीं। बच्चे की एमआरआई, ईसीजी व खून की जांच के बाद दवा शुरू की जाती है।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

दवा रोज समय से लें। एक भी खुराक न छोड़ें। पानी बराबर पीते रहें। आधे घंटे में उल्टी होने पर दवा की खुराक दोहराएं। उपयोग करने से पहले बोतल को हिलाएं। खाना समय से खाएं। खाली पेट न रहें। पूरी नींद लें। भीड़भाड़, तेज आवाज में संगीत या ज्यादा शोर वाली जगह से बचें। मोबाइल फोन या टेलीविजन का उपयोग कम से कम करें।


### सावधानियां बरतें-

- साइकिलिंग और तैराकी अभिभावक की देखरेख में ही करें।
- स्कूली यात्रा में जाने पर समय से दवा लें।
- अच्छी नींद लें।
- जरूरत पड़ने पर प्राथमिक चिकित्सा लें।
- बच्चें की बीमारी छिपाए नहीं। बच्चे का
- आत्मविश्वास बढ़ाते रहें।

धर्म-आस्था

# पूर्वाग्रह से दूर रहें तो पॉजिटिविटी आ ही जाती है

कठिन समय में सकारात्मक कैसे रहें? प्रश्न गंभीर है और इसका उत्तर उसी के पास है जो अपने आपको जीवन पथ पर अकेला नहीं समझता है। जमाना खराब है, संभल कर रहो। यह सीख आपको हमेशा बड़े-बुजुर्ग, दोस्त, सहकर्मी देते हैं। एक-दूसरे से विदा लेते हुए भी हम कहते हैं, अपना ध्यान रखना। इस कथन में भी अपने प्रियजन के प्रति चिंता प्रकट होती है, जो कई मायनों में हमारे समाज की बढ़ी हुई नकारात्मकता को सूचित करता है। इससे कोई अछूता नहीं है। अखबार की सुर्खियों या टीवी पर आने वाली अधिकांश खबरों में दुख, कठिनाइयां, विपदाएं, मनुष्य के हिंसात्मक व्यवहार का बोलबाला है।



यकीन मानिए ये सारे नकारात्मक संवाद आपको गहराई तक प्रभावित करते हैं जिनकी अभिव्यक्ति उस समय सुस्पष्ट होती है जब आप जीवन में किसी मुश्किल में फंस गए होते हैं। अब ऐसी कोई जिंदगी तो है नहीं जो बाधाओं से अछूती हो। समस्याओं को लेकर ईश्वर ने कोई कोताही नहीं की है और हरेक के हिस्से में समस्याएं आई हैं। दुष्कर परिस्थितियों का सामना करते हुए आशावान रहना अत्यंत कठिन है। हालांकि मोटिवेशनल गुरुओं द्वारा आशावान रहने की शिक्षा बहुतायत से दी जाती है। परंतु जब जीवन में अपेक्षानुरूप कुछ भी नहीं हो रहा हो उस समय हिम्मत, उत्साह बनाए रखना माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने जितना मुश्किल काम हो जाता है। उम्मीद के दीपक जलते रहें, इसके लिए उम्मीद की बाती भी तो चाहिए। आस से ही आस की डोर बंधती है मगर कई बार परिस्थितियां इतनी विकट हो जाती हैं कि कुछ भी सोचे अनुसार नहीं होता। इस समय आशावान बने रहने के लिए व्यक्तित्व में आमूल-चूल बदलाव की आवश्यकता है। आपको स्वयं को रूपांतरित करना होगा। फिर निराशा, नकारात्मकता आपके व्यक्तित्व को छू भी नहीं सकेंगी।

घृणा और मोह को ऊर्जा पुरानी यादों से मिलती है। पहले की सारी दुखदायी बातों से घृणा का संबंध है और मोह भूत और भविष्य दोनों के बीच झूल रहा होता है। मोह को बीते हुए सुखदायी पलों से लगाव है और भविष्य में उसका बसेरा है। भविष्य में ही आशा का भी निवास है। यानी आने वाला कल बीते हुए कल से बेहतर होगा यह विचार मात्र आशा को अनुप्राणित करता है। बात फिर वही होगी उम्मीद बांधने के लिए भी उम्मीद चाहिए जो भविष्य की सुंदर कल्पना प्रदान करती है।

छांदोग्य उपनिषद् में प्रसंग है कि नारद जी ने ब्रह्मा पुत्र सनत कुमार से यह प्रश्न पूछा, समग्र वेदों और शास्त्रों के ज्ञान के बाद भी मैं शोक से मुक्त नहीं हुआ। मैंने महात्माओं से सुना है- जो आत्मा को जान जाता है, वह शोक से परे चला जाता है। नारद को ग्लानि थी कि समग्र शास्त्रों ने उन्हें किताबी ज्ञान भरपूर दिया, निराशा फिर भी बरकरार है। सनत कुमार नारद की समस्या का निराकरण करते हुए कहते हैं कि आपने शरीर को सब कुछ मान लिया है, पर वास्तव में आत्मवैदं सर्वम जो आत्मा को सब कुछ मान लेता है उसे हर व्यक्ति में आत्मा का ही प्रकाश दिखाई देता है। दूसरों के विचारों, अन्य की धारणाओं से मन को मुक्त करते ही आप मन की आंखों से आत्मा का दर्शन करते हैं। जो सजग है और पूर्वाग्रह से दूर है, निराशा खुद-ब-खुद उससे दूर चली जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6300 से 6350 विशाल 6050 से 6150 मसूर 6000 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9500 से 9900 उड़द गर्मी 8800 से 9500 ग्रेविटी क्लीन 10000 से 10200 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7200 से 8500 काबुली रशियन 5800 बिटकी 5200 से 5300 सरसों निमाड़ी 7800 से 8100 रायडा 7000 से 7100 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7700 से तुअर दाल 7400 से 7600 मूंग दाल 8800 से 8900 बेस्ट 9000 से 9100 मूंग मोगर 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द दाल 10800 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 12000 से 12300 बेस्ट 12400 से 12700 मसूर दाल 7950 से 8050 बेस्ट 8150 से 8250 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्- 1,41,700 रवा- 1,41,400 चांदी- टंच- 2,23,000 पाट- 2,22,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**शाजापुर।** शाजापुर जिला अस्पताल में मंगलवार को इलाज के दौरान सारंगपुर थाना क्षेत्र के बलोड़ी गांव निवासी 23 वर्षीय लक्ष्मण (पिता बाबूलाल) की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। युवक की शादी एक महीने पहले ही हुई थी। जहरीला पदार्थ खाने से पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें हाथ में सल्फास की गोलियां नजर आ रही थीं और गाना-चला गया चांद कहां आसमां को छोड़ के...ढूंढ रहे हैं सितारे दिल गया तोड़ के लागाया था। हालांकि, उसने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### गुरु पूर्णिमा पर विधायक भीमावद ने समारोह में दिया संबोधन

# अकबर को महान बताने वाली बातें अस्वीकार्य आज की पीढ़ी सुभाष-भगत सिंह को मानती है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर।

शाजापुर के सांदीपनि विद्यालय में बुधवार दोपहर करीब 1 बजे गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि जिला शिक्षा अधिकारी दीपा किर भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन के साथ हुई।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसमें गुरु द्रोणाचार्य और एकलव्य की कहानी पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। दो छात्राओं द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध, सम्मान और समर्पण के भाव को बखूबी दशार्या गया।




**विधायक ने शिक्षा प्रणाली पर रखा अपना पक्ष**

विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने प्राचार्य सविता सोनी से इस बार जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे उन्हें अपना अभिभावक समझकर अपनी समस्याएं बेझिझक साझा कर सकते हैं।

**गुरु-शिष्य परंपरा और संकल्प पर दिया जोर**

विधायक ने जंतर-मंतर पर हुए विद्यार्थियों के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि वे छात्रों के हक के लिए उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि अब शिक्षा प्रणाली में ऋषि-मुनियों और महापुरुषों के योगदान को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से संकल्प लेकर कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया।

शिक्षा पद्धति पर बात करते हुए विधायक ने कहा कि पहले अकबर को महान पढ़ाया गया, जबकि वर्तमान पीढ़ी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी और भगत सिंह को असली नायक मानती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इतिहास के कई महत्वपूर्ण हिस्सों को पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था, जिन्हें पढ़ाया जाना जरूरी था।

## राठौर समाज शुजालपुर को मिला नया अध्यक्ष निर्मल राठौर का सर्वसम्मति से चयन

**शुजालपुर।** राठौर समाज शुजालपुर की बैठक स्थानीय राम मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्मल राठौर को राठौर समाज शुजालपुर का नया अध्यक्ष चुना गया। समाज के पूर्व अध्यक्ष कमलेश राठौर ने बैठक में निर्मल राठौर के अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त अध्यक्ष निर्मल राठौर ने समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए समाज के विकास, संगठन की मजबूती और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सभी के सहयोग से कार्य करने का विश्वास दिलाया। बैठक के समापन पर समाज के सदस्यों एवं नगरवासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



## सामाजिक मुद्दों पर सामूहिक कार्रवाई व ग्रामसभा की भूमिका पर दिया प्रशिक्षण



**शुजालपुर।** कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी उज्जैन के तत्वावधान में केंद्र जामनेर के ग्राम अकलपुरबिंनी में सामाजिक मुद्दों पर सामूहिक कार्रवाई एवं ग्रामसभा की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने ग्रामीणों को सड़क, बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास, बीपीएल कार्ड और उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से पंचायत से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक आवेदन एवं जनसुनवाई में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम विकास के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने तथा ग्रामसभा में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका, ग्रामसभा की उपयोगिता और वर्ष में आयोजित होने वाली चार अनिवार्य ग्रामसभाओं की जानकारी दी गई। अमरसिंह राजपूत ने उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



## अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला ही गुरु होता है- डॉ. मुखिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर महिदपुर में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता डॉ योगेंद्र कुमार मुखिया ने कहा कि व्यक्ति की प्रथम गुरु जन्म देने वाली मां, द्वितीय गुरु धरती माता, तृतीय गुरु उसके पिता चतुर्थ गुरु विद्यालय में अध्ययन कराने वाले आचार्य एवं पंचम गुरु व्यक्ति को आध्यात्म के मार्ग की ओर ले जाने वाला होता है। व्यक्ति कभी भी गुरु के ऋण से जीवन पर्यंत तक मुक्त नहीं हो सकता ।

आपने शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के महत्व को भी बताया। संस्कारहीन शिक्षा के कारण वर्तमान में हो रही घटनाओं पर चिंता भी व्यक्त की, साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर में होने वाली संस्कार मूलक शिक्षा के महत्व को भी बताया। कार्यक्रम में उपस्थित समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल उथरा एवं समिति के सचिव नरेश पालीवाल ने भी भैया बहनों का मार्गदर्शन किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय प्राचार्य श्रीराम कृष्ण उपाध्याय तथा स्वागत भैया बहनों ने किया। अंत में विद्यालय के कक्षा नौवीं एवं दसवीं के छात्रों ने समस्त आचार्य परिवार का गुरु वंदन कर उनका सम्मान किया।

## देवास के 15 लोग 2 हजार किमी वैष्णो देवी रवाना

**देवास।** देवास की महाकाल कॉलोनी से 15 सदस्यीय साइकिल दल मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। यह दल लगभग 2,000 किलोमीटर की यात्रा 25 दिनों में पूरी करेगा, जो करीब दस राज्यों से होकर गुजरेगी।

रवानगी से पहले परिवार के सदस्यों ने यात्रियों को तिलक लगाकर और आरती उतारकर विदाई दी। यात्री अपने साथ मां वैष्णो देवी की एक प्रतिमा भी लेकर चल रहे हैं, जिसकी प्रतिदिन पूजा-अर्चना की जाएगी।

यात्रा से जुड़े रमेश कौशल ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक अभियान के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी देती है। लोकेश विजयवर्गीय ने जानकारी दी कि देवास से शुरू हुई यह साइकिल यात्रा विभिन्न राज्यों से होते हुए जम्मू स्थित मां वैष्णो देवी धाम पहुंचेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', 'पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ', 'रक्तदान कर जीवन बचाओ', 'स्टॉप डैम बनाकर जल संरक्षण', 'योग अपनाकर स्वस्थ जीवन' और 'जैविक खाद को बढ़ावा देने' जैसे सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### शिलनाथ धुनी संस्थान में उमड़ा आस्था का सैलाब

# गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने पूजन-अभिषेक कर लिया गुरु का आशीर्वाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार सुबह श्री शिलनाथ धुनी संस्थान, मल्हार धूनी परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। गुरु पूर्णिमा महोत्सव और संस्थान का स्थापना दिवस धार्मिक परंपराओं और विधि-विधान के साथ मनाया गया।

सुबह से ही बड़ी संख्या में गुरु भक्त और श्रद्धालु संस्थान परिसर पहुंचे। भक्तों ने सतगुरुदेव का पूजन-अभिषेक कर आशीर्वाद लिया और सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और गुरु जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।

महोत्सव की शुरूआत सुबह विशेष पूजन और अभिषेक के साथ हुई। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सुबह 9:30 बजे महाआरती हुई, जिसमें संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और गुरु भक्तों ने शामिल होकर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। श्री मल्हार धूनी संस्थान के प्रबंधक दिलीप शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का पर्व हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन भक्त अपने गुरु के चरणों में नमन कर जीवन में ज्ञान, शांति और सकारात्मक ऊर्जा की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को सही दिशा दिखाता है और जीवन में संस्कारों का महत्व समझाता है।



**ट्रस्ट पदाधिकारी रहे मौजूद**

कार्यक्रम में श्री मल्हार धूनी संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत भल्ला सहित ट्रस्टी भगवानसिंह चावड़ा, राजेंद्र महंत, महेंद्रसिंह पडियार और पंडित गिरीशचंद्र चौधरी मौजूद रहे। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और गुरु परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## बाहरी हाई वॉल्यूम डीजे पर रोक लगाने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**शुजालपुर।** धार्मिक आयोजनों में बाहरी शहरों से आने वाले हाई वॉल्यूम डीजे पर रोक लगाने की मांग को लेकर शुजालपुर डीजे यूनियन ने थाना प्रभारी शुजालपुर मंडी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रमों में बाहर से आने वाले कुछ डीजे संचालक अत्यधिक ध्वनि स्तर पर साउंड सिस्टम संचालित करते हैं। इससे स्थानीय डीजे संचालकों के बीच अनावश्यक प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनती है और कई बार विवाद की आशंका भी बढ़ जाती है। साथ ही तेज आवाज से आमजन को परेशानी होने के साथ ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ता है। यूनियन का कहना है कि बाहरी डीजे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शहर से चले जाते हैं, जबकि यदि किसी प्रकार की कार्रवाई होती है तो उसका प्रभाव स्थानीय डीजे संचालकों पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय संचालक प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए साउंड सिस्टम का संचालन करते हैं। डीजे यूनियन ने पुलिस प्रशासन से धार्मिक आयोजनों में बाहरी हाई वॉल्यूम डीजे के संचालन पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

## गोमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग, सर्व हिंदू समाज ने निकाली रैली

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर में सोमवार को सर्व हिंदू समाज के बैनर तले गोमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने और गोसंरक्षण के समर्थन में जन आह्वान अभियान आयोजित किया गया। इसमें बजरंग दल, भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और हिंदू संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नगर में रैली निकाली।

इस दौरान गोमाता का हो सम्मान, राष्ट्र का बढ़ेगा मान और गौ रक्षाझ्रराष्ट्र रक्षा जैसे नारों से शहर गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि 27 जुलाई से 27 अक्टूबर तक गोसम्मान आह्वान अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य गो संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। रैली का नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से सैकड़ों समाजजन, युवा, महिलाएं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### जैन सोशल ग्रुप मालवा रीजन की कार्यकारिणी गठित

## उमंग जैन अध्यक्ष और मुकेश चन्द्रगोत्रिय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

मध्य प्रदेश मालवा रीजन की संतुलित और सशक्त टीम रीजन के कार्यों को नई दिशा देने के लिए आगे आई है।

रीजन प्रभारी पीयूष जैन ने नयी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे युवा नेतृत्व उमंग जैन नलखेड़ा अध्यक्ष और बडौद ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष मुकेश चंद्रगोत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाएं गए।

राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार मोदी ने बताया की मालवा रीजन की नई टीम युवा और ऊजार्वान टीम है जो पिछले दो वर्षों में हुए मानव सेवा, जीव दया, देश सेवा और चिकित्सा अभियान जैसे ऐतिहासिक सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। अशोक मोदी ने आगे बताया कि प्रांत के ग्रुपों को इसमें उचित प्रतिनिधित्व दिया है चंद्रशेखर सोनी रतलाम, श्रीमती अंतिम बांठिया उज्जैन, श्रीमती अंजलि मेहता सुखेड़ा, अर्पिता रांका सैलाना, अजय चपरोत मंदसौर, अंकित भंडारी आलोट, श्रेयांश सुराणा खाचरोद, स्नेह हिंगड़ पिपलिया मंडी नारायणगढ़, शुभम रुनवाल नलखेड़ा, अभिषेक जैन गौतमपुरा, संजय मेहता जावरा, यशवंत सांखला कालापीपल और ललित जैन बेरछा सम्मिलित किए गए हैं! बड़ौद ग्रुप अध्यक्ष पंकज पिछोलिया ने बताया कि मालवा रीजन में विगत 2 वर्षों में कि गई सेवा गतिविधियों ने फेडरेशन के 32 वर्षों के इतिहास में इसे स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर दिया है बड़ोद ग्रुप ने भी उत्कृष्ट सेवा कार्यों के द्वारा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

नई कार्यकारिणी के गठन पर राष्ट्रीय मार्गदर्शक राजेंद्र जैन पूर्व अध्यक्ष अजीत जैन अशोक कंठाली,प्रकाश नाहर कमलेश नौलखा, विजय कुंडल बोहरा, प्रकाश चोरड़िया व ग्रुप के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामीगण 01 हेमराज पिता श्री नारायण जी, 02 श्रीमती लक्ष्मीबाई पति हेमराज निवासीगण 10, बड़ला बाखल मालीपुरा उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान म्यु क्रमांक 106, खुर्रमशाह जहाँ मार्ग उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका मौके पर कुल क्षेत्रफल 56.30 वर्गमीटर है। उक्त मकान तल लगायत द्वितीय मंजिल आर.सी.सी. का बना हुवा हैं जिसके पूर्व में गली, का मिली है पश्चिम में सड़क मिली है उत्तर में मकान नंन्दराम फकीरचंद्र का मिला है दक्षिण में मकान व बाडा रामस्वरूप जी का मिला हैं, को कय करने की सौदा चिट्ठी करते हुऐ मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय मुल्य में बयाना राशि भुगतान कर दी गई है तथा अनुबंधपत्र का निष्पादन किया जाना हैं और निकट भविष्य में मेरे पक्षकार अपने स्वयं अथवा द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर है यदि उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें। बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लेवेगे और तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक :- 28.07.2026

**जीएच शेख, हाईकोर्ट एडव्होकेट, जीएफ शेख, (सर्विस प्रोवाईडर)**
**123, बेगम बाग चौराहा मस्जिद जामा-ए-शकेब के पास उज्जैन मोबा.**
**9300647361,9303040316 8103674189,**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 55 रकबा 0.460 हेक्टर स्थित ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को शाकिर पटेल पिता श्री अजीज पटेल निवासी नई बस्ती, मगरखेडा, अलवासा तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 29-07-2026 स्थान उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन फोन नम्बर: 9826534221**

In The Court Of V Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, jjain Presiding Officer:
**श्री राकेश कुमार शर्मा**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (MACC/0000058/2022)
**प्रदीप बग्गा------वादी**
**Vs**
**कमल जैन..---- ...प्रतिवादी**
Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 03/09/2026**

**प्रेषिती**

(1) कमल जैन पिता दिनेश जैन पता- कन्हैयालाल मीणा का मकान व्यास का बाडा अंकपात मार्ग उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी प्रदीप बग्गा पिता श्री प्रीतमसिंह बग्गा, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-कन्हैयालाल मीणा का मकान गयास का बाडा अंकपात मार्ग उज्जैन ने आपके विरुद्ध एक फ्रेम आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के अधीन प्रस्तुत किया है कि आपने दिनांक 06/09/2020 को टी व्ही एस एक्सल दो पहिया वाहन क्रमांक एम पी 13 ई एन 0565 को उपेक्षा व लापरवाही से चलाकर कमल को टक्कर मारकर घोर उपहति कारित की, जिसके संबंध में आवेदक ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना दावा केस के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आते. मोटर दर्यटना तारीख 25 जुलाई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**राकेश कुमार शर्मा**
**पंचम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण उज्जैन (म.प्र।)**
**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आबिद हुसैन नागौरी पिता अब्दुल अजीज नागौरी (ABID HUSKIN NAGORI S/O ABDUL AJIJ NAGORI) निवासी 132, केप्टन हीरासिंह मार्ग हाऊस नम्बर 55 से एण्ड तक महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456443 का निवासी होकर आज दिनांक 18/07/2026 से अपना पुराना नाम की स्पेलिंग बदलकर नया नाम आबिद हुसैन नागौरी (ABIDHUSKIN NAGORI S/O ABDUL AJIJ NAGORI) रख लिया है अतः आज के बाद मुझ अपने नये नाम से जाना जावे एवं इसे नाम से व्यवहार किया जावे।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गुलशेर खान पिता फजले अकबर निवासी ठक्कर बप्पा पथ, केसरपुरा महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.) 456443 का निवासी होकर आज दिनांक 15/07/2026 से अपना पुराना नाम गुलशेर (GULSHER) बदलकर नया नाम गुलशेर खान पिता फजले अकबर (GULSHER KHAN S/O FAJALE AKABAR) रखा लिया है। अतः आज के बाद मुझे अपने नये नाम से जाना जावें एवं इसी नाम से व्यवहार किया जावें।

## सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (क्लाइंट) नीचे वर्णित संपत्ति को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (IDFC FIRST BANK Ltd), आगर मालवा शाखा में बंधक (Mortgage) रख रहे हैं। उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री सीताराम गुर्जर, पिता-श्री अमर सिंह, निवासी ग्राम कृपापालपुर, तहसील व जिला आगर-मालवा (म.प्र.) हैं।

संपत्ति का विवरणः ग्राम कृपापालपुर, ग्राम पंचायत घणीखेड़ी, तहसील व जिला आगर-मालवा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 45/4 पर बना एक मकान, कुल क्षेत्रफल 4305 वर्ग फीट (0.04 हेक्टेयर)। चतुर्सीमा (सीमाएं): पूर्वः रास्ता (रोड), पश्चिमः शासकीय भूमि, उत्तरः श्री माखन सिंह / अमर सिंह का मकान, दक्षिणः शासकीय भूमि, उक्त संपत्ति श्री सीताराम गुर्जर, पिता- श्री अमर सिंह की पैतृक संपत्ति है, जो उन्हें अपने परिवार के सदस्यों के बीच हुए बंटवारा आदेश क्रमांक 0043/ए-27/2025-26, दिनांक- 21/08/2025 के माध्यम से प्राप्त हुई है। इस सूचना / प्रकाशन के माध्यम से यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, अथवा इस संपत्ति पर कोई ऋण (Loan), प्रभार (Encumbrance), कर (Tax) या रखरखाव शुल्क बकाया हो, अथवा किसी का कोई अधिकार, स्वत्व या हित हो, या विक्रेता के अन्य विधिक वारिसों (Legal Heirs) को कोई आपत्ति हो, तो ऐसा व्यक्ति, संस्था, विभाग या बैंक इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण/दस्तावेजों के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त समयावधि समाप्त होने के पश्चात किसी की भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक-29.07.2026. उज्जैन,

**कमलेश बामनिया (एडव्होकेट)**
**ऑफिस पता 210, प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.नं. - 6260038664, 9575990464**

## PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the public that my client is mortgaging the below mentioned property in IDFC FIRST BANK Ltd, Agar Malwa Branch. The said property is currentlyowned by the property owner 1. Mr. Seetaram Gurjar S/o Mr. Amar Singh residents of Village Kripalpur, Tehsil and Dist. Agar-MalwaM.P.

The property is located at "A House on a Land Survey No. 45/4 Situated at Village Kripalpur, Gram Panchayat Ghanikhedi Tehsil and Dist. Agar-Malwa Total Area- 4305 Sq. Ft., having a total area of 0.04Hectare.

Boundaries (Chatur Seema):
East: Road
West: Government land
North: House of Mr. Makhan Singh/ Amar Singh
South: Government land

Said Propertyisparental Property ofMr. Seetaram Gurjar S/o Mr. Amar Singh. Hereceived this property wide from the partition order - 0043/A-27/2025-26, Dated - 21/08/2025, executed between his family members.

Through this publication, if any person, institution, bank, or department has any objection regarding this property, or if there are any outstanding loans, encumbrances, taxes, or maintenance dues on the property, or if anyone holds any right, title, or interest, or if any other legal heirs of the sellers have any objection, such person, institution, department, or bank must submit their objection along with written proof before me within 7 days from the date of this notice publication so that it can be resolved.

Otherwise, upon the expiry of the period, no objection from anyone shall be entertained.

Dated: 29/07/2026, Place: Ujjain
Sincerely,

**Advocate: Kamlesh Bamniya**
**Office: 210, Frist Floor, kalvani Tower, Freegunj Ujjain (M.P.) Mo.No. 6260038664, 9575990464**

## पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े समेत 8 आरोपी बरी

**इंदौर।** इंदौर की विशेष सांसद-विधायक कोर्ट ने वर्ष 2020 में आगर-मालवा के बड़ौद थाने में दर्ज शासकीय कार्य में बाधा, धमकी और पुलिस से अभद्रता के मामले में पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े समेत आठ आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। मंगलवार 28 जुलाई को दिए कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। उपलब्ध साक्ष्य और रिकॉर्ड इस बात की पुष्टि नहीं करते कि आरोपियों ने शासकीय कार्य में वास्तविक बाधा डाली या पुलिस पर आपराधिक बल का प्रयोग किया। फैसले में कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी जनप्रतिनिधि या नागरिक का पुलिस अधिकारी से किसी मुद्दे पर विरोध जताना, सवाल पूछना या तर्क-वितर्क करना अपने आप में शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध नहीं माना जा सकता।

## ब्रिक्स सम्मेलन में ब्राजील समेत कई देश के प्रतिनिधि आएंगे

**भोपाल।** भोपाल में 5 से 8 अगस्त तक होने वाले ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 में कई देश के प्रतिनिधि आएंगे। कलाकार समूह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इनमें विदेशी संस्कृति मंत्री भी शामिल होंगे। सर्वे भवंतु सुखिन की सनातन संस्कृति और सभी के लिए समरसता की भावना पर आधारित इस विशेष आयोजन में ब्राजील, इथोपिया, इंडोनेशिया, यूनाईटेड अरब अमीरात (यूएई), साउथ अफ्रीका, क्यूबा, थाईलैंड और बेलारूस आदि देशों के संस्कृति मंत्री एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। ब्रिक्स देशों के सदस्य ब्राजील के संस्कृति मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ऐतिहासिक कलात्मक विरासत संस्थान के अध्यक्ष डेवेसन इजराइल अल्वेस गुस्माओ, वरिष्ठ अधिकारी समिति सदस्य, भाषा अध्ययन के लिए मुख्य कार्यकारी, केफ्यालेव अब्दिस्सा अदुला, धियान्ती अफीफा नबीला युधि (बेला) शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री बोले एमपी में जल्द 1000 के करीब होंगे बाघ

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश देश में बाघ संरक्षण का अग्रणी राज्य है। वर्ष 2022 की गणना के अनुसार प्रदेश में 785 बाघ थे और आगामी गणना में यह संख्या एक हजार के करीब पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथ्वी पर यदि कहीं बाघ इंसानों के सबसे नजदीक रहते हैं तो वह भोपाल और उसके आसपास का क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार नदियों में घड़ियालों का संरक्षण भी कर रही है। पहले घड़ियालों का लाभ राजस्थान को अधिक मिलता था, लेकिन अब प्रयास किए जा रहे हैं कि प्रदेश में छोड़े गए घड़ियाल यहीं सुरक्षित रहें। मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल पूजा-पाठ का पर्व नहीं, बल्कि अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाला उत्सव है।

## पदोन्नति नियमों पर बढ़ा विवाद कोर्ट जाने की चेतावनी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में करीब दस साल बाद शुरू हुई पदोन्नति प्रक्रिया अब विवादों में घिरती जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के नियमों की अनदेखी और उनकी मनमानी व्याख्या करने के आरोप लग रहे हैं। कमर्शियल टैक्स विभाग के बाद अब गृह विभाग के अधिकारियों ने भी पदोन्नति नियम-2025 के प्रावधानों का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए गृह विभाग की सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की है।अधिकारियों का कहना है कि नियमों के अनुरूप पदोन्नति नहीं होने से सामान्य वर्ग और अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के हजारों कर्मचारी एवं अधिकारी पदोन्नति से वंचित रह गए हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसे की वजह फ्यूल-स्विच में खराबी नहीं

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे की वजह फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी नहीं थी। यह जानकारी सरकार ने राज्यसभा में बुधवार को दी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि विमान निर्माता कंपनी के एडवांस टेस्ट में भी इस सिस्टम में किसी तरह की खामी सामने नहीं आई है। हालांकि, पिछले साल जारी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में दावा किया गया था कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद हो गए थे। इससे दोनों इंजन बंद हो गए थे। पिछले साल 12 जून 2025 को लंदन जाने वाली 171 फ्लाइट मेघानीनगर में बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर क्रैश हो गई थी।

## रेड सी में जहाजों पर ट्रैक्स लगाने की तैयारी

**तेहरान/ तेल अवीव।** यमन के हूती विद्रोही रेड सी (लाल सागर) के दक्षिणी हिस्से से गुजरने वाले कारोबारी जहाजों पर शुल्क लगाने की तैयारी कर रहे हैं। रॉयटर्स ने यह जानकारी सूत्रों ने के हवाले से दी है। हालांकि, इसे कब लागू किया जाएगा, इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। बाब अल-मंदेब रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाला दुनिया का अहम समुद्री रास्ता है। रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हूती नेता ईरान गए थे। वहां ईरानी अधिकारियों ने जहाजों पर टैक्स लगाने का आइडिया दिया था।

## नवनियुक्त शिक्षकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**गुना।** सांदीपनि विद्यालय मॉडल गुना में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत विगत दिनों आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक, योग, स्वच्छता एवं जागरूकता आधारित गतिविधियों का भव्य समापन समारोह आज दो चरणों में आयोजित किया गया। समारोह का पहला चरण जिला स्तरीय समापन एवं सम्मान समारोह के रूप में आयोजित हुआ।

# गुरू पूर्णिमा पर- ब्राह्मण समाज की त्रिशूल यात्रा निकाली जाकर सभी संत महात्माओं का पूजन किया

**उज्जैन।** गुरु पूर्णिमा उत्सव गुरु पूजन यात्रा अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा दिनांक 29 जुलाई 026 को प्रात: 10: बजे सांदीपनि आश्रम आश्रम अंकपात मार्ग में गुरु सांदीपनि की पूजन कर गुरु यात्रा प्रारंभ की गई. यात्रा में उज्जैन के सभी प्रमुख अखाड़े के संत महामंडलेश्वर आचार्य संतों का गुरु पूजन कर अभिनंदन किया तथा गुरु स्थान पर उज्जैन को मांस मदिरा से मुक्त कर पवित्र नगर घोषित करने एवं उज्जैन की जीवन धारा शिप्रा नदी को प्रवाह मान करने का संकल्प लिया।

अंकपात गोपाल धाम पर गोपाल धाम के संस्थापक आचार्य दिनेश त्रिपाठी तथा निशा त्रिपाठी के संयोजन में वैदिक ब्राह्मण बटुकों के उपनयन संस्कार में शामिल होकर बटुकों का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि गुरु पूजन यात्रा के माध्यम से समाज में सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने के लिए धर्म गुरुओं के सहयोग और उनके आशीर्वाद की अपेक्षा की गई है।



सनातन धर्म में इन यात्राओं से समाज में जन जागृति पैदा होती है।

त्रिशूल शिवगण वाहिनी संस्थापक आदित्य नागर मैने बताया को उदगम से ही प्रवाहमान करने, उसे निर्मल बनाने तथा उज्जैन पवित्र नगरी को मांस एवं मदिरा मुक्त करने के लिए समस्त संत समाज के माध्यम से जन जागरण किया जा रहा है. इस अवसर पर उन्होंने यज्ञोपवित् धारण करने वाले बच्चों से भी उज्जैन को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सचिव पं. शैलेंद्र द्विवेदी उज्जैन,ओम प्रकाश जोशी, ऐश्वर्या नागर ,रविंद्र भारद्वाज, वीरेंद्र त्रिवेदी, योगेश शर्मा, मुन्नीलाल तिवारी, डॉक्टर घनश्याम शर्मा, रमेश चंद्र रघुवंशी मुकेश त्रिवेदी, कमल जोशी, संजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र त्रिवेदी, गौरव उपाध्याय, पंडित हेमंत व्यास, शिवेंद्र तिवारी, अर्पित दुबे, राजेंद्र बंटी शर्मा, दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी गण यात्रा में शामिल होकर पूजन किया.

**गुरु पूजन यात्रा** - गुरु पूजन यात्रा सांदीपनि आश्रम से प्रारंभ होकर मौन तीर्थ गंगा घाट महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि महाराज, पश्चात मंगलनाथ मंदिर के महंत पूर्व विधायक महंत राजेंद्र भारती ,सिद्धनाथ मंदिर पुजारी पंडित सुधीर चतुर्वेदी एवं सिद्धनाथ पर शंकराचार्य गादी का पूजन कर भैरवगढ़ पुल के पास बगलामुखी धाम नाथ संप्रदाय के महंत पीर गिरी महाराज , शंकर गुरु बालक के कृपा पात्र कृष्ण मित्र वृंदा धाम के पं. गिरीश गुरुजी महाराज , रामानुज कोट अवंतिका पीठाधीश्वर रंगनाथाचार्य जी महाराज, पीर सुंदरपुरी जी महाराज दत्त अखाड़ा उज्जैन,भगवतानंद गिरी महामंडलेश्वर महाराज, आदि संत महात्माओं का उज्जैन के समस्त प्रमुख संत महात्मा महामंडलेश्वर धर्म गुरुओं का अभिनंदन गुरु पूजन कर सम्पन्न हुई।

## सावन के शुभारंभ पर पेंवची से निकलेगी कलश

**शुजालपुर।** सावन माह के शुभारंभ के साथ क्षेत्र में भगवान शिव की आराधना और कांवड़ यात्राओं का सिलसिला प्रारंभ हो रहा है। इसी क्रम में ग्राम पेंवची की मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं द्वारा गुरुवार को प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर, शुजालपुर के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयघोष के साथ जटाशंकर महादेव पहुंचकर जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करेंगे।

आयोजकों के अनुसार कलश यात्रा के लिए सभी श्रद्धालुओं को सुबह 8 बजे ग्राम पेंवची स्थित शिवालय मंदिर में एकत्रित होने का आग्रह किया गया है। यहां पूजन के बाद सुबह 9 बजे कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें सिर पर कलश धारण कर भगवान भोलेनाथ के भजन-कीर्तन एवं हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जटाशंकर महादेव के लिए प्रस्थान करेंगी।

आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र की प्राचीन परंपरा के अनुसार सावन माह में कांवड़िये पवित्र जल लाकर जटाशंकर महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा के संबंध में श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि कलश एवं कांवड़ की व्यवस्था वे स्वयं अपने घर से करें।

## आवारा एवं निराश्रित गौवंश सड़कों पर छोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

**गुना।** शहर एवं जिलेभर में सड़कों पर आवारा और निराश्रित गौवंश छोड़ने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कडा रुख अपना लिया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेशों और एसडीएम श्रीमती शिवानी पांडे की सख्ती के बाद अब धरातल पर कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में नगरपालिका द्वारा पहली बडी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत सिलावटी के रमगढ़ा में एक पशु मालिक पर 710 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं और अव्यवस्था को रोकने के लिए कलेक्टर द्वारा जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया था।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

क्रम संख्या 1: **निविदा संख्या:** EL81-1-1-2026-27-07• **कार्य का नाम:** दाहोद वर्कशॉप में पीडब्ल्यूएल (PWL) मशीन हेतु पावर सप्लाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के संबंध में विद्युत कार्य स्थान: सहायक परियोजना प्रबंधक (विद्युत), 'सी' साइट, फ्रीलैंडगंज, पश्चिम रेलवे, दाहोद – 389160 (गुजरात) • **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹23,16,505/- • **ई-निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदाएं दिनांक 18.08.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं तथा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएंगी निविदा सूचना एवं दस्तावेज इस कार्यालय द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर E-Tenders → Works → IR Electrical अनुभाग में अपलोड किए गए हैं V/0178

Like us on: facebook.com/WesternRly

# देवालयों व शैक्षणिक संस्थानों में गुरू पूर्णिमा पर्व उत्साह के साथ मनाया




**शुजालपुर।** गुरूपूर्णिमा का पावन पर्व बुधवार को क्षेत्र में श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस पर्व के चलते भेरू महाराज की विशेष पूजा अर्चना की गई। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में भी आयोजन हुए। क्षेत्र स्थित भेरू मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा अर्चना करते हुए भोग लगाया। साथ ही अन्य देवालयों में भी भगवान का आकर्षक श्रृंगार करते हुए धार्मिक आयोजन हुए। आष्टा रोड स्थित गायत्री शक्ति पीठ शुजालपुर मंडी में गुरूपूर्णिमा पर्व के चलते अखंड जाप व अन्य आयोजन किया गया। इसी प्रकार गुरुपर्व पूजन के उपरांत गुरुदीक्षा संस्कार एवं पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न संस्कार भी सम्पन्न हुए। उधर नगर स्थित प्राचीन जटाशंकर महादेव मंदिर पर भी गुरू पूर्णिमा का पर्व उत्साह व श्रद्धाभाव से मनाया गया। साथ ही भगवान का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। इस पर्व के चलते देवालयों में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।

उज्जैन का महत्व काशी से भी अधिक गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मां शारदा सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को गुरु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने की, मुख्य अतिथि मानस मर्मज्ञ एवं भागवताचार्य पंडित श्याम मनावत रहे। इस दौरान विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन तथा सरस्वती व गुरु वंदना से हुई। इसके बाद मंत्री इंदर सिंह परमार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया। पंडित मनावत ने कहा कि उज्जैन का महत्व काशी से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि महर्षि सांदीपनि मूल रूप से काशी के निवासी थे, लेकिन उन्होंने उज्जैन में रहकर शिक्षा प्रदान की और भगवान श्रीकृष्ण ने भी उनसे यहीं शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने विद्यालय में सांदीपनि गुरु उत्सव की शुरुआत को सराहनीय बताते हुए शिक्षकों से विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचानकर चंद्रगुप्त और शिवाजी जैसे व्यक्तित्व गढ़ने का आह्वान किया।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग,फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 641 का दक्षिण दिशा वाला भाग तिरूपति धाम कॉलोनी उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 41.99 वर्गमीटर अर्थात 452 वर्गफीट। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- भूखण्ड़ क्रमांक 626, पश्चिम में- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 641 का भाग, दक्षिण मं- बाउन्ड्री स्थित है। उक्त सम्पत्ति करणसिंह राठौर पिता बी.पी. राठौर एवं श्रीमति संतोष बेन राठौर पति करण सिंह राठौर ने इसके पूर्वस्वामी जितेन्द्र तिलवानी पिता अर्जुनदास तिलवानी द्वारा प्रमाणिकृत मुख्तयारआम चंद्रदास तिलवानी जिसका कुल क्षैत्रफल 84.01 वर्गमीटर से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022017ए1229976 दिनांक 06/05/2017 के माध्यम से क्रय कि। एवं करण सिंह का स्वर्गवास दिनांक 27/04/2021 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी संतोष बेन पति स्व. करणसिंह राठौर, राजवंशी परमार पिता स्व. करण सिंह, विशाल पिता स्व. करण सिंह ने अपना नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 606/26/7 दिनांक 15/06/2026 को दर्ज करवाया। संतोष बेन, आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध पुष्पा कुशवाह पति कैलाश कुशवाह, जयेश कुशवाह व यश कुशवाह पिता कैलाश कुशवाह से किया है। तथा पुष्पा कुशवाह आदि ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे है अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 29.7.2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-386 रकबा 0.4200 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-387/1/1 रकबा 0.1000 हेक्टेयर ग्राम गुनाया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित सर्वे नंबर-386 रकबा 0.4200 हेक्टेयर व सर्वे नंबर-387/1/1 रकबा 0.1000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 2-दो कुल रकबा 0.5200 हेक्टेयर ग्राम गुनाया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी पवन दुबे पिता श्री संतोष दुबे, निवासी-ग्राम गुनाया जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही बयाना राशि/शेष सौदा राशि अदा कर अनुबंध-पत्र / विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। दिनांक 29/07/2026

**दीपिका सावरकर अभिभाषक**
**ऑफिस शॉप नं. ए 17 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 9827299159**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी अभिषेक शर्मा पिता श्री घनश्याम शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी व कृषक ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 363/2 रकबा 0.07 हेक्टर,सर्वे नम्बर 364/3 रकबा 0.10 हेक्टर, सर्वे नम्बर 372/3 रकबा 0.18 हेक्टर भूमि कुल किता 03 कुल रकबा 0.35 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम रलायती तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्टी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋ ण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 30-07-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार श्री मोकमसिंह पिता मानसिंहजी निवासी ग्राम दोन्ता जागीर तहसील टोंकखुर्द जिला देवास ने ग्राम लसुल्डीया अमरा तहसील माकडोन जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नम्बर 439/1 रकबा 0.48 हेक्टेयर, 439/3 रकबा 0.48 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 407/1 रकबा 0.35 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 407/3 रकबा 0.36 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 408 रकबा 0.20 हेक्टेयर के विक्रय की सौदा चिटठी उक्त भूमि के स्वामी श्रवणसिंह, धारासिंह पुत्रगण मांगुसिंह निवासी ग्राम खोरिया पद्मा तहसील झार्डा जिला उज्जैन से किया हैं जिसकी बयाना राशि का भूगतान भी मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि के स्वामी श्रवणसिंह व धारासिंह को कर दिया हैं, शीघ्र ही उक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाना हैं। इस विक्रय में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार आपत्ति या हक स्वत्व हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय साक्ष्य मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद समयावधि मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 30/07/2026

**सरदारसिंह चौहान हायकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय- मण्डल अभिभाषक संघ परिसर हाल न.1**
**उज्जैन म.प्र. मो. 9893603621**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री जीवनसिंह पिता श्री रामसिंह, निवासी-ग्राम गोठडा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-887/2/1 (एस) रकबा 0.8600 हेक्टर ग्राम चिन्तामण जवासिया, प. ह. नं.-00085 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा मेसे पूर्व दिशा की रकबा 0.4300 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋ ण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-29.07.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए -1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी लक्ष्मीबाई पति श्री मदनलाल जाति कुल्मी निवासी व कृषक ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन मप्र ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 60/1 रकबा 0.60 हेक्टर, सर्वे नम्बर 60/3 रकबा 0.10 हेक्टर, भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.70 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्टी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋ ण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋ ण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सुचित हो। इति दिनांक - 30-07-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण की जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमिस्वामी भेरूलाल पिता श्री भुवानजी, व्यवसाय-खेती, जाति-माली, निवासी ग्राम गिरोता, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर (म.प्र) आधार नंबर 5252 5750 5093 से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्दे नंबर 701/1 रकबा 0.506 हेक्टर, सर्वे नंबर 701/2 रकबा 1.218 हेक्टर, सर्वे नबर 702 रकबा 0.858 हेक्टर, सर्वे नंबर 756/8 रकबा 0.425 हेक्टर, सर्वे नंबर 756/9 रकबा 0.425 हेक्टर, कुल किता 5 कुल रकबा 3,432 हेक्टर स्थित ग्राम गिरोता, प ह.न. 01, तहसील देपालपुर जिला इंदौर में है। उक्त भूमि सिचिंत होकर दो फसली है तथा मुख्य मार्ग से अंदर गांव की सीमा में स्थित है को विक्रय करने के उद्देश्य से सौदा तय किया है। उक्त सौदे का विक्रय अनुबंध पत्र भी लिखा जा चुका है, एवं मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी भूमिस्वामी को अदा कर दी है। अब शेष बची विक्रय मूल्य की राशि देकर विक्रय पत्र का निष्पादन / पंजीयन होना शेष रहा है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय बाबत् किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान या किसी विभाग का कोई लेन देन बाकी हो, ऋण भार बाकी हो, स्वत्व या हित रखते हो, तो ऐसे व्यक्ति / संस्था इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय प्रमाण सहित मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि इसका निराकरण किया जा सकें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा। इसके बाद कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों बंधनकारी नहीं होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 29.07.2026

**घनश्यामसिंह हंस, एडव्होकेट,**
**उज्जैन कार्या. चेम्बर 104, प्रथम मंजिल, कल्पतरू**
**टॉवर, शास. माधव नगर अस्पताल, फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9329410391**

## न्यूज कॉलम

### कार्यालय की सीढ़ियों पर सीएसपी ने सुनी दिव्यांग महिला की फरियाद



**जावरा** । पिपलोदा तहसील के रियावन में निवास रत दिव्यांग महिला गंगाबाई पिता रुपाजी गावरी के नाम से मकान है मकान के समीप खाली पड़ी भूमि पर शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा। लेकिन रियावन ग्राम के ही निवासी आशाबाई पति प्रेमनाथ एवं कन्हैया लाल पिता पूनम चंद द्वारा उक्त विकलांग महिला गंगाबाई की भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे। यही नहीं बल्कि विकलांग महिला को उक्त भूमि पर कब्जा नहीं करने देने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। उक्त शिकायत दिव्यांग महिला गंगाबाई ने मंगलवार को जनसुनवाई में सीएसपी कार्यालय पहुंचकर सीएसपी युवराज सिंह चौहान को आवेदन दिया जिस पर सीएस पी चौहान ने जबरन कब्जा करने वालों पर शीघ्र कार्रवाई किए जाने हेतु आश्वस्त किया ।सीएसपी चौहान ने तुरंत दिव्यांग महिला के लिए अपने कार्यालय से बाहर आकर कार्यालय की सीढ़िया पर बैठकर दिव्यांग महिला की फरियाद सुनी तथा उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

### सेवानिवृत हुए शिक्षकों एवं अधिकारियों को किया सम्मानित



**जावरा।** शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता वह केवल शासकीय सेवा से मुक्त होता है हमने अनेकानेक कर्मचारियों को सेवानिवृत होने के पश्चात पूर्व लगा देखा किन्तु शिक्षक के आगे पूर्व लगा नहीं देखा। उक्त विचार हैप्पी सिनियर सिटीजन मंच द्वारा आयोजित सेवानिवृत शिक्षक एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत सम्मान एवं मिलन समारोह के अवसर पर मंच संरक्षक राजेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किए। इस अवसर पर सेवा निवृत हुए एस डी ओ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सय्यद इरफान अली, श्याम लाल शर्मा शिक्षक हाई स्कूल बंडवा, रामेश्वर बोडाना शिक्षक बहादुरपुर जागीर, ओमप्रकाश तिवारी एवं जयंती लाल जैन प्राचार्य का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण मंच अध्यक्ष जगदीश उपमन्यु ने देते हुए मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर राशिद मोहम्मद रहमानी एवं नाहर लाल बसेर का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक तिवारी एवं मोहम्मद खान द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### गुरु के मार्गदर्शन मे कार्य करने वाला विद्यार्थी श्रेष्ठ होता है- गेहलोत



**पिपलियामंडी।** विद्या भारती मालवा मंदसौर विभाग अंतर्गत पिपलिया मंडी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज गुरु पूर्णिमा उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवती प्रसाद गेहलोत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंदसौर एवं विद्यालय समिति सदस्य) शिवलाल सोलंकी विद्या चौधरी दीपक बैरागी मंचासीन हुए!अतिथियों का परिचय विद्यालय की प्रधानाचार्य दीदी श्रीमती मीना वैष्णव एवं स्वागत प्राचार्य प्रधानाचार्य द्वारा किया गया! कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भगवतीप्रसाद गेहलोत ने अपने प्रेरणादायी उदबोधन में गुरु के महत्व के बारे भैया बहिनो को बताया! आपके द्वारा बताया गया कि गुरु के बताए हुए मार्ग पर चलकर विद्यार्थी हमेशा आगे बढ़ता है! विद्यार्थियों को गुरु की बात का हमेशा अनुसरण करना चाहिए! कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा गुरु पूर्णिमा की सभी भैया बहिनो को शुभकामनाएं प्रेषित की गई इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा विद्यारंभ संस्कार में प्रथम आहुति एवं अभिभावक एवं मातृशक्ति विद्यारम्भ संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए! जिनके द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न करवाया गया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट मे मेरा नाम SHABBIR था जिसे परिवर्तित कर SHABBIR BOHRA S/O ASGAR ALI BOHRA रख लिया है आगे से सभी कार्य इसी नाम से किये जावेंगे। सूचित होवे।
**SHABBIR BOHRA S/O ASGAR ALI BOHRA**
**वार्ड नं 15 ग्राम पिपलिया मण्डी पोस्ट पिपलिया मण्डी तह. मल्हारगढ़ गुडभेली जिला मंदसौर (म.प्र.) 458664**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट मे मेरा नाम ASGAR ALI था जिसे परिवर्तित कर ASGARALI BOHRA S/O SAIFUDDIN रख लिया है आगे से सभी कार्य इसी नाम से किये जावेंगे। सूचित होवे।
**ASGARALI BOHRA S/O SAIFUDDIN**
**वार्ड नं. 15 ग्राम पिपल्या मण्डी पोस्ट पिपलिया मण्डी तह. मल्हारगढ़ गुडभेली जिला मंदसौर (म.प्र.) 458664**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट मे मेरा नाम ZEHRA था जिसे परिवर्तित कर ZEHRA BOHRA W/O SHABBIR BOHRA रख लिया है आगे से सभी कार्य इसी नाम से किये जावेंगे। सूचित होवे।
**ZEHRA BOHRA W/O SHABBIR BOHRA**
**वार्ड नं. 15 ग्राम पिपलिया मण्डी पोस्ट पिपलिया मण्डी तह. मल्हारगढ़ गुडभेली जिला मंदसौर (म.प्र.)**


मानव सेवा समिति योग क्लास में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

# दंडी स्वामी महाराज का श्रद्धाभाव से पूजन कर भक्तों ने लिया आध्यात्मिक मार्गदर्शन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दो मुंह की बावड़ी स्थित मठ में दंडी स्वामी आश्रम, श्रृंगेरी मठ के परम पूज्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधक-भक्तों ने गुरुदेव के श्रीचरणों में वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में गुरुदेव के परम शिष्य महर्षि संजय चैतन्य ब्रह्मचारी, दिनेश वाघेला, महावीर सिंह शक्तावत बाबूलाल सिसोदिया, श्यामा वाघेला,पूजा मित्तल, रेखा राठौड़ सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज ने अपने प्रेरक एवं आध्यात्मिक व्याख्यान में गुरु के महत्व, आत्मचिंतन, संयम, सेवा और सत्कर्मों के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने एकाग्र भाव से गुरुदेव के प्रवचनों का श्रवण किया और इसे जीवन को सही दिशा देने वाला एवं आत्मबोध कराने वाला मार्गदर्शक संदेश बताया।

कार्यक्रम का समापन गुरुदेव के आशीर्वचन एवं सभी श्रद्धालुओं द्वारा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना के साथ हुआ।

इसी प्रकार कॉलेज रोड स्थित मानव सेवा समिति योग क्लास में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर योग साधकों ने अपने योग गुरु श्री रामबाबू यादव का पुष्पमालाओं एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

समिति के संचालक दिनेश वाघेला ने बताया कि मानव सेवा समिति द्वारा पिछले 23 वर्षों से निरंतर निःशुल्क योग प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में कॉलेज रोड स्थित समिति परिसर में प्रतिदिन प्रातः सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योग कक्षाओं का आयोजन होता है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 50 से 60 साधक, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं, नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक हजारों लोगों ने इस योग क्लास का लाभ प्राप्त किया है। यहां से प्रशिक्षित अनेक साधक आज नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं योग कक्षाएं संचालित कर स्वस्थ समाज निर्माण एवं मानव सेवा के कार्य में योगदान दे रहे हैं।

गुरु सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, अशोक तिवारी, विनोद बैरागी, पूर्व प्रधानाध्यापक श्री गुप्ता, रामचंद्र भाटी, राजकुमार पंजाबी, कीर्ति सोनी, नारायण पाटीदार, मुकेश अग्रवाल, सुभाष मुरार, महेश उपाध्याय, रितेश परिहार, गोपाल कृष्ण मेहता एवं देवेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

महिला मंडल से श्रीमती इंदु यादव, श्रीमती श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, श्रीमती सोनू राठौर, निशा तिवारी, माया गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, पूजा मित्तल, अर्चना जैन, शारदा श्रीवास्तव, सरोज सोनी, मंजू सोनी, रेखा शर्मा, सुधा जैन, सुनीता मुरार, साइन मैडम, जया सोनी एवं रेखा राठौड़ सहित अनेक साधकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। सभी ने गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके सान्निध्य में निरंतर योग साधना एवं समाज सेवा का संकल्प लिया।

# पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी जीवन शैली एक-दूसरे के पूरक- स्वदेशी जागरण मंच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्थानीय कर्मचारी कॉलोनी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी के प्रचार-प्रसार हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया और स्वदेशी पत्रकों का वितरण किया। इसके साथ ही परिसर में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी रोपे गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता गुजरिया ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है, बल्कि हमारे सबवंस कारीगरों व छोटे व्यापारियों के जीवन स्तर को भी सुधारता है। विभाग संयोजक अंकुश पालीवाल ने स्वदेशी जीवनशैली को समृद्ध भारत की नींव बताया, वहीं पर्यावरण विभाग प्रमुख पंडित दिलीप व्यास ने सभी को रोपे गए पौधों की नियमित देखरेख और संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस जागरूकता व पौधारोपण अभियान में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक दिलीप चौधरी, जिला सहसंयोजक डॉ. हेमंत नामदेव, अभिजीत सिंह मंडलोई, संजय नीमा, कनिष्क शर्मा, अभिजीत सिंह चौहान, जितेंद्र पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

### गुलाब चक्कर पर भव्य हरि कीर्तन, भक्तजन कृष्ण भक्ति में हुए मगन

**रतलाम।** जिला प्रशासन रतलाम के सहयोग से नव-श्रृंगारित गुलाब चक्कर पर मंगलवार शाम भक्ति और भजन का अद्भुत नजारा देखने को मिला। निलेंद्र एम आचार्य एवं इस्कॉन मंदिर रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में यहां पहली बार भव्य हरि कीर्तन एवं नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ढोल-मंजीरे और करताल की धुन पर जैसे ही हरे कृष्ण हरे राम के जयकारे गूंजे, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रोता श्री कृष्ण भक्ति रस में आनंदित होकर सुध-बुध खो बैठे। पुरुष और महिलाएं राधा-मीरा बनकर मगन होकर नृत्य करते हुए भगवान के नाम में डूब गए। कीर्तन के दौरान कई बार जय श्री कृष्ण और राधे-राधे के नारों से गुलाब चक्कर गूंज उठा। आयोजक निलेंद्र एम आचार्य ने इस सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन रतलाम का विशेष आभार व्यक्त किया।

### स्थाई शिक्षक भर्ती 2018 को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

मध्य प्रदेश में स्थाई शिक्षकों की कमी के बावजूद वर्ष 2018 की स्थाई शिक्षक भर्ती प्रक्रिया आज तक अधूरी पड़ी है। इस भर्ती प्रक्रिया की तीसरी काउंसलिंग आयोजित कर पूर्ण कराने की मांग को लेकर चयनित अभ्यर्थियों ने अब विपक्ष का दरवाजा खटखटाया है। अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन से मुलाकात कर उन्हें अपना मांग पत्र सौंपा और इस मुद्दे को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने की गुहार लगाई।

अभ्यर्थियों की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक विपिन जैन ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे पात्र युवाओं के इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रदेश सरकार से जवाब-तलब करेंगे और रुकी हुई भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने का हर संभव प्रयास करेंगे। पात्रता परीक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल रविदास, दिनेश बामनिया और लीलेश कुमार ने जानकारी दी कि स्कूल शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण पहली काउंसलिंग से शेष रहे उच्च माध्यमिक शिक्षक के 5,935 पदों तथा माध्यमिक शिक्षक के 2,237 रिक्त पदों पर भर्ती अटकी हुई है।

# एडीजे कोर्ट की स्वीकृति पर कांग्रेसजनों ने बार एसो. को गुलाब के फूल भेंट कर किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

बार एसोसिएशन,कांग्रेस द्वारा जलसत्याग्रह, ज्ञापन आंदोलनों व जनता के समर्थन के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने नारायणगढ़ में लगभग 15 वर्षों बाद अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय की स्वीकृति प्रदान की है।बुधवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा,वरिष्ठ कांग्रेसनेता रामचन्द्र करुण, अजित कुमठ,बाबूखा मेवाती,दिलीप यादव,किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवन्त पाटीदार, मंडलम अध्यक्ष सुनील पाटीदार भगत,पूर्व अध्यक्ष कैलाश बंगारिया आदि ने न्यायालय पहुंचकर एडीजे कोर्ट की स्वीकृति मिलने पर मौजूद सभी अभिभावक गणो को गुलाब के फूल भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस मौके पर वरिष्ठ अभिभाषक सुमतिलाल जी जैन, नाथूलाल जी पाटीदार का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया।

ज्ञात हो एडीजे कोर्ट के लिए स्व,कन्हैयालाल जी पाटीदार, स्व, नंदलाल जी यादव,स्व,नरेंद्र जी राणावत ने भी समय समय पर इस मांग को पुरजोर तरीके से उठाया था।इसी क्रम में कांग्रेस ने भी इस जायज मांग के समर्थन में जलसत्याग्रह,ज्ञापन,व धरने के माध्यम से बार एसोसिएशन का समर्थन किया था। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एम सय्यद मंसूरी जी सुमतिलाल जैन, नाथूलाल जी यादव के प्रयास हुवे सफल एडीजे कोर्ट की स्वीकृति में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एम सय्यद मंसूरी,सुमतिलाल जी जैन, नाथूलाल जी यादव,अरविंद जी पाटीदार सहित सभी एडवोकेट की भूमिका सराहनीय रही है। कांग्रेसनेताओ ने कहा कि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना से क्षेत्र के नागरिकों को न्याय सम्बन्धी मामलों में राहत मिलेगी साथ ही जिला मुख्यालय पर जाने आने का समय व पेसो की भी बचत होगी इससे न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुलभ,त्वरित,और प्रभावी बनने की उम्मीद है।

### महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व कार्यक्रम का आयोजन प्राणिकी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सरस्वती, महर्षि सांदीपनि के पूजन व द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। सरस्वती वंदना बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुश्री विना ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम की भूमिका प्रो. रितु शर्मा ने रखी, जिनमें उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के गुरु, महर्षि सांदीपनि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# मंदसौर में गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों, आश्रमों व विद्यालयों में हुई पूजा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मंदसौर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत धूमधाम, अपार श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आश्रमों, योग संस्थाओं, सत्संग भवनों और शैक्षणिक संस्थानों में विशेष पूजन-अर्चन, महाप्रसादी और गुरु वंदन के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

स्थानीय कृषि मंडी प्रांगण में गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुदेव प. श्री भीमाशंकर शास्त्री के सानिध्य में मनाया गया। जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव का वीसी के माध्यम से संबोधन हुआ। इस दौरान विधायक श्री विपिन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया, पूर्व मंत्री श्री नरेन्द्र नाहटा, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, एसपी विनोद मीना आदि उपस्थित रहे।

श्री चैतन्य आश्रम मेनपुरिया में पूज्य संतों के पावन सानिध्य में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न हुआ। परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री प्रत्यक्षानन्द जी महाराज एवं स्वामी श्री चैतन्य देव जी महाराज की तपोस्थली पर प्रातःकाल से ही गुरुभक्तों का तांता लगा रहा। युवाचार्य मणि महेश चैतन्य जी महाराज, स्वामी समिदानंद जी महाराज सहित कई मूर्धन्य संतों की उपस्थिति में गुरु पूजन और धर्मसभा का आयोजन हुआ। संतों ने अपने प्रवचन में कहा कि गुरु वही है जो जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर कल्याण का मार्ग दिखाए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, न्यायिसों एवं भीलवाड़ा, शाहपुरा, प्रतापगढ़ व मालवांचल से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विशाल भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

इसी क्रम में, खानपुरा स्थित श्री केशव सत्संग भवन में चातुर्मास हेतु पधारे पूज्य स्वामी समिदानंद जी महाराज एवं युवाचार्य मणि महेश चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में पूज्य स्वामी श्री केशव स्वरूप जी के श्री विग्रह का पूजन-अभिषेक किया गया। स्वामी जी ने अपने संदेश में वेदव्यास जी के योगदान और गुरु तत्व की महिमा पर प्रकाश डाला।

उधर दशपुर योग शिक्षा संस्थान के योग भवन में गुरु वंदना समारोह आयोजित किया गया। योग साधकों ने योग गुरु सुरेन्द्र जैन एवं गुरु माता सोरभ जैन का भावपूर्ण अभिनंदन किया। संस्थान के अध्यक्ष सौरभ दिनेश जैन ने साधकों को अपने अंतःकरण के गुरु को जागृत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सुमधुर गुरु वंदना की प्रस्तुतियां दी गईं और सांई बाबा मंदिर में आरती के बाद साधकों ने योग गुरु की निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय संजीत मार्ग में विद्यालय एवं छात्रावास परिवार द्वारा हवन-यज्ञ का आयोजन कर गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया, जहाँ कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने आचार्यों का सम्मान किया और गुरु आज्ञा पालन का संकल्प लिया।



### आईएएस दिव्यांक सिंह ने संभाला मंदसौर कलेक्टर का पदभार

**मंदसौर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी दिव्यांक सिंह ने बुधवार को मंदसौर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व वे भोपाल में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग में अपर आयुक्त के पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण के इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अनुकूल जैन और डीएफओ श्री संजय राय खेरे शामिल हैं, विशेष रूप से उपस्थित रहे। पदभार संभालने के तुरंत बाद नवागत कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने कलेक्टर कार्यालय परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय विभागों एवं कार्यालयों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया तथा वहां कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनसे चर्चा की। पदभार ग्रहण करने के पूर्व कलेक्टर दिव्यांक सिंह प्रसिद्ध भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

### श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार



**मंदसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल की बैठक रामटेकरी स्थित पोरवाल छात्रावास पर आयोजित की गई। यह बैठक मार्गदर्शक मंडल की वरिष्ठ सदस्यों निर्मला मांदलिया, गीता धनोतिया, गीता पोरवाल, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या और किरण मांदलिया के विशेष मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने समाजहित में गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से कार्यकारिणी का विस्तार किया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सचिव पद पर निधि गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर हेमलता गुप्ता और मीडिया प्रभारी पद पर प्रिया फरक्या को नियुक्त किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में प्रमिला संघवी और रेखा उदिया तथा उपाध्यक्ष पद पर विजयलक्ष्मी महाजन, संतोष मोदी, हेमलता दानगढ़, ममता रत्नावत, मनीषा पोरवाल और रेखा मंडवारिया को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सहसचिव, संगठन मंत्री, गतिविधि सचिव, सांस्कृतिक सचिव और सक्रिय सदस्यों के पदों पर भी समाज की समर्पित महिलाओं की नियुक्तियां की गईं। बैठक में उपस्थित समाज की वरिष्ठ व युवा महिला सदस्यों सुनीता सेठिया, रानू गुप्ता, शकुंतला मोदी, प्रियंका गुप्ता, सुनीता रत्नावत, नेहा रत्नावत, प्रेमलता गुप्ता, रीना मेहता आदि नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाइयां दीं।

### बाल संत सुश्री कनक वैष्णव का धर्म दुपट्टा पहना कर किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के महापर्व पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्प्लाई यूनियन के पूर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने बरखेड़ा पंथ स्थित सांवरिया सेठ मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर



धार्मिक भावनाओं का प्रवाह करने सत्संग करने पधारी बाल संत सुश्री कनक वैष्णव का गले में धर्म दुपट्टा डालते हुए स्वागत एवं सम्मान किया इस अवसर पर उपस्थित समस्त धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए कुंवर शक्तावत ने कहा की गुरु की महिमा अपरंपार है और गुरु बिना ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता है और जिस व्यक्ति के जीवन में गुरु नहीं है वह व्यक्ति हमेशा इस सांसारिक जीवन से एवं धार्मिक भावनाओं से अभिज्ञ ही रहेगा कुंवर शक्तावत ने कहा कि गुरु ही उंगली पकड़कर चलना सिखाते है दुनिया के सारे वैज्ञानिक, इंजीनियर,डॉक्टर एवं महत्वपूर्ण पदों पर पदासीन सभी लोग गुरु की बदौलत ही है कीर्तन,भजन एवं सत्संग के पश्चात कुंवर शक्तावत ने आरती करते हुए धर्म लाभ लिया।


### पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल

**ई- निविदा सूचना**

क्रम संख्या 1: • **ऑक्शन कैटलॉग संख्या:** MSS-RTM-26-19 • **अनुबंध का प्रकार:** Misc-Static-Services • **लॉट संख्या:** MSS-RTM-KUH-PrKiosk-72-25-1 (Misc-Static-Services - प्रमोशनल कियोस्क) • **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष • **ई-नीलामी की तिथि:** 12.08.2026 • **समय:** प्रातः 11:00 बजे प्रारंभिक कूलिंग-ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट बंद होने का अंतराल 10 मिनट है। प्रत्येक लॉट का समापन समय www.ireps.gov.in के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर देखा जा सकता है। V/0179

Like us on: facebook.com/WesternRly

## श्यामपुर के शासकीय विद्यालय के शिक्षक को किया सम्मानित

**सुसनेर।** समीप के ग्राम श्यामपुर में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया था । बोर्ड परीक्षाओं में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम गौरवमन्वित करने वाले शासकीय विद्यालय श्यामपुरा प्राचार्य जितेंद्र शर्मा को आगर में संदीपनी लोकार्पण कार्यक्रम में आए प्रभारी मंत्री नगर सिंह चौहान के द्वारा कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। प्राचार्य जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इस सम्मान के पीछे विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं संपूर्ण शिक्षक परिवार की मेहनत , लगन एवं टीम भावना हे। उन्होंने कहा की ऐसे ही विद्यालय आगे आने वाले समय में भी उत्कृष्टता प्राप्त करे इसके प्रयास किये जाएगे। 0015

## अवैध निर्माण को लेकर सीएमओ से लिखित शिकायत

**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर अंतर्गत अवैध निर्माण और निर्माण कार्य में बाधा डालने को लेकर लिखित शिकायत नगरपालिका सीएमओ से की गई है। जिसमें वार्ड क्रमांक 05 इंदिरा कॉलोनी निवासी लखन पिता भंवरलाल धनगर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक शिकायती आवेदन देकर एक व्यक्ति पर अवैध निर्माण करने, सीमा का अतिक्रमण करने के आरोप लगाए है। शिकायतकर्ता ने शिकायत में बताया कि नगर के वार्ड क्रमांक 16 श्रीराम निवास कॉलोनी में उनका निमार्णाधीन मकान है, जिसकी आवश्यक दाखिला, रजिस्ट्री और भवन निर्माण अनुमति ली गई है, जबकि निमार्णाधीन मकान के पास ड्रीमहोम सिटी कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल स्थित जगदीश पिता ज्ञानचंद गुप्ता का मकान है। उक्त व्यक्ति ने अपनी स्वामित्व की सीमा से ज्यादा भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

## खेरिया विद्यालय में विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

**सुसनेर।** युवाओं को नशे की लत से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। जिला कलेक्टर प्रीति यादव, जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी निलेश पाण्डे तथा जिला परियोजना अधिकारी महेश कुमार जाटव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रमुख भेरूलाल ओसारा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, सामाजिक जीवन और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि नशे से दूर रहेगा, तभी स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त समाज का निर्माण संभव हो सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार और मित्रों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

## तेज रफ्तार से शहर में प्रवेश करती है लंबी दूरी की बसें

**सारंगपुर।** शहर से गुजरे ओल्ड एबी रोड पर बसों की बेलगाम रफ्तार अब लोगों की सुरक्षा पर भारी पडती नजर आ रही है। हाइवे से तेज गति में दौडती इंदौर, उज्जैन, ब्यावरा, गुना सहित अन्य मार्गों की लंबी दूरी की बसें शहर की सीमा में प्रवेश करने के बाद भी अपनी रफ्तार पर नियंत्रण नहीं कर रही हैं। खासकर सारंगपुर बस स्टैंड से सवारी बिठाने और निर्धारित समय से पहले गंतव्य तक पहुंचने की होड में चालक बसों को तेज गति से दौडाते नजर आते हैं। सडक पर लगातार बढते यातायात और पैदल राहगीरों की मौजूदगी के बीच बसों की यह रफ्तार कभी भी बडे हादसे का कारण बन सकती है। इसके बावजूद बसों की गति पर नियंत्रण के लिए जिम्मेदार परिवहन विभाग और पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

### सरकारी स्कूलों में भी गरीब विद्यार्थियो से भी लिया जा रहा मनमाना शुल्कः

# पैसों की तंगी है, तभी तो सरकारी स्कूल में पढ़ा रहे, फिर इतनी वसूली क्यों? अभिभावकों में असमंजस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।**




शासकीय स्कूलों में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को कम खर्च में शिक्षा दिलाने का सपना अब प्रवेश प्रक्रिया के दौरान लगने वाले कथित आर्थिक बोझ से सवालों के घेरे में है। सारंगपुर शहर के शासकीय विद्यालयों में 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से रेडक्रॉस, स्पोर्ट्स, परीक्षा फीस और शाला विकास सहित अलग-अलग मदों के नाम पर 1500 से 2500 तक राशि लिए जाने की बात सामने आ रही है। वहीं कुछ अभिभावकों ने प्रवेश के दौरान शाला विकास के नाम पर 700 रुपए तक अतिरिक्त राशि जमा कराने के दबाव की भी शिकायत बीईओ से की है। इन आरोपों ने सरकारी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया और शुल्क व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं।

अभिभावकों का कहना है कि प्रवेश के दौरान गरीब परिवारों के बच्चों से अलग-अलग मदों के नाम पर राशि जमा कराई जा रही है और इसके बाद उन्हें रसीद थमा दी जाती है। अभिभावकों का सवाल है कि यदि राशि स्वैच्छिक है तो उसे जमा कराने के लिए दबाव क्यों बनाया जा रहा है और यदि राशि अनिवार्य है तो उसका शासनादेश और निर्धारित शुल्क सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि प्रत्येक मद में ली जा रही राशि की स्पष्ट जानकारी अभिभावकों को दी जानी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि उनसे किस मद में कितनी राशि ली गई और उसका उपयोग कहां किया जाना है।

अभिभावकों के अनुसार प्रवेश के समय विद्यार्थियों से रेडक्रॉस, स्पोर्ट्स, परीक्षा फीस और शाला विकास सहित विभिन्ना मदों में राशि जमा कराने की बात कही जा रही है। अलग-अलग मदों में राशि जोडने के बाद कई विद्यार्थियों के अभिभावकों पर 1500 से 2500 तक का आर्थिक भार पडा है। वहीं शाला विकास के नाम पर 700 तक राशि लिए जाने की बात भी सामने आई है।

**जाति प्रमाण पत्र नहीं तो प्रवेश में आनाकानी का भी आरोप**

इधर प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जाति प्रमाण पत्र को लेकर भी विद्यार्थियों और अभिभावकों की परेशानी सामने आ रही है। आरोप है कि जिन विद्यार्थियों के पास फिलहाल जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है, उन्हें प्रवेश देने में आनाकानी की जा रही है। कई अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन कर रखा है, लेकिन सरकारी प्रक्रिया में समय लगने के कारण प्रमाण पत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

ली जाने वाली राशि स्वैच्छिक है या अनिवार्य? यह भी स्कूल प्रबंधन द्वारा स्पष्ट रूप से सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

एक अभिभावक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आर्थिक स्थिति ठीक होती तो बच्चे को निजी स्कूल में पढाते। सरकारी स्कूल में इसलिए पढा रहे हैं क्योंकि वहां कम खर्च में बच्चे की पढाई हो सके। लेकिन प्रवेश के समय अलग-अलग नामों से हजारों रुपए की राशि जमा करने की स्थिति बनेगी तो गरीब परिवार अपने बच्चों की पढाई का खर्च कैसे उठाएंगे? यदि किसी मद में राशि लेना शासन के नियमों के तहत निर्धारित है तो स्कूल प्रबंधन को उसकी पूरी जानकारी लिखित रूप में देनी चाहिए, ताकि अभिभावकों को भी पता रहे कि किस मद में कितनी राशि ली जा रही है।

**जिम्मेदार बोले**

यदि कोई निर्धन छात्र है तो उसकी शाला विकास की शुल्क राशि स्कूल प्रबंधन को नहीं लेनी चाहिए। छात्र की शिकायत पर जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सुरेश विरमाल, बीईओ, सारंगपुर।**



## ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति व नवांकुर संस्था मोहिनी सेवा समिति ने किया पौधारोपण

**तराना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड तराना जिला उज्जैन के तराना सेक्टर के प्रस्फुटन ग्राम सादीखेडी शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर मे स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति,नवांकुर संस्था मोहिनी सेवा समिति के सहयोग से 21 पौधों का रोपण किया गया। रोपित पौधों में नीम,पारस पीपल, जामुन, आवंला, आम, सीताफल, बेल पत्र जैसी प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर बिचपडी पुर्व सरपंच एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष, जगदीश गुर्जर, दैनिक जिवन मे वृक्षों के महत्व पर बात रखी बजरंग दल ग्रामीण जिला संयोजक जीवन सिंह गुर्जर, ने मानव जीवन वृक्षों की उपयोगिता बताई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक जय दिक्षित, हर सप्ताह पौधारोपण करने और लगाए गए पौधो की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी सामुहिक रूप से निभाने का आग्रह किया , विकासखण्ड समन्वयक संदीप मालवीय, विद्यालय के प्राचार्य , पर्वत सिंह गुर्जर शिक्षक राजेश शर्मा भरत गहलोत मुकेश चौहान, अर्जुन प्रजापति द्वारा कार्यक्रम मे सहभागिता की तथा कार्यक्रम का संचालन प्रताप भाटी ने किया तथा आभार मंजू जैन ने माना।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर सब जेल में 34 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**तराना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रमुख विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमोद अर्गल के निर्देशन में 28 जुलाई राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर सब जेल तराना में 34 बंदियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी के साथ एचआईवी वीडीआरएल एवं टीबी का परीक्षण किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर सब जेल तराना के अधीक्षक दीपक ठाकुर, मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रवि बडाल एवं अन्य जेल स्टॉप के सहयोग से उक्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में आईसीटीसी के काउंसलर हरिओम यादव टीबी सुपरवाइजर पंकज चित्तौड़िया, लैब टेक्नीशियन कमल डोडिया, साइंस हाउस कमल मालवीय, कार्ड एन जी ओ से सोनू मालवीय के साथ सपोर्ट स्टाफ कुणाल नीलकंठ का भी सहयोग रहा है।

## श्री तिलभंडेश्वर की सवारी को लेकर महंत व अधिकारियों ने किया मार्ग का पैदल निरीक्षण

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना**



श्रावण मास में निकलने वाली भगवान श्री तिलभंडेश्वर की सवारी को लेकर श्री महंत मोहन भारती अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचदशनाम जूना अखाड़ा गादिपति तिलभांडेश्वर मंदिर मठ के महंत के मार्गदर्शन में पुलिस, प्रशासन, एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सवारी मार्ग का पैदल निरीक्षण किया।आगामी श्रावण मास में प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली भगवान तिलभांडेश्वर की पारंपरिक एवं ऐतिहासिक सवारी के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन के दृष्टिगत वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा संपूर्ण सवारी मार्ग का निरीक्षण किया गया।इस दौरान मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, क्षतिग्रस्त एवं उबड़-खाबड़ सड़कों की मरम्मत, खुली एवं क्षतिग्रस्त नालियों को सुरक्षित रूप से ढंकने, विद्युत पोल एवं स्ट्रीट लाइटों की स्थिति, लटकते हुए विद्युत तारों को व्यवस्थित करने, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने, जल निकासी व्यवस्था, साफ-सफाई, आदि का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सवारी प्रारंभ होने से पूर्व सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। मार्ग में कहीं भी जलभराव, खुले मैनहोल अथवा खुली नालियां नहीं रहनी चाहिए। समस्त स्ट्रीट लाइटें एवं विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित रहे, साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।पुलिस अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सवारी मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात संचालन, से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर ओम भारती अंतर्राष्ट्रीय सचिव ,महंत सोमानंद जी भारती, एस डी एम अनिरुद्ध मिश्रा एस डी ओ पी राहुल कुमार खरे , टी आइ रामनारायण भदोरिया, नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र मेहता ,संजय मालवीय इंजीनियर नगर परिषद, पटवारी मनोहर पाटीदार ,नगर परिषद गोलू दीक्षित, विजय कुमार गंगवाल कार्यपालन यंत्री ,रवि कुमार वर्मा सहायक यंत्री , नगर के भक्तजन उपस्थित रहे ।

## अष्टम दिवस अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर जी में हुए अनुष्ठान

**अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**



दिगंबर जैन समाज के अष्टानिका महापर्व पर सारंगपुर स्थित श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन बडा मंदिर जी में विधानाचार्य पंडित महेश जैन के निर्देशन में चल रहे। अष्टदिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान के अष्टम दिवस में प्रातः 7 बजे मंगलाष्टक, जल शुद्धि, पद प्रक्षालन उसके पश्चात 8:00 बजे अभीषेक शांतिधारा हुए, जिसमे प्रथम कलश का लाभ अनिल अनमोल जैन, द्वितीय कलश अजय विजय संजय जैन, तृतीय कलश महेश स्मित जैन, चतुर्थ कलश अनिल मनोज जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

श्रीजी की प्रथम शांति धारा का लाभ दिलीप कुमार पारस जैन के परिवार को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांति धारा का लाभ दिलीप गरिमा जैन सौधर्म इंद्र परिवार को प्राप्त हुआ। शांतिधारा मुनि श्री 108 प्रवर सागर जी महाराज के मुखारविंद से की गई। श्रीजी के अभिषेक शांतिधारा के पश्चात प्रभु की आरती फिर पूजा की क्रियाएं प्रारंभ हुई, जिसमें सर्व प्रथम विनय पाठ, स्वस्ति मंगल पाठ, देव शास्त्र गुरु पुजा, समुच्चय चौबीस भगवान पूजा, नंदीश्वर दीप की पूजन के पश्चात सिद्ध चक्र महामंडल विधान के अष्टम दिवस में इंदौर से पधारे राकेश भैया एंड पार्टी के भजनों के माध्यम से सिद्ध भगवान के पाँच सौ बारह 512 मूल गुणों की पूजा व अराधना बडे ही भक्ति भाव के साथ की। साथ ही सोमवार रात 8 बजे प्रभु की आरती, 9 बजे पंडित द्वारा शास्त्र वाचन, उसके पश्चात राकेश भैया द्वारा एक नाटक प्रस्तुति दिखाई गई। मंगलवार को सिद्ध चक्र महामंडल विधान के शुभ अवसर पर दिगंबर समाज अध्यक्ष मनोज जैन, साथ ही महिलाओं में ताराबाई बज, पुष्पा जैन, आदि समाज के लोगों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया।

## रात्रिकालीन बिजली कटौती बंद कराने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सुसनेर।** लोड शिफ्टिंग के नाम पर की जा रही रात्रिकालीन विद्युत कटौती के विरोध में मंगलवार को युवा शिवसेना ने स्थानीय नागरिकों के साथ अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) देवकुंवर सोलंकी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल बिजली कटौती बंद कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि आगर मालवा जिले के सुसनेर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से विद्युत विभाग द्वारा लोड शिफ्टिंग के नाम पर प्रतिदिन रात्रि में करीब एक से दो घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में वर्षा ऋतु होने के कारण रात के समय बिजली गुल रहने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं मरीजों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही सांप, बिच्छू एवं अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। युवा शिवसेना ने ज्ञापन में कहा कि यदि किसी तकनीकी खराबी या आपात स्थिति के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होती है तो उसे समझा जा सकता है, लेकिन लोड शिफ्टिंग के नाम पर नियमित रूप से रात्रिकालीन विद्युत कटौती करना उचित नहीं है।



## आत्मकल्याण के लिए सामायिक महत्वपूर्ण है : साध्वी सुधाशनाश्रीजी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर**

जैन धर्म में चातुर्मास की परम्परा प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के समय से आज तक निरंतर चली आ रही है। स्थानीय श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर बड़ा मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीसंघ द्वारा आयोजित चातुर्मास के प्रथम दिवस आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए पूज्य साध्वी श्री सुधाशनाश्रीजी म.सा. ने कहा कि मन की स्थिरता एवं आत्मकल्याण के लिए सामायिक अत्यंत महत्वपूर्ण साधना है। स्वयं की निंदा एवं आत्मचिंतन से भी कर्मों का क्षय होता है। हमें सदैव त्याग और तप की अनुमोदना करनी चाहिए। चातुर्मास में श्रावक-श्राविकाओं का कर्तव्य है कि वे शरीर को आभूषणों से सजाने-संवारने की अपेक्षा धर्म आराधना को अधिक महत्व दें। उन्होंने प्रेरणा देते हुए कहा कि कम से कम पाँच काल की नियमित सामायिक, प्रतिक्रमण तथा रात्रि भोजन का त्याग करने का संकल्प लें। धर्म आराधना का फल स्वयं साधक को प्राप्त होता है, इसलिए सदैव विराधना से बचने का प्रयास करना चाहिए। श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर बड़ा मंदिर ट्रस्ट एवं श्रीसंघ द्वारा आयोजित चातुर्मास में पूज्य साध्वी श्री सुधाशनाश्रीजी म.सा. एवं पूज्य साध्वी श्री मुदिताश्रीजी म.सा. के पावन सान्निध्य में संपूर्ण चातुर्मास के दौरान विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### बिजली की लोड सेटिंग से घरेलू उपभोक्ता बेहाल

# दिन के साथ रात में भी घंटों गुल रहने लगी बिजली से मच्छरों से बढ़ी परेशानी

**अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां।**

क्षेत्र में विद्युत वितरण केंद्र द्वारा लोड सेटिंग के नाम पर की जा रही बिजली कटौती अब आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। पहले जहां दिन में कई बार बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान रहते थे, वहीं अब पिछले कुछ दिनों से रात के समय भी लंबे समय तक बिजली गुल रहने लगी है। लगातार हो रही इस अघोषित कटौती से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों और विद्यार्थियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन रात करीब 9 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है और कई बार एक से दो घंटे तक बिजली नहीं रहती। कुछ दिनों में देर रात तक बिजली गुल रहने से लोगों की नींद भी प्रभावित हो रही है। बरसात के मौसम में उमस अधिक होने के कारण बिना बिजली के घरों में रहना मुश्किल हो जाता है।

खरसौदकलां सहित आसपास के आठ गांवों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे करीब तीन हजार से अधिक उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली कटौती के कारण इनवर्टर और बैटरियां भी जवाब देने लगी हैं, जिससे लोगों को रात अंधेरे में बितानी पड़ रही है। छोटे दुकानदारों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।

बारिश के मौसम में उमस के साथ मच्छरों और अन्य कीट-पतंगों का प्रकोप बढ़ गया है। बिजली नहीं रहने से लोग पंखे और कूलर का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरे के कारण बरसात में निकलने वाले जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ जाता है।

**वाटर प्लांट में पानी की कमी बनी वजह**

विद्युत वितरण केंद्र खरसौदकलां के सहायक यंत्री नवीन शर्मा ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से वाटर प्लांट में पानी की कमी हो गई है। इसी कारण उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आवश्यकतानुसार लोड प्रबंधन किया जा रहा है। यह व्यवस्था केवल खरसौदकलां क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि जिले के अन्य हिस्सों में भी लागू है। उन्होंने कहा कि बारिश होने और जल उपलब्धता बढ़ने के बाद स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी से मांग की है कि यदि लोड सेटिंग के कारण बिजली कटौती आवश्यक है तो उसका समय पहले से सार्वजनिक किया जाए, ताकि लोग अपनी दिनचर्या उसी के अनुसार व्यवस्थित कर सकें। साथ ही रात के समय होने वाली लंबी कटौती पर रोक लगाकर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में संत जोसेफ स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**महिदपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार महिदपुर ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिदपुर में ब्लॉक प्रभारी किशोर परमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता अनुशासन एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 तीनों आयु वर्गों में सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के मैनेजर फादर पॉल पारेकाटील ने टॉस के द्वारा किया गया। आयोजन प्राचार्य सोबी थॉमस एवं उप-प्राचार्य अनीस थॉमस के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### बिजली कटौती से फूटा गुस्साः तीसरे दिन भी रात्रि में साढ़े पांच घंटों से ज्यादा समय गुल रही बत्तीः

# कांकरिया और कालूखेड़ा के ग्रामीणों ने किया रानी रूपमती ग्रिड का घेराव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर**

बीते तीन से चार दिनो से ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लगातार सोमवार रात्रि में तीसरे दिन भी घंटों रही बिजली कटौती से परेशान होकर ग्राम पंचायत कालूखेडा और ग्राम पंचायत कांकरिया के आक्रोशित ग्रामीणों ने रात 9:00 बजे रानी रूपमती ग्रिड का घेराव कर दिया। ग्रामीणों ने बिजली कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सुचारू आपूर्ति की मांग की।

जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और विपक्ष की चुप्पी के बीच भोपाल स्थित सिस्टम मूवमेंट एंड ऑपरेशन कार्यालय से एनडीसीसी डिवीजन को लगातार लोड मैनेजमेंट के निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्ही मनमाने आदेशों के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू और मिक्स फीडरों को रातभर रुक-रुक कर बंद किया जा रहा है। बीती रात को साढ़े पांच घंटो से ज्यादा हुई कटौती ने ग्रामीणों की नींद उडा दी। स्थिति यह रही कि सोमवा रात्रि करीब 8:30 बजे फीडर बंद किए गए, जिन्हें रात 09:30 बजे चालू किया गया। इसके बाद रात 10:30 बजे दोबारा बिजली काटी गई, जो एक घंटे बाद रात 11:30 बजे वापस आई और महज पौन घंटे चालू रहने के बाद रात 12:15 बजे मध्यरात्रि बिजली फिर से बंद कर दी गई। जो तडके 02:30 बजे करीब सवा दो घंटे बाद सप्लाई बहाल की गई। इसके बाद सुबह 04:00 बजे भोर होते ही एक बार फिर कटौती की गई, जिसे सुबह 05:20 बजे चालू किया गया।

**बोले जिम्मेदार**

मैं फिलहाल एक बैठक में हूं, आपको बाद में लोड मैनेजमेंट को लेकर हो रही कटौती के बारे में विस्तृत जानकारी देता हूं।

**प्रहलाद क्षेत्रे, डीई, विद्युत कंपनी, ब्यावरा।**

# साल में सिर्फ 24 घंटे होते हैं असली दर्शन...

**आंध्र प्रदेश का सिंहाचलम मंदिर भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को समर्पित है। यह मंदिर बेहद दिव्य और अद्भुत है। माना जाता है कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद ने स्वयं इस मंदिर का निर्माण कराया था।**



आंध्र प्रदेश का सिंहाचलम मंदिर भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को समर्पित है। यह मंदिर बेहद दिव्य और अद्भुत है। आपको जानकर हैरानी होगी कि भगवान नरसिंह की मूर्ति से साल में सिर्फ 24 घंटे के लिए 'चंदन की परत' हटाई जाती है। तभी यह मंदिर दर्शन के लिए खुलता है। ऐसे में भक्त साल में सिर्फ 24 घंटे के लिए भगवान नरसिंह के असली विग्रह के दर्शन कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़ी कुछ अनोखी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

## कहां स्थित है दिव्य धाम

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में सिंहाचलम मंदिर स्थित है। यह मंदिर आस्था और वास्तुकला का अनोखा और अद्भुत संगम है। विशाखापट्टनम से लगभग 16 किमी दूर वराह लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर सिंहाचल पर्वत की चोटी पर स्थित है। माना जाता है कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद ने स्वयं इस मंदिर का निर्माण कराया था।

**क्यों लगाया जाता है चंदन का लेप-** भगवान विष्णु को नरसिंह अवतार उग्रता और वीरता का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक हिरण्यकशिपु का वध करने के बाद जब भगवान नरसिंह का क्रोध बहुत बढ़ गया, तो सभी देवताओं की भगवान नरसिंह को शांत कराने की कोशिश असफल रही।

जिसके बाद भगवान नरसिंह अपने परम भक्त प्रह्लाद की प्रार्थना पर शांत हुए और सिंहाचलम पर्वत पर प्रकट हुए। भगवान नरसिंह की उग्रता और तेज को कम करने के लिए उनको चंदन से शीतल रखा जाता है। यही वजह है कि साल भर भगवान नरसिंह चंदन से ढके रहते हैं, जिससे कि उनका स्वरूप सौम्य रहे।

## नैनो न्यूज

- **भारत पदक तालिका में सुधार की ओर, आज 'सुपर डे'-** गुलवीर सिंह और हरजिंदर कौर के रजत पदकों के बाद भारतीय दल का मनोबल ऊंचा है। आज कई फाइनल मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी उतरेंगे, जिससे पदक तालिका में भारत की स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद है।
- मुरली श्रीशंकर और पारुल चौधरी पर रहेंगी निगाहें- लॉन्ग जंप स्टार मुरली श्रीशंकर और लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी आज अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में पदक जीतने के इरादे से उतरेंगे। भारतीय एथलेटिक्स दल को इन दोनों से बड़ी उम्मीदें हैं।
- भारतीय क्रिकेट को मिला नया 'मसाजर हब'-भारतीय क्रिकेट से जुड़ी एक दिलचस्प कहानी सामने आई है। एक गांव ने वर्षों में भारतीय क्रिकेट टीम और घरेलू क्रिकेट को 50 से अधिक प्रशिक्षित मसाजर दिए हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस और रिकवरी में इनका अहम योगदान माना जा रहा है।
- गुलवीर सिंह ने रचा इतिहास, 10,000 मीटर में जीता सिल्वर- भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने कॉमनवेल्थ गेम्स की 10,000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह इस स्पर्धा में भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों में से एक मानी जा रही है।

# शिवर्पणम मंदिर, इसमें 450 शिवलिंग




**कनाडा में स्थित भगवान शिव को समर्पित यह शिवर्पणम मंदिर है। इस मंदिर में 450 शिवलिंग हैं। ऐसे में अगर आप भी कनाडा घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको इस मंदिर के दर्शन जरूर करना चाहिए।**

भारत देश में तमाम प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कनाडा में एक ऐसा मंदिर है, जहां पर 1-2 नहीं बल्कि पूरे 450 शिवलिंग हैं। यह स्थल आपके मन को शांति से भर देगा। कनाडा में स्थित भगवान शिव को समर्पित यह शिवर्पणम मंदिर है। इस मंदिर में 450 शिवलिंग हैं। ऐसे में अगर आप भी कनाडा घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको इस मंदिर के दर्शन जरूर करना चाहिए। यह एक बेहद शांत और सुंदर मंदिर है।

## 450 शिवलिंगों वाला मंदिर



वैसे तो कनाडा में कई हिंदू मंदिर हैं। लेकिन इनमें छिपा हुआ रत्न शिवर्पणम मंदिर है। यह मंदिर मॉन्ट ट्रेम्बलेंट क्षेत्र में स्थित है। टोरंटो से यहां पहुंचने में 6 घंटे का समय और मॉन्ट्रियल से एक घंटे का समय लगता है। यह मंदिर पहाड़ों और ताजी हवा से घिरा हुआ है। ऐसा नजारा आपको अन्य देशों में देखने को नहीं मिलेगा।

## मंदिर की विशेषता

इस मंदिर की विशेषता यह है कि इसमें काले पत्थर से निर्मित 450 शिवलिंग हैं। यह शिवलिंग मंदिर परिसर में करीने से स्थापित हैं। केंद्र में विशाल शिवलिंग है और एक छोटा फव्वारा भी हैं। यह फव्वारा चारों और पानी छिड़कता है। इससे स्थान का जादुई वातावरण और भी बढ़ जाता है। शिवलिंग के अलावा यहां पर काले पत्थर से निर्मित भगवान शिव की एक मूर्ति और नंदी बैल की मूर्ति है।

**आध्यात्मिक यात्रा के लिए-** शिवर्पणम मंदिर के अलावा कनाडा के होप शहर में आशा महाकालेश्वर मंदिर है। इस स्थान की स्थापना शर्मिला नारायण ने की थी। यहां 8 फुट ऊंचा शिवलिंग औक 1008 छोटे शिवलिंग हैं। मंदिर में गौशाला भी है। दो प्रमुख भगवान शिव मंदिरों और अन्य कई हिंदू मंदिरों के साथ, कनाडा हिंदू भक्तों के लिए भी एक आध्यात्मिक यात्रा के लिए एकदम सही जगह है।

# हाथ में कलम और दूतों का साथ

क्या आपने विधाता माता के बारे में जानते हैं। अगर आपका जवाब न है, तो आज हम आपको विधाता माता के बारे में बताने जा रहे हैं। विधाता माता को अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग नामों से जाना जाता है। विधाता माता को भय माता, बेमाता, विधात्री देवी, छठी मैया या फिर षष्ठी माता के रूप में जाना जाता है। लोक मान्यताओं के मुताबिक बच्चे के जन्म के छठे दिन ही विधाता देवी बच्चे के भाग्य का लेखा-जोखा लिखती हैं। महाकाल की नगरी उज्जैन में विधाता देवी का फेमस मंदिर है। विधाता देवी का मंदिर पटनी बाजार के पास मगरमुहा की गली में स्थित है। इसका इतिहास करीब 1500 साल पुराना माना जाता है। इस मंदिर में विधाता देवी की करीब ढाई फीट ऊंची खड़ी अवस्था में मूर्ति विराजित है। इसको एक स्वयंभू मूर्ति माना जाता है। विधाता देवी के उल्टे हाथ में कपाल है। तो वहीं उनके सीधे हाथ में कलम है। इनके आसपास दो दूत भी विराजमान हैं। एक दूत का नाम चित्र और दूसरे का नाम गुप्त है। माना जाता है कि जब भी किसी बच्चे का जन्म होता है, तो विधाता देवी के यही दोनों दूत माता को इसकी जानकारी देते हैं।

## बच्चों के साथ आते हैं श्रद्धालु

देवी भागवत और दुर्गा सप्तशती सहित अवंतिका पुराण में विधाता माता का उल्लेख मिलता है। विधाता माता का पौराणिक नाम विद्यात्तय है। धार्मिक मान्यता है कि विधाता माता बच्चे के जन्म के छठे दिन उसका भाग्य लिखती हैं। यही वजह है कि विधाता माता के मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं।




## वैभव सूर्यवंशी दुनिया के टॉप-50 टी-20 बल्लेबाजों में शामिल

# 230 स्थान की छलांग लगाई, शुभमन गिल बने वनडे के नंबर-1 बल्लेबाज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ICC की ताजा टी-20 रैंकिंग में भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 230 स्थान की लंबी छलांग लगाई है। सूर्यवंशी 536 रेटिंग पॉइंट्स के साथ दुनिया के 48वें नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं। वे पहली बार टॉप-50 में आएं हैं। दूसरी ओर वनडे में भारत के कप्तान शुभमन गिल वर्ल्ड नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं।

वनडे में टॉप-4 में तीन भारतीय हैं। विराट कोहली दूसरे और रोहित शर्मा चौथे नंबर पर हैं। जसप्रीज बुमराह नंबर-1 टेस्ट बॉलर बने हुए हैं। सूर्यवंशी ने पिछले सप्ताह जिम्बाब्वे के खिलाफ हुई टी-20 सीरीज में तीन मैचों में 50.33 की औसत से 151 रन बनाए। इसी प्रदर्शन की वजह से उनकी रैंकिंग में इतनी लंबी छलांग आई है। सूर्यवंशी प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे।



टी-20 बल्लेबाजों की लिस्ट में भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन नंबर-1 स्थान पर काबिज हैं। दूसरे स्थान पर मौजूद साहिबजादा फरहान (848 पॉइंट्स) से काफी आगे हैं। ताजा रैंकिंग में ईशान किशन 910 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं। ईशान जिम्बाब्वे के खिलाफ हुए दूसरे मैच के बाद 916 रेटिंग अंक तक पहुंचे थे। तब उन्होंने करियर के ऑल टाइम हाइएस्ट टी-20 रेटिंग के मामले में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया था। विराट ने अपने टी-20 करियर में सबसे ज्यादा 909 और सूर्यकुमार यादव ने 912 अंक जुटाए थे।

आईसीसी खिलाड़ियों की रेटिंग सप्ताह में एक ही बार बुधवार को जारी करती है। भारत-जिम्बाब्वे तीसरे टी-20 में ईशान 29 रन ही बना सके थे। इससे उन्हें 6 अंक का नुकसान हुआ।

## कॉमनवेल्थ गेम्स: बॉक्सर सचिन सिवाच जीते तो मेडल पक्का

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो

कॉमनवेल्थ गेम्स के छठे दिन भारतीय खिलाड़ी वेटलिफ्टिंग, स्विमिंग, एथलेटिक्स, पैरा स्विमिंग, बॉक्सिंग और लॉन बॉल्स में चुनौती पेश करेंगे। टीम की सबसे ज्यादा उम्मीदें वेटलिफ्टिंग और एथलेटिक्स से रहेंगी। संजना महिला 77 किलो फाइनल में गोल्ड के लिए उतरेंगी। वहीं बॉक्सर सचिन सिवाच क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे। अगर सचिन यह मुकाबला जीतते हैं, तो भारत के लिए एक मेडल पक्का हो जाएगा।

दिनभर में कुल 26 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें सबसे ज्यादा 11 स्विमिंग एंड पैरा स्विमिंग, 8 एथलेटिक्स एंड पैरा एथलेटिक्स और 3 वेटलिफ्टिंग के गोल्ड इवेंट शामिल हैं।

वेटलिफ्टिंग में दोपहर 2 बजे संजना महिला 77 किलो फाइनल में उतरेंगी। भारतीय दल को उनसे गोल्ड मेडल की उम्मीद रहेगी। इसी दिन पुरुष 94 किलो और महिला 86 किलो वर्ग के फाइनल भी खेले जाएंगे। स्विमिंग में दोपहर 3:12 बजे साजन प्रकाश और अनीश एस गौड़ा पुरुष 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट्स में उतरेंगे। दोनों के क्वालिफाई करने पर रात 11:51 बजे फाइनल खेला जाएगा। वहीं 1:14 बजे आर्यन नेहरा पुरुष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में सीधे मेडल के लिए चुनौती पेश करेंगे। पैरा स्विमिंग में सुयश नारायण जाधव और चैतन्य विश्वास कुलकर्णी पुरुष 50 मीटर फ्रीस्टाइल ?7 हीट्स खेलेंगे। क्वालिफाई करने पर दोनों रात 12:46 बजे फाइनल में उतरेंगे।

एथलेटिक्स में दोपहर 3:35 बजे तजिंदरपाल सिंह तूर और समरदीप सिंह गिल पुरुष शॉटपुट क्वालिफाइंग में उतरेंगे। 4:02 बजे अनीमेष कुजूर पुरुष 200 मीटर हीट्स दौड़ेंगे।

## शुभदीप घोष भारतीय टीम के नए फील्डिंग कोच होंगे

**नई दिल्ली।** असम के पूर्व घरेलू क्रिकेटर शुभदीप घोष को इउउक ने टीम इंडिया का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। वे टी दिलीप की जगह लेंगे। इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के बाद टी दिलीप का कार्यकाल खत्म हो गया था और BCCI ने उसे आगे नहीं बढ़ाया। शुभदीप का पहला असाइनमेंट अगस्त में श्रीलंका दौरा होगा, जहां भारत दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा। हालांकि,BCCI की ओर से अभी अधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की गई है। 1968 में असम के डिगबोई में जन्मे शुभदीप घोष दाएं हाथ के मध्यक्रम बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर रहे हैं।

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। तारोबा में 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की दूसरी पारी 120 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने 35 रन देकर 5 विकेट लिए। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। वहीं, पाकिस्तान की विदेशी सरजमीं पर यह लगातार आठवीं टेस्ट हार रही। चौथे दिन पाकिस्तान को जीत के लिए 211 रन चाहिए थे, लेकिन टीम 40.2 ओवर में 120 रन पर ऑलआउट हो गई। अजान आवैस (6) और सलमान आगा (0) लंच से पहले ही आउट हो गए। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और आमिर जमाल भी बड़ी पारी नहीं खेल सके।

# गुलवीर 10,000मीटर रेस में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय, हरजिंदर को वेटलिफ्टिंग में सिल्वर

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो

भारतीय खिलाड़ियों ने ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के 5वें दिन 2 सिल्वर मेडल जीत लिए। मंगलवार देर रात गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर की रेस में दूसरा स्थान हासिल किया। वे इस इवेंट में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बने।

इससे पहले महिला वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर ने कुल 227 किलो वजन उठाकर सिल्वर जीता। भारत के 3 मुक्केबाजों ने भी अपने मैच जीतकर मेडल पक्के कर लिए हैं। तीनों सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

गुलवीर और हरजिंदर के सिल्वर के बावजूद भारत मेडल टैली में नौवें नंबर पर खिसक गया है। भारत ने अब तक 2 गोल्ड समेत कुल 12 मेडल जीते हैं। भारत एक दिन पहले टैली में 8वें नंबर पर था। ऑस्ट्रेलिया 35 गोल्ड लेकर कुल 80 मेडल जीतकर टॉप पर बना हुआ है। गुलवीर ने स्कॉटस्टाउन स्टेडियम




में भारी बारिश और गीले ट्रैक में 27:49.78 सेकंड का समय निकाला। ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने गोल्ड और आइल ऑफ मैन मुल्लार्की ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 27 साल के गुलवीर सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के सिरसा गांव के रहने वाले हैं और भारतीय सेना में नायब सूबेदार हैं। उन्होंने सेना में भर्ती की तैयारी के लिए दौड़ना शुरू किया था। 2018 में ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल होने के बाद उन्होंने एथलेटिक्स को गंभीरता से अपनाया। रेस के अंतिम लैप की शुरूआत में गुलवीर चौथे स्थान पर थे, लेकिन शानदार वापसी करते हुए सिल्वर मेडल जीत लिया। वेटलिफ्टर हरजिंदर कौर ने महिलाओं की 69 किलो वेट कैटेगरी में 227 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय**
10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### बैंककर्मी गर्लफ्रेंड का गला घोंटा फिर पेट्रोल छिड़क कर जलाया

**इंदौर।** इंदौर के तपेश्वरी बाग क्षेत्र में रहने वाली 26 वर्षीय बैंककर्मी पलक केशव की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने दतिया से आरोपी मयंक शाक्य को पकड़ा है। प्रारंभिक पूछताछ में मयंक ने शादी नहीं करने की बात से नाराज होकर पलक का गला घोंट कर हत्या करने की बात कबूली है। शनिवार रात हरदा जिले के टिमरनी की रहने वाली पलक का शव उसके किराए के कमरे में मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी मनोज सेंधव की टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और कॉल डिटेल्स निकालीं। घटना से एक दिन पहले पलक से मिलने आए युवक की पहचान दतिया निवासी मयंक शाक्य के रूप में हुई। मयंक और पलक 5 वर्षों से एक-दूसरे से संपर्क में थे। मयंक उससे शादी करना चाहता था, लेकिन पलक इसके लिए तैयार नहीं थी। शादी से इनकार करने पर नाराज मयंक दतिया से इंदौर पहुंचा। दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने पलक का गला घोंट दिया।

### तांत्रिक क्रिया का डर दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले रिश्तेदार पर केस

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म, तांत्रिक क्रिया के नाम पर डराने-धमकाने और एआई की मदद से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने छात्रा के रिश्तेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। राऊ पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर सचिन नामदेव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि अप्रैल 2026 में उसने पीड़िता को घर में अकेला पाकर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह लगातार तांत्रिक क्रिया का भय दिखाकर उसे धमकाता रहा। आरोपी की धमकियों से भयभीत होकर छात्रा ने स्कूल जाना भी बंद कर दिया। जब उसकी मां ने कारण पूछा तो उसने पूरी घटना बताई। पुलिस के अनुसार पीड़िता का परिवार पहले गुजरात में रहता था। आरोपी सचिन ने परिवार को भूत-प्रेत बाधा का डर दिखाया और कामकाज ठीक नहीं चलने का हवाला देकर इंदौर आने के लिए तैयार किया।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार पुलिस के स्टॉपर तोड़कर चेकिंग पॉइंट से फरार

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सवार पुलिस की चेकिंग तोड़कर फरार हो गया। आरोपी ने बैरिकेडिंग के लिए लगाए गए पुलिस स्टॉपर को टक्कर मारकर तोड़ दिया और मौके से भाग निकला। गनीमत रही कि ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई। मामले में थाना प्रभारी ने स्वयं शिकायत दर्ज कराते हुए स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव ने बताया कि स्टार चौराहे पर नियमित वाहन और शराब जांच अभियान चलाया जा रहा था। देर रात करीब एक बजे तीन-चार पुलिसकर्मी स्टॉपर लगाकर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान काले रंग की एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां पहुंची। पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने वाहन रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और स्टॉपर को टक्कर मारते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों ने वायरलेस सेट पर वाहन की सूचना प्रसारित की, लेकिन चालक हाथ नहीं लगा।

### चोरी के शक में दो युवकों की बेरहमी से पिटाई, हाथ-पैर बांधकर सड़क पर पटका

**इंदौर।** केसरबाग रेलवे ब्रिज के पास दो युवकों की चोरी के शक में बेरहमी से पिटाई का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दोनों युवकों के हाथ-पैर बांधकर उन्हें सड़क पर पटकते और लोगों द्वारा मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, पुलिस ने फिलहाल इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वायरल वीडियो को गायत्रीनगर क्षेत्र का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक नशे के आदी हैं और एक घर में चोरी की नीयत से घुसे थे। उस समय घर में एक महिला अकेली थी। महिला के शोर मचाने पर दोनों युवक भागकर रेलवे ब्रिज की ओर पहुंचे, जहां लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और जमकर पीट दिया। अन्नपूर्णा थाना प्रभारी हित गोपाल यादव ने बताया कि उनके पास इस तरह की किसी घटना की आधिकारिक शिकायत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि केसरबाग क्षेत्र का कुछ हिस्सा राजेंद्र नगर और कुछ हिस्सा जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में आता है।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर टैंकर पलटा, लोगों ने लूटा डीजल, 4 घंटे प्रभावित रहा ट्रैफिक

**झाबुआ।** झाबुआ के पास बुधवार सुबह 11 बजे डीजल ले जा रहा टैंकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर से डीजल बहने लगा। इसकी खबर फैलते ही आसपास के गांव वाले बाल्टी, डिब्बे और जग लेकर आ गए और भर-भर कर ले जाने लगे। इस बीच किसी ने रावटी पुलिस और एक्सप्रेस-वे मैनेजमेंट को सूचना दे दी। पुलिस और मैनेजमेंट टीम ने आकर लोगों को भगाया और बैरिकेडिंग कर रास्ता रोका। घटना दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेस-वे पर माही नदी पुल के पास की बताई जा रही है। पुलिस ने क्रेन से टैंकर को हटाया। इस बीच करीब 4 घंटे तक ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे में टैंकर ड्राइवर के हाथ में काफी चोट आई है। पुलिस के पहुंचने के पहले ही लोगों ने एम्बुलेंस से टैंकर ड्राइवर को रतलाम मेडिकल अस्पताल भिजवाया। यह हादसा कैसे हुआ? अभी यह पता नहीं चल पाया है। जब तक एक तरफ का रूट बंद था, दूसरी तरफ से वाहन निकाले गए। मामले में अब तक किसी के खिलाफ केस दर्ज नहीं हुआ है।

### गांजा तस्करी में शामिल कुख्यात चेतन नाथ का साथी अंकित यादव गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की द्वारकापुरी पुलिस ने कुख्यात बदमाश चेतन नाथ के एक और साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चेतन के साथ मिलकर गांजे की तस्करी करता था। पुलिस ने करीब एक माह की तलाश के बाद बुधवार को उसे गिरफ्तार किया। मामले में अब भी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अंकित पुत्र अशोक यादव निवासी बालदा कॉलोनी है। कुछ दिन पहले द्वारकापुरी पुलिस ने चेतन नाथ को भारी मात्रा में 8 किलो गांजा, एमडी ड्रग्स और 19 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चेतन ने अपने तीन साथियों के नाम बताए थे, जिनमें अंकित भी शामिल था। पुलिस के मुताबिक अंकित यादव के खिलाफ पहले से 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अवैध नशे के कारोबार, मारपीट और अन्य अपराध शामिल हैं। चेतन नाथ से पूछताछ के आधार पर पुलिस उसके अन्य दो साथियों की तलाश कर रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## नैनो न्यूज


- इंदौर-पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की ऑटो कंपोनेंट और इंजीनियरिंग कंपनियां विदेशी बाजारों से नए ऑर्डर मिलने की संभावना जता रही हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि निर्यात मांग बढ़ने से उत्पादन और रोजगार दोनों में वृद्धि होगी।
- प्रदेश में प्रस्तावित 6,200 करोड़ रु. की सेमीकंडक्टर पैकेजिंग परियोजना का लाभ इंदौर और पीथमपुर के इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सप्लाई चेन उद्योगों को भी मिलने की उम्मीद है। इससे सहायक उद्योगों में निवेश बढ़ सकता है।
- सराफा बाजार में कारोबार सामान्य, निवेशकों की नजर वैश्विक संकेतों पर, बुधवार को इंदौर के सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में सीमित उतार-चढ़ाव रहा। कारोबारी अब अमेरिकी फेड के फैसलों और अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुख पर नजर बनाए हुए हैं।
- इंदौर में उखड़ी 62 लाख रुपए से बनी सड़क: मौके पर ही बुलाई मोबाइल टेस्टिंग लैब, ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी।

कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम ने कॉलोनी के लोगों की समस्या का अब तक स्थायी समाधान नहीं किया

# नलों से निकल रहे काले और बदबूदार पानी से 400 परिवार दो माह से परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा के बाद मुसाखेड़ी क्षेत्र स्थित अजय बाग कॉलोनी के करीब 400 परिवार पिछले दो महीने से दूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। नर्मदा लाइन से आने वाला पानी काला और बदबूदार होने के कारण रहवासियों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है।





रहवासियों के अनुसार सुबह पानी की सप्लाई शुरू होने के बाद करीब 15 मिनट तक नलों से काला पानी निकलता है। इस पानी से गटर जैसी दुर्गंध आती है, जिससे लोग इसे पीने और घरेलू उपयोग में लेने से भी डर रहे हैं। उनका कहना है कि दूषित पानी के कारण कई परिवारों के सदस्य बीमार भी पड़ रहे हैं।

अजय बाग कॉलोनी नगर निगम के जोन-18, वार्ड क्रमांक-52 में आती है। कॉलोनी में अधिकांश घरों में बोरिंग की सुविधा नहीं है। ऐसे में रहवासी पूरी तरह नर्मदा जलापूर्ति पर निर्भर हैं। मजबूरी में लोगों को या तो दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है या फिर पीने के लिए बाहर से पानी खरीदना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और नगर निगम के 311 ऐप पर कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन बिना स्थायी समाधान किए शिकायतों का निराकरण दिखाकर उन्हें बंद कर दिया गया।

### पाइपलाइन की जांच की मांग

- कॉलोनी के रहवासी ओमप्रकाश शर्मा, अजय वर्मा और एडवोकेट राजेश यादव ने बताया कि पिछले दो महीनों से स्थिति लगातार बनी हुई है। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर नर्मदा जलापूर्ति लाइन की जांच करे और दूषित पानी की समस्या का जल्द समाधान सुनिश्चित करे।
- रहवासियों का कहना है कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष सामूहिक विरोध दर्ज कराएंगे।

आधुनिक तकनीक के साथ संगीत की शिक्षा सीखने का नया दौर शुरू होगा

# 16 करोड़ से बन रहा लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय रिकॉर्डिंग स्टूडियो सहित 400 सीटों का ऑडिटोरियम भी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

संगीत की शिक्षा अब सिर्फ सुर और ताल तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक के साथ सीखने का नया दौर शुरू होगा। इंदौर में बनने जा रहा लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय प्रदेश के चुनिंदा आधुनिक संगीत संस्थानों में शामिल होगा। करीब 16 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली नई जी+3 इमारत में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधाओं के बीच संगीत और नृत्य की शिक्षा मिलेगी।




करीब छह दशक पुराने महाविद्यालय की इमारत को तोड़ दिया गया है और फिलहाल उसका मलबा हटाने का काम चल रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने तक कॉलेज को अस्थायी रूप से पास स्थित संस्कृत महाविद्यालय में संचालित किया जा रहा है। संस्कृति विभाग ने नई बिल्डिंग के निर्माण की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग (एमपीटी) को सौंपी है। लक्ष्य है कि भवन का निर्माण सिंहस्थ से पहले पूरा कर लिया जाए।

**साउंड प्रूफ रिकॉर्डिंग रूम होगा-** प्रशासनिक अधिकारी डॉ. निखिल बड़ौदिया ने बताया कि नई बिल्डिंग की सबसे बड़ी खासियत इसका 400 सीटों वाला आधुनिक ऑडिटोरियम होगा, जहां संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक आयोजन हो सकेंगे। विद्यार्थियों को पहली बार साउंड-प्रूफ रिकॉर्डिंग रूम, आधुनिक तबला विभाग, ग्रीन रूम, अत्याधुनिक डांस स्टूडियो और अन्य विशेष प्रशिक्षण कक्ष मिलेंगे। बहुमंजिला भवन में विद्यार्थियों और वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी। अब तक महाविद्यालय में आधुनिक रिकॉर्डिंग की सुविधा नहीं थी। नई बिल्डिंग तैयार होने के बाद छात्र-छात्राएं पेशेवर माहौल में संगीत की रिकॉर्डिंग, अभ्यास और प्रस्तुति का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। इससे उन्हें संगीत उद्योग की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण मिलेगा।

- **लता मंगेशकर के निधन के बाद बदला था संस्थान का नाम-** यह महाविद्यालय वर्ष 1965 से पुराने भवन में संचालित हो रहा था। स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन के बाद उनके सम्मान में संस्थान का नाम बदलकर लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय रखा गया।
- **चौथी कक्षा से बच्चों के लिए डिप्लोमा शुरू-** महाविद्यालय की एक और विशेषता यह है कि यहां कक्षा चौथी से ही बच्चे संगीत का डिप्लोमा शुरू कर सकते हैं। आगे स्नातक स्तर तक पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर कई विद्यार्थी शासकीय सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना चुके हैं। कम फीस और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के कारण यह संस्थान वर्षों से संगीत सीखने वालों की पहली पसंद रहा है।

मांगों को लेकर सड़क पर उतरे कर्मचारी

# मंत्री विजयवर्गीय के घर जाने को निकले, पुलिस ने रास्ते में रोका



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अपनी लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को संयुक्त सफाई कर्मचारी कामगार संघर्ष मोर्चा और वाल्मीकि सेना के बैनर तले बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निवास तक रैली निकालने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें लैंटर्न चौराहे पर बैरिकेड लगाकर रोक दिया।

मंत्री के शहर से बाहर होने की जानकारी मिलने पर प्रदर्शनकारियों ने वहीं रैली समाप्त कर दी। वाल्मीकि सेना के प्रदेश अध्यक्ष राजेश धौलपुरे ने बताया कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कल्याणे पिछले 12 दिनों से रीगल चौराहे पर भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनका कहना है कि नगर निगम में पिछले 28 वर्षों से कार्यरत अस्थायी सफाई कर्मचारियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है। इसी मांग को लेकर वे मंत्री से मिलने जा रहे थे। धौलपुरे ने बताया कि नगर निगम के प्रतिनिधियों से चर्चा हुई, लेकिन नियमितीकरण के मुख्य मुद्दे पर सहमति नहीं बन सकी। उन्होंने कहा कि 11 मांगों में से सात बिंदुओं पर सहमति बनी, लेकिन स्थायीकरण के मुद्दे पर स्पष्ट जवाब नहीं मिलने के कारण आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक दलों का समर्थन मिल रहा है।

मकान के नीचे संचालित तीन दुकानों के किराएदारों ने भी निगम की कार्रवाई से पहले दुकानें खाली कर दी थी

# एक महीने का नोटिस, फिर चली जेसीबी: 100 साल से भी ज्यादा पुराना मकान ढहाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बारिश के मौसम में संभावित हादसे को टालने के लिए नगर निगम ने बुधवार को मल्हारगंज इलाके में 100 साल से ज्यादा पुराने जर्जर मकान को जेसीबी से ढहा दिया। निगम ने मकान मालिक को एक महीने पहले नोटिस दिया था। मकान के नीचे संचालित तीन दुकानों के किराएदारों ने भी निगम की कार्रवाई से पहले दुकानें खाली कर दी थीं। मकान के सामने रोड है जहां से रोजाना हजारों वाहन व पैदल राहगीर गुजरते हैं।





जोन-20 के बिल्डिंग ऑफिसर प्रभात तिवारी ने बताया कि एमजी रोड स्थित एक ज्यूस सेंटर के पास मकान नंबर-209 काफी जर्जर हालत में था। यह मकान करीब 100 साल से भी अधिक पुराना था और इसके गिरने का खतरा बना हुआ था। इसी को देखते हुए मकान मालिक को एक माह पहले नोटिस देकर भवन हटाने के निर्देश दिए गए थे।

### समय पर नहीं हटा पाए मकान

बिल्डिंग ऑफिसर ने बताया नोटिस के बाद मकान मालिक ने मकान को तोड़ने का काम भी शुरू कर दिया था। मगर वे समय पर मकान नहीं तोड़ पाए और काम बंद कर दिया था। जिसके चलते नगर निगम की टीम ने बारिश की स्थिति को देखते हुए ऐहतियात के चलते ये कार्रवाई की और मकान को जमींदोज किया। कार्रवाई के दौरान दोनों तरफ से ट्रैफिक रोक दिया गया था।

### मंगलवार रात खाली करा ली थीं दुकानें

यहां पर तीन दुकानों में किराएदार भी थे, जिन्होंने नगर निगम की कार्रवाई के पहले ही यानी मंगलवार रात को ही दुकानों को खाली कर दिया था। जिसके बाद आज निगम के अमला यहां पहुंचा और मकान को तोड़ दिया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम की रिमूवल टीम के साथ-साथ पुलिस बल भी यहां मौजूद रहा।

# ऑपरेशन के तीन दिन बाद ब्यूटी पार्लर संचालिका की मौत

## परिजनों ने गलत सर्जरी का आरोप लगाया, डॉक्टर ने कहा- मरीज का गुर्दा पहले से कम काम कर रहा था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खुड़ैल थाना क्षेत्र स्थित नोबल अस्पताल में पथरी के ऑपरेशन के तीन दिन बाद 25 वर्षीय ब्यूटी पार्लर संचालिका पूजा सिसोदिया की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। मंगलवार को पूजा के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूधिया निवासी पूजा सिसोदिया को 22 जुलाई को पथरी के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार 23 जुलाई को डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद पूजा का यूरिन आना बंद हो गया। इसकी जानकारी डॉक्टर को दी गई, लेकिन उन्हें बताया गया कि स्थिति सामान्य है और जल्द ठीक हो जाएगी।

परिजनों का आरोप है कि तबीयत लगातार बिगड़ने पर 25 जुलाई को पूजा को जूनी इंदौर स्थित एवीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने संक्रमण (इन्फेक्शन) होने की जानकारी दी। अगले दिन 26 जुलाई को उनकी हालत और गंभीर हो गई तथा उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन) सर्जरी की जानकारी दी गई थी, जबकि बाद में ओपन सर्जरी किए जाने की बात सामने आई। पूजा का आठ वर्षीय बेटा है। पति से तलाक के बाद वह मायके में रहकर ब्यूटी पार्लर संचालित कर परिवार का पालन-पोषण कर रही थीं। उनके पिता का भी चार महीने पहले निधन हो चुका है। मामले में जूनी इंदौर थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है। एमवाय अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसकी वीडियोग्राफी भी की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट करीब एक महीने में आने की संभावना है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ऑपरेशन करने वाले डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई। उनके अनुसार पूजा का एक गुर्दा पहले से ही कम कार्य कर रहा था, जिसके कारण बाद में डायलिसिस की आवश्यकता पड़ी।



होटल लक्ष्य
पंजाबी, साउथ इंडियन, चायनिज
आवश्यकता है
अनुभव 5 साल
होटल मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग या ड्राइवर के लिए आवश्यक है
होटल मैनेजमेंट सैलरी: 15000 से 20000 रु.
हाउसकीपिंग सैलरी: 15000 से 20000 रु.
ड्राइवर सैलरी: 15000 से 20000 रु.
लग गई लाटरी! 2400 Sq. Feet Rooftop रेस्टोरेंट
5 लाख से 7 लाख लगाने पर
1000000 रु. महीने कमाएं
पता: आगर रोड मंडी गेट के सामने, डोमिनोस वाली बिल्डिंग, उज्जैन
सम्पर्क: 9826398272

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com